हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

राज्यसभा उपचुनाव की अधिसूचना जारी

2 नवंबर तक होंगे नामांकन पहले दिन नामांकन नहीं



भोपाल। मध्य प्रदेश से राज्यसभा की रिक्त एक सीट पर उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई, लेकिन पहले दिन किसी ने नामांकन दाखिल नहीं किया। यह सीट डॉ. एल. मुरुगन के 14 अक्टूबर को राज्यसभा सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद रिक्त हुई है। उनका कार्यकाल 3 अप्रैल 2030 तक था।



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

खबर संक्षेप

मप्र हाईकोर्ट में सात अधिवक्ता बनेंगे जज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने मप्र हाईकोर्ट में सात अधिवक्ताओं को न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। सोमवार को हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया। सिफारिश किए गए अधिवक्ताओं में विवेक शरण, राजेश कुमार शुक्ला, कनक गहरवार उर्फ कनक लता सिंह, भक्ति व्यास, श्रेयस पंडित, मृणाल एल्कर उर्फ मृणाल मजूमदार और अविनाश जरगर शामिल हैं। ये सिफारिशें केंद्र सरकार को भेजी जाएंगी। फिर राष्ट्रपति की ओर से नियुक्ति संबंधी अधिपत्र जारी होगा।

सीएम हाउस में हुई कोर ग्रुप की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर महामंथन

राज्यसभा के दावेदारों में कई दिग्गजों के नाम

भाजपा के कोर ग्रुप ने राज्यसभा के लिए भेजा 5 नामों का पैनल

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

तीन दिन के अंदर भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति एक नाम पर मुहर लगा कर राज्यसभा के लिए आधिकारिक नाम की घोषणा कर सकती है

मुख्यमंत्री निवास में सोमवार को मध्य प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप की एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल व संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी के नेतृत्व में हुई इस बैठक में कई अहम सियासी व रणनीतिक प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन के इस्तीफे से खाली हुई प्रदेश की एकमात्र राज्यसभा सीट पर होने वाला उपचुनाव रहा। इस सीट के लिए सोमवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही कोर ग्रुप ने संभावित प्रत्याशियों पर विस्तृत मंथन किया। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने स्पष्ट किया कि 4 से 5 संभावित ▶▶ शेष पेज 4 पर

बाहर का नेता भी जा सकता है राज्यसभा पैनल में प्रदेश के नेता भी



- **बैठक में 3 बड़ी रैलियों और सरकारी समन्वय पर हुए अहम फैसले**
- **केंद्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय के साथ राज्य के एक-एक सांसद को लिंक किया जाएगा**

कांग्रेस के नैरेटिव का जवाब देने के लिए आक्रामक रुख

संगठनात्मक मोर्चे पर भाजपा ने कांग्रेस के नैरेटिव का जवाब देने के लिए आक्रामक रुख अपनाने का फैसला किया है। पार्टी प्रदेश में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत भोपाल, इंदौर और जबलपुर में तीन विशाल रैलियां आयोजित करेगी। इन ▶▶ शेष पेज 4 पर

बैठक में एक अभिनव मॉडल पर सहमति

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई अनुचित बयानबाजी को लेकर बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रशासनिक और जनहितैषी समन्वय को मजबूत करने के लिए कोर ग्रुप ने एक अभिनव मॉडल पर सहमति जताई। इसके तहत केंद्र सरकार के प्रत्येक मंत्रालय के साथ राज्य के एक-एक सांसद को लिंक किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री के निर्देशन में मंत्रियों की विशेष टीमें गठित होंगी, जो केंद्रीय योजनाओं की स्वीकृतियों और क्रियान्वयन में तेजी लाकर प्रदेश के विकास को गति देंगी। इसके अलावा यूनिफॉर्म सिविल कोड के संदर्भ में विचार-विमर्श के साथ सरकार और जन प्रतिनिधियों के कार्यों की पारदर्शिता पर भी जोर दिया गया। विधायकों और सांसदों की उपलब्धियों को सीधे सार्वजनिक पोर्टल पर अपलोड करने की योजना बनाई गई ताकि जनता तक रिपोर्ट कार्ड सीधे पहुंचे।

राज्यसभा के लिए ये हैं प्रमुख दावेदार

बाहरी में दक्षिण भारत का मजबूत चेहरा तमिलनाडु की वरिष्ठ नेत्री, पूर्व विधायक वनथी श्रीनिवासन का नाम सबसे आगे चल रहा है। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और मद्रास आईआईटी के निदेशक, प्रोफेसर वी कामकोटि भी दावेदारों में शामिल हैं। प्रदेश के दावेदारों में भाजपा अजा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजपा ▶▶ शेष पेज 4 पर

ईसी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किया हलफनामा

एसआईआर के फैसले सर्वसम्मति से हुए, फॉर्म 6 में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जारी विवाद के बीच चुनाव आयोग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में 15 बिंदुओं वाला जवाबी हलफनामा दाखिल किया। आयोग ने मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि एसआईआर से संबंधित फैसले सर्वसम्मति से लिए गए थे। आयोग के अनुसार, मतदाता पंजीकरण के लिए इस्तेमाल होने वाले फॉर्म-6 में कोई संशोधन नहीं किया गया है। हलफनामे को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू तथा विवेक जोशी ने सर्वसम्मति से मंजूरी दी। यह मामला राहुल गांधी और विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के अन्य नेताओं की याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं ने ▶▶ शेष पेज 4 पर



मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोप खारिज किए, सुनवाई आज

महू एसडीएम पर हाईकोर्ट ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

- जमीन से जुड़ी रोक हटाने पर सवाल
- 7 दिन में राशि जमा करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने महू के एसडीएम राकेश परमार को कड़ी फटकार लगाते हुए 50 हजार रुपए की कॉस्ट लगाई है। जमीन विवाद से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के दौरान एसडीएम के आदेश पर सवाल उठाए गए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि जुर्माने की राशि 7 दिन के भीतर मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में जमा कराई जाए। इसकी रसीद हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में पेश करनी ▶▶ शेष पेज 4 पर



मादा चीता निर्वा का शावक मुरैना के जंगल में घायल मिला

श्योपुर। साउथ अफ्रीका से लाई गई माता चीता निर्वा का 19 माह का नर शावक मुरैना जिले के नूराबाद के जंगल में घायल अवस्था में मिलने से सनसनी ने फैल गई। जानकारी मिलने के बाद कूनो प्रशासन ने रेडियो कॉलर सिग्नल कम मिलने के कारण पहले रेस्क्यू कर शावक को खोजा और बाद में ट्रेंकुलाइज कर कूनो वापस लाने का काम किया गया। जानकारी के अनुसार मुरैना जिले के पहाड़गढ़ नूराबाद जंगल क्षेत्र में निर्वा का 19 माह का नर शावक घायल अवस्था में मिला। भारत में जन्मा यह नर शावक किन कारणों से घायल हुआ इसकी सटीक जानकारी फिलहाल नहीं मिल सकी है शावक के शरीर पर तेंदुआ के हमले के निशान मिले बताए जा रहे हैं। घायल शावक को इलाज और गहन निगरानी के लिए कूनो नेशनल पार्क के पालपुर स्थित हॉस्पिटल क्वारंटाइन बोमा में रखा गया है। आशंका तेंदुए से संघर्ष या शिकार के दौरान चोट की है। चीता प्रोजेक्ट के फील्ड निदेशक ने बताया कि चोटों का इलाज चल रहा है। चोटों का कारण पता लगाया जा रहा है। चीते की हालात के बारे में सभी संभावित एंगल से जांच की जा रही है।



■ टीम रेस्क्यू कर कूनो में वापस लाई



एमवीएम कॉलेज परिसर में आयोजित किया जा रहा है स्वदेशी मेला, खंडेलवाल ने कहा...

स्वदेशी वस्तुएं खरीदने से छोटे उद्यमियों को मिलता है प्रोत्साहन



स्वदेशी मेले को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी वस्तुएं खरीदना केवल खरीदारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे छोटे उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलता है। जब हम स्वदेशी उत्पाद खरीदते हैं, तो उस उत्पाद को बनाने में लगे लोगों के श्रम और उद्यम को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। यह बात स्वदेशी मेले के तीसरे दिन मुख्य अतिथि और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कही। शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर में स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन की ओर से 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक आयोजित मेले में देश में बने उत्पादों के स्टॉल लगाए गए हैं। खंडेलवाल ने लोगों से अपील की कि कोई भी सामान खरीदने से पहले एक मिनट रुककर यह जरूर सोचें कि उसे बनाने में अपने देश के लोगों का कितना श्रम लगा है। यदि हम स्वदेशी उत्पादों को अपनाएंगे, तो उनके निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।


मुख्य अतिथि की बातें सुनते पदाधिकारी और अन्य अतिथि।

छोटे शिल्पकारों को स्वावलंबन का अवसरः आर्य

भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि देशभर में स्वदेशी मेले के माध्यम से छोटे उद्यमियों और शिल्पकारों को स्वावलंबी बनने का अवसर मिल रहा है। इन मंचों से जुड़े लोग राष्ट्रसेवा का कार्य कर रहे हैं और उनके प्रयासों से हजारों लोगों को रोजगार तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर को खादी अपनाने का आह्वान किया था। महात्मा गांधी भी खादी को बढ़ावा देते थे। प्रधानमंत्री के आह्वान से छोटे कलाकारों और शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिला है और उनका आत्मविश्वास बढ़ा है।

स्वदेशी अपनाना राष्ट्रभक्ति का हिस्साः अनिल श्रीवास्तव

अभा ग्राहक पंचायत के मध्य भारत प्रांत के उपाध्यक्ष एवं अतिथि अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन के अंतर्गत स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी अपनाने की परंपरा पुरानी है। श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 1992 में उदारीकरण का दौर शुरू होने पर दत्तोपंत ठेंगड़ी ने इसके सांस्कृतिक प्रभावों को लेकर चिंता जताई थी। प्रधानमंत्री ने भी विदेशी बाजारों के प्रभाव से बचने के लिए स्वदेशी अपनाने की बात कही है। स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करना राष्ट्रभक्ति का एक रूप है।


मेले में खरीदारी करते हेमंत।

स्वदेशी मेले में श्लोक, भगवान के नाम और दोहा प्रतियोगिता आयोजित

मेले के तीसरे दिन के कार्यक्रम में श्लोक, भगवान के नाम और दोहा प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता की प्रभारी अनीता आर्य और सह प्रभारी निवेदिता व्यास रहीं। मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम की प्रभारी मनीषा चौरसिया रहीं। प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के अलग-अलग क्षेत्रों की लोक नृत्य परंपराओं को मंच पर प्रदर्शित किया गया।

आज के कार्यक्रम और अतिथि

मंगलवार के सांस्कृतिक कार्यक्रम मे हम और हमारा देश विषय पर होगा, जिसमे कथक, गायन व निय- देवी स्तुति युगल और देश भक्ति- एकल होंगे। अतिथि के रूप में रावत पूरा सरकार, मंत्री सम्पतिया उइके, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरुआ, योग आयोग के अध्यक्ष राघवेन्द्र शर्मा, सेज ग्रुरप के संजीव अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

रामायण के रचयिता महर्षि की प्रतिमा पर फूलों की वर्षा, आकर्षक झांकियां निकलीं

समाज के मंदिरों में समाज के श्रद्धालुओं ने किया पूजा-आरती का विशेष आयोजन

महर्षि वाल्मीकि प्राकट्योत्सव, निकला चल समारोह, मंदिरों में हुई विशेष पूजा


इतवारा से महर्षि वाल्मिकी का चल समारोह निकाला गया।


वाल्मिकी मंदिर में पूजा करते अतिथि।

शहर में अनेक स्थानों पर हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महाकाव्य रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सोमवार को शहर में अनेक स्थानों पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। महर्षि के प्रकटोत्सव पर चौकी इमामबाड़ा स्थित वाल्मीकि मंदिर में विशेष पूजा-हवन आरती की गई। इतवारा व जहांगीराबाद व शाहजहांनाबाद क्षेत्र के वाल्मीकि समाज के मंदिरों में भी समाज के लोगों ने पूजा-आरती की। स्बरखोड़ी स्थित वाल्मीकि मंदिर में महर्षि की पूजा आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। श्री सकल वाल्मीकि पंचायत वृत्त भोपाल तख्त द्वारा रामायण के रचयिता एवं आदि कवि महर्षि वाल्मीकि जी का प्रकाश प्रकटोत्सव सोमवार को भोपाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चल समारोह भी निकाला गया। इसमें कई झांकियां व बैंड शामिल थे।

सकल वाल्मीकि पंचायत के रवि चौधरी ने बताया कि चौकी इमाम बाड़ा, शर्मा कॉलोनी, कबीटपुरा, बरखेड़ी, जहांगीराबाद, टीटी नगर सहित भोपाल की सभी वाल्मीकि बस्तियों में महर्षि वाल्मीकि का प्रकाश प्रकटोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। शाम 4 बजे इतवारा से भव्य चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह चौक बाजार, लखेरापुरा, भवानी चौक, सोमवारा, इमामी गेट और नूर महल सहित प्रमुख मार्गों से होते हुए चौकी इमाम बाड़ा स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचा, जहां इसका समापन हुआ।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन, अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी शाक्यवार, ओपी गोदिया, अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यालय मंत्री अमर उंटवाल, दिनेश भारती, सुमित अहिरवार एवं सुंदरलाल वर्मा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक सबनानी एवं महापौर मालती राय सहित गणमान्य अतिथियों ने की पूजा-अर्चना

धूमधाम से मनाई सुनार समाज के आराध्य देव अजमीढ़ देव जयंती





भोपाल। सुनार समाज के आराध्य देव अजमीढ़ देव की जयंती के अवसर पर सोमवार को भोपाल के स्वर्णकार उद्यान, प्रोफेसर कॉलोनी में जयंती उत्सव समारोह श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी एवं भोपाल की महापौर मालती राय ने अजमीढ़ देव की पूजा-अर्चना की। समारोह में करेली के पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, अखिल भारतीय स्वर्णकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सर्राफ (सोनी), समाज कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष ओपी सोनी सहित अनेक वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे।

एक महत्वपूर्ण अवसर...

दुर्गेश सोनी, पूर्व अध्यक्ष, मप्र स्वर्णकार बोर्ड (कैबिनेट मंत्री श्रेणी) ने कहा कि अजमीढ़ देव जी की जयंती समाज की धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण अवसर है।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रामायण केंद्र में 'आदिकाव्य और आदिकाव्य' विमर्श

राम शब्द इतना पवित्र कि 'र' कहने से ही मिल जाती है मुक्ति



रामायण केंद्र में कार्यक्रम के दौरान अपनी बात कहतीं साध्वी पीतांबरा नांदगिरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रामायण केंद्र के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 'आदिकाव्य और आदिकाव्य' विमर्श समारोह दुष्यंत संग्रहालय में पद्मश्री विभूषित डॉ. नारायण व्यास की अध्यक्षता, साध्वी पीताम्बरा नांदगिरी के मुख्य आतिथ्य तथा मानस मर्मज्ञ डॉ. राजेश श्रीवास्तव के सानिध्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी अनिलानंद सारस्वत अतिथि, महेश सक्सेना डॉ. मोहन तिवारी 'आनंद', रामराव वामनकर, सुरेश पटवा विशिष्ट अतिथि रहे। मनस्वी तोलानी द्वारा गणेश और सरस्वती वंदना उपरांत सांस्कृतिक प्रस्तुति अंतर्गत राज रंजन संगीत साधना केंद्र द्वारा सामूहिक तबला वादन एवं भजन, अहान शर्मा, विहान शर्मा द्वारा लव कुश एकल अभिनय के बाद चांदनी गोस्वामी मेघा बघेल नृत्य प्रस्तुति को लोगों में खूब सराहा।

राम के बारे में शोधपूर्ण बातें...

कार्यक्रम में सुरेश पटवा ने बीज वक्तव्य दिया। डॉ. नारायण व्यास ने कहा कि श्री राम के बारे में शोधपूर्ण बातें सुनकर अभिभूत हूं। साध्वी पीताम्बरा नांदगिरी ने कहा कि राम का नाम इतना पवित्र है कि सिर्फ 'र' कहने मात्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। स्वामी अनिलानंद कहा कि यदि व्यक्ति रामायण को जीवन में उतार ले तो उसे फिर स्वर्ग की आवश्यकता नहीं रह जाती। कार्यक्रम को मानस मर्मज्ञ डॉ. राजेश श्रीवास्तव, डॉ. मोहन तिवारी 'आनंद', रामराव वामनकर, महेश सक्सेना ने भी संबोधित किया। संचालन रामायण केंद्र की सचिव डॉ अनुभूति शर्मा ने तो आभार प्रदर्शन संयुक्त सचिव रूपाली सक्सेना ने किया।

गुवाहाटी, प्रयागराज, हैदराबाद और भोपाल रीजन के छात्र-छात्राओं ने प्राप्त किए सबसे ज्यादा पुरस्कार

15 राज्यों के संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने 29 प्रतिस्पर्द्धाओं में लिया हिस्सा

64 महर्षि संस्थानों के छात्रों ने किया कला कौशल का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



बच्चों को पुरस्कृत करते ब्रम्हचारी गिरीश व अन्य अतिथि।

महर्षि महेश योगी शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में गुवाहाटी, प्रयागराज, हैदराबाद और भोपाल रीजन के छात्र-छात्राओं ने सबसे ज्यादा पुरस्कार प्राप्त किए। गुवाहाटी रीजन को ऑल ओवर चैंपियनशिप का पुरस्कार मिला जबकि द्वितीय स्थान पर हैदराबाद रीजन रहा। पुरस्कार वितरण महर्षि संस्थान के प्रमुख ब्रह्मचारी गिरीश ने किए। इस सांस्कृतिक महोत्सव में 15 राज्यों से आए 64 महर्षि विद्या मंदिर स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने 29 प्रतिस्पर्द्धाओं में अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया।

लामा खेड़ा स्थित महर्षि योगी स्कूल परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में अंतिम दिन विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने राष्ट्रीय सांस्कृतिक और देशभक्ति थीम पर शास्त्रीय संगीत शास्त्रीय नृत्य शास्त्रीय गायन और विभिन्न प्रतिस्पर्धा में एक से बढ़कर एक रोचक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। साथ ही फ्लाइंग कला और सिद्धि का अद्भुत प्रदर्शन किया। ब्रह्मचारी गिरीश ने कहा कि इसलिए अन्य स्कूल और शिक्षण संस्थान तो बस ज्ञान का पात्र भरते हैं। लेकिन महर्षि संस्थान की हमारी प्रणाली में, यह पात्र का विस्तार करती है, उसे भरती है, और लगातार उसका विस्तार करती रहती है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख लोगों में महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. भुवनेश शर्मा; पीएंडए के अतिरिक्त निदेशक यतीश सक्सेना, अखिलेश श्रीवास्तव, टीएम और सिद्धि कार्यक्रम के राष्ट्रीय समन्वयक राम विनोद सिंह गौर और मंदिर स्कूल समूह के संयुक्त निदेशक आर्य नंद कुमार शामिल थे।

कार्तिक माह का हुआ शुभारंभ

सूर्योदय से पूर्व स्नान करने व दीप दान से मिलती है विशेष पुण्य की प्राप्ति

भोपाल। पवित्र कार्तिक माह का प्रारंभ ब्रह्ममुहूर्त में स्नान के साथ शुरू हो गया। एक माह तक चलने वाले स्नान का समापन 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के महास्नान के साथ होगा। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस माह में सूर्योदय से पूर्व स्नान करना और दान देना अत्यंत शुभ माना गया है। दीप दान का भी विशेष महत्व है। इस दौरान कई बड़े त्योहार व पर्व रहेंगे। पंडित दुबे ने बताया कि भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को समर्पित कार्तिक मास में बहुत महत्व है। इस माह रमा एकादशी, धनतेरस, दिवाली, नरक चतुर्दशी, भाई दूज, गोवर्धन पूजा, अक्षय नवमी, तुलसी विवाह जैसे प्रमुख व्रत त्योहार पड़ रहे हैं। वहीं कार्तिक मास के कुछ नियम भी बताए गए हैं। इस दौरान शहद, तिल, तिल का तेल, हींग, बैंगन, राजमा, उड़द की दाल (कोई भी खिचड़ी), करेला, तले हुए खाद्य पदार्थ जैसे समोसा और पकोड़े आदि का सेवन वर्जित है।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में खास पहल

उच्च शिक्षा विभाग आज आईआईटी, आइसर जैसे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ करेगा एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मंत्री इन्दर सिंह परमार की उपस्थिति में मंत्रालय में होगा एमओयू हस्ताक्षर एवं विनिमय समारोह

प्रदेश में आईआईटी, आइसर, ट्रिपल आईटी, एनआईडी आईआरसीटीसी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों के साथ शैक्षणिक सहयोग का होगा विस्तार

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा खास पहल की जा रही है। विभाग आज प्रतिष्ठित शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ एमओयू हस्ताक्षर एवं विनिमय समारोह का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की उपस्थिति में राजधानी स्थित मंत्रालय में आयोजित होगा। समारोह में अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा सहित सहभागी संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के साथ बढ़ेगा शैक्षणिक सहयोग

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही इस पहल के माध्यम से देश के अग्रणी संस्थानों, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान, यूजीसी-डीएई कंसोर्टियम फॉर साइंटिफिक रिसर्च, क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन तथा हार्टफुलनेस संस्थान के साथ शैक्षणिक साझेदारी बढ़ेगी।

एआई, डेटा साइंस आदि पर विशेष फोकस

इसका उद्देश्य वर्तमान में बदलती जरूरतों और तकनीकी परिदृश्य के अनुरूप प्रदेश के युवाओं को दक्ष बनाना है। इसके तहत कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा साइंस और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों में तकनीकी दक्षता प्रदान करने पर विशेष बल दिया जाएगा। साथ ही, प्राध्यापकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण और विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक इंटर्नशिप के माध्यम से कौशल विकास एवं क्षमता संवर्धन का कार्य किया जाएगा।

भेल कॉलेज के पूर्व विद्यार्थियों ने वार्षिक चर्चा में कीं यादें ताजा

देश-विदेशों में करियर बनाकर संस्था का बढ़ाया गौरव

चाय की चुस्कियों के साथ विद्यार्थियों ने बयां की अपने समय की स्मृतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को शिक्षा शोध, प्रशासन, राजनीति, चिकित्सा, पत्रकार रियल स्टेट, ट्रेवल टूरिज्म होटल, व्यवसाय, हाऊस वाईफ आदि क्षेत्रों के प्रतिनिधि पूर्व छात्र के रुप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने समय की स्मृतियां चाय की चुस्कियों के साथ बयां कीं। प्राचार्य डॉ. संजय जैन ने उपस्थित सभी पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी महाविद्यालय की पहचान उसके भवन से नहीं, बल्कि उसके विद्यार्थियों से होती है। उन्होंने हर्ष व्यक्त किया कि इस महाविद्यालय के पूर्व विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों में अध्ययन करने के बावजूद अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर देश, विदेशों में करियर बनाकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सेज यूनिवर्सिटी के डीजी ने बिताए पलों को ताजा किया

संयोजक डॉ दीक्षा बर्डे ने बताया कि पीजी डिप्लोमा टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट के पूर्व छात्र प्रशांत खानवलकर और उनकी पत्नी सुचित्रा खानवलकर ने कालेज के दिनों को याद करते मिली शिक्षा को अपने जीवन की राह माना। पत्रकार बृजेश जैन ने अपनी जीवनसंगिनी और आरती पटेल ने अपने जीवनसाथी इस महाविद्यालय से मिलने और कालेज के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण के संस्मरण सुनाए।

संघर्षों को किया याद

पूर्व छात्र रमाकांत पवार तथा प्रकाश चौकसे ने छात्र राजनीति व छात्रसंघ पदाधिकारी के रूप मे कालेज विकास के लिए किए संघर्षों को याद याद किया। वहीं सेज यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल डॉ. आशीष दत्ता ने अपने समय के शिक्षकों के साथ बिताए पलों को ताजा किया। हीरा मकोरिया ने अफसोस व्यक्त किया कि उनके समय कालेज का इतना अच्छा भवन क्यों नहीं था। चर्चा में पवन वर्मा, बलवीर मीणा, देवेंद्र गोंडने, मनिंद्र सिंह, दीपक सोनी, भगवती रायकवार, सुनीता मेहरा, प्रीति थापा, लीना विल्सन, सूरज राठौर, नीतेश गोहानी, आसिब खान, रोशनी शर्मा, योगेश जायसवाल, डॉ अमृता करियारी, आरती पटेल, ममता विश्वकर्मा, सलमा खातून एवं सोना चौधरी ने भी अपने समय के किस्से सुनाए। एक छात्र उपस्थित होने पर भी कक्षाओं में पढने का अवसर, मि. भेल कालेज और मिस भेल कालेज, करियर मेला, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम आज भी याद है। कालेज परिसर में आने से एसा लगता है जैसे अपने ही घर में आए हों।



भोपाल
मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष-1/2
वर्ष : 13, अंक : 207
पृष्ठ : 14+8=24 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 17

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत...

विचार पेज
06 अरुणाचल में फिर आमने-सामने



मुख्यमंत्री डॉ. यादव भूमि-पूजन करते हुए

नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को अब मिलेंगी विश्व स्तरीय सुविधाएं, मुख्यमंत्री ने रखी नींव

आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा और धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेगा मां बगलामुखी देवी लोक

मुख्यमंत्री ने पहले चरण में होने वाले 85.40 करोड़ रूपए लागत के कार्यों का किया भूमि-पूजन

- लगभग 20 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा भव्य देवी लोक, लखुंदर नदी के तटों पर सुंदर और भव्य घाट बनाए जाएंगे
- आमला से नलखेड़ा तक 14 किमी मार्ग को 55 करोड़ रूपए से बना रहे फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आने वाले समय में नलखेड़ा में बन रहा मां बगलामुखी देवी लोक आस्था, अध्यात्म, श्रद्धा, अनुभव और धार्मिक पर्यटन का एक बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया से नलखेड़ा आने वाले श्रद्धालुओं को अब यहां विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर नलखेड़ा में 85.40 करोड़ रुपए लागत के मां बगलामुखी देवी लोक का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को आगर-मालवा जिले की ⏭ शेष पेज 4 पर



मां बगलामुखी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से दर्शन-पूजन करते सीएम

लगभग 14 किमी लंबा एक नया बायपास भी बनेगा

डॉ. यादव ने बताया कि आमला से नलखेड़ा तक 55 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से लगभग 14 किमी लंबा एक नया बायपास भी बनाया जा रहा है। लखुंदर नदी पर श्रद्धालुओं के सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए 13.77 करोड़ की लागत से एक नया और पुल बनाया जा रहा है।

मां बगलामुखी देवी लोक के पहले चरण में होने वाले काम

बगलामुखी देवीलोक के पहले चरण में लगभग 85.40 करोड़ रुपए की लागत से भव्य निर्माण, मंदिर के मुख्य शिखर की ऊंचाई 108 फीट होगी। मुख्य मंदिर का निर्माण 2,800 वर्गमीटर क्षेत्र में किया जाएगा, जिसमें मंदिर के गर्भगृह ⏭ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

महू के जंगल में बम फटने से ग्रामीण घायल

महू। बेरछा रेंज के जंगल में बम फटने से लकड़ी बीनने गए हजारीलाल गिरवाल (55),



निवासी कैलोद कुटी, गंभीर घायल हो गए। सोमवार सुबह जंगल गए हजारीलाल ने दोपहर करीब एक बजे बेटे आकाश को फोन कर घायल होने की सूचना दी। परिजन उन्हें मध्यभारत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से इंदौर के एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, परिजनों के बयान लेकर जांच की जा रही है।

चंदाना में ग्रामीणों की मौतों के मामले में 10 गिरफ्तार

देवास। जिले के चंदाना गांव में 20 दिनों के भीतर 13 लोगों की मौत के मामले में पुलिस ने 10



आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतकों के परिजनों ने शराब पीने से मौत होने का आरोप लगाया है। जांच के लिए संभागायुक्त आशीष सिंह ने पांच सदस्यीय दल गठित किया है। जांच में विनोद जायसवाल द्वारा अवैध शराब बेचने की जानकारी मिली। उसे अजय राठौर और रामेश्वर के साथ अवैध शराब सहित पकड़ा गया।

खरगे के पीएम मोदी के पिता पर अमर्यादित बयान से भोपाल में बवाल

भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने पुलिस ने बैरिकेड व वाटर कैनन से रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी के विरोध में सोमवार को भोपाल में भाजपा ने प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय का घेराव करने निकले भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने शिवाजी नगर चौराहे पर बैरिकेडिंग कर रोक दिया। इस दौरान भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ने पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

धक्का-मुक्की में किसान कांग्रेस के नीमच जिला अध्यक्ष बालकिशन धाकड़ के सिर में चोट लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा नेता और कार्यकर्ता रेडक्रॉस अस्पताल के सामने एकत्रित ⏭ शेष पेज 4 पर

धक्का-मुक्की में किसान कांग्रेस के नीमच जिला अध्यक्ष बालकिशन धाकड़ के सिर में चोट लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है

भाजपा नेता और कार्यकर्ता रेडक्रॉस अस्पताल के सामने एकत्रित हुए थे



वाटर कैनन के प्रयोग के दौरान अफरा-तफरी

दोनों दलों के कार्यकर्ता बैरिकेड के दोनों ओर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे

कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में फूल और लाठियां भी थीं

बैरिकेड पर चढ़े विधायक, पुलिस ने छोड़ी पानी की बौछार

शिवाजी नगर चौराहे पर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोका तो विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी बैरिकेड पर चढ़ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी बैरिकेड के पास पहुंचकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया। इसी बीच कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। दोनों दलों के कार्यकर्ता बैरिकेड के दोनों ओर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हाथों में फूल और लाठियां भी ⏭ शेष पेज 4 पर

कैसे शुरू हुआ विवाद?

बिहार के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर राजधानी पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह पूरा विवाद शुरू हुआ। कार्यक्रम के बीच एक व्यक्ति ने कथित तौर पर कहा कि पीएम मोदी कहीं नहीं जाने वाले हैं। इसी बात का जवाब देते हुए खरगे ने कहा कि मोदी के बाप भी चले जाएंगे। कांग्रेस नेता के इस बयान को भाजपा ने पीएम के दिवंगत पिता के प्रति अपमानजनक बताया और इसे लेकर विरोध शुरू कर दिया।
⏭ पढ़ें पेज 07 भी

रामेश्वर शर्मा बोले- कांग्रेस गुंडों का गिरोह !



भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने खरगे की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि खरगे को अपने पद और संसदीय परंपराओं का ध्यान रखते हुए भाषा की मर्यादा बनाए रखनी चाहिए। शर्मा ने कहा कि पूरी कांग्रेस गुंडों का गिरोह बन गई है।



कार में लगी आग



क्रेन की मदद से कार को निकालते हुए

धार में पुलिया से 25 फीट नीचे गिरी कार

आग में जिंदा जले चार दोस्त, सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे 5 युवक

एक गंभीर घायल हादसे से क्षेत्र में पसरा मातम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धार



पांचों दोस्तों का ग्रुप फोटो

बदनावर क्षेत्र में लेबड़-नयागांव फोरलेन पर रविवार रात भीषण सड़क हादसे में कार सवार 4 युवकों की जिंदा जलने से मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सादलपुर और खेरोद के बीच रात करीब 11:30 बजे एक ढाबे के पास हुआ। पांचों दोस्त सागौर से सांवरिया सेठ के दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी डिजायर कार पुलिया पर बने डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का इंजन उखड़कर बाहर जा गिरा और कार पुलिया से करीब 25 फीट नीचे जा गिरी। इसके बाद ⏭ शेष पेज 4 पर

पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर बुझाई आग

हादसे की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार बुरी तरह जल चुकी थी। कार को क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। पुलिस ने चारों मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के लिए धार जिला चिकित्सालय भेजे। हादसे में ⏭ शेष पेज 4 पर

बाइक को ट्रॉले ने मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत

रतलाम। नामली में महू-नीमच फोरलेन पर सोमवार को तेज रफ्तार ट्रॉले की टक्कर से बाइक



सवार सुगनबाई (26) और उनके एक माह के बेटे हर्षित की मौत हो गई। हादसे में पति अनिल गुंदरावत और दो वर्षीय बेटी अर्चना घायल हो गए। परिवार बच्चे का टीकाकरण कराने और जन्म प्रमाणपत्र बनवाने नामली जा रहा था। मंडी गेट के पास स्पीड ब्रेकर पर बाइक धीमी होने के दौरान पीछे से आए ट्रॉले ने टक्कर मार दी।

स्लैब की कास्टिंग के दौरान हादसा

40 करोड़ के सीएम राइज स्कूल की छत ही गिर गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्वालियर



■ निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल

कंपू थाना क्षेत्र में शासकीय पद्माराजे कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में बन रहे सीएम राइज (सांदीपनि) स्कूल की निर्माणाधीन इमारत की छत सोमवार को अचानक गिर गई। करीब 40 करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना में हुए हादसे में 4 मजदूर घायल हो गए। सभी को अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया ⏭ शेष पेज 4 पर

ट्विशा शर्मा आत्महत्या मामला

गिरिबाला की जमानत पर फैसला 'सुरक्षित'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



■ पांच माह से जेल में हैं आरोपी

मॉडल ट्विशा शर्मा आत्महत्या मामले में आरोपी पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह की जमानत याचिका पर सोमवार को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में मैराथन सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति अजय कुमार निरंकारी की एकलपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई और राज्य सरकार ने ⏭ शेष पेज 4 पर

व्यापारी बोले- करोड़ों का नुकसान होगा

राहुल बोले- सीईसी हटाते ही रुक जाएगा प्रदर्शन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



■ 10 नवंबर के बाद रैली की अपील

दिल्ली के रामलीला मैदान में 1 नवंबर को होने वाली विपक्ष की 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली को लेकर कारोबारी चिंतित हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने इंडिया गठबंधन से त्योहारों के बाद 10 नवंबर के बाद रैली आयोजित करने की अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि यातायात में बदलाव, सड़कें बंद होने ⏭ शेष पेज 4 पर

भोपाल में एक करोड़ हरिद्रा कुमकुम अर्चन अनुष्ठान शुरू



20 हजार कलशों पर जगमगाए दीप

भोपाल। शरद पूर्णिमा के अवसर पर लाल परेड ग्राउंड में श्री राजराजेश्वरी कोटि हरिद्रा कुमकुम अर्चन (एक करोड़ अर्चन) अनुष्ठान शुरू हो गया है। सद्गुरु देव रावतपुरा सरकार के सान्निध्य में इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। यहां 20 हजार कलशों के ऊपर इतने ही दीपक
⏭ शेष पेज 4 पर
⏭ पढ़ें पेज 14 भी

सरकार ने नियमों में किया संशोधन

मौजूदा पेट्रोल कारों में बदलाव नहीं

अब 100 % इथेनॉल से चलेंगी गाड़ियां, मंजूरी दी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



देश में हरित ईंधन को बढ़ावा देने और परिवहन से होने वाले प्रदूषण को कम करने की दिशा में केंद्र सरकार ने अहम कदम उठाया है। सरकार ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी। इसके साथ ही अब 100 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित ईंधन यानी ई-100 पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के निर्माण और संचालन के लिए नियामकीय रास्ता साफ हो गया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब कई प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां भारतीय बाजार में ई-100 मॉडल पेश करने की तैयारी कर रही हैं। हालांकि, इन ईंधनों का इस्तेमाल केवल उन्हीं वाहनों में किया जा सकेगा, जिन्हें अधिक मात्रा में इथेनॉल वाले ईंधन पर चलने के लिए ⏭ शेष पेज 4 पर

क्या है फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक?

फ्लेक्स-फ्यूल वाहन ऐसी तकनीक से लैस होते हैं, जिनमें एक ही ईंधन टैंक में पेट्रोल और इथेनॉल के अलग-अलग अनुपात वाले मिश्रण का इस्तेमाल किया जा सकता है। वाहन की क्षमता और प्रमाणन के आधार पर ये ई-85 या ई-100 जैसे ईंधन पर चल सकते हैं। ब्राजील और अमेरिका सहित कई देशों में इस तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है।

भारत का संदेश, विश्व शांति और लोकतंत्र सर्वोपरि: तोमर

ब्रिक्स देशों की कांफ्रेंस में मप्र विधानसभा अध्यक्ष तोमर की सहभागिता

आतंकवाद से मुकाबले और नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर मंथन, बोले-लोकतंत्र सीखना है तो भारत से सीखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स देशों के 12वें संसदीय मंच के सम्मेलन में सहभागिता करते हुए विश्व शांति, लोकतंत्र और सबके कल्याण के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है।

यदि किसी देश को लोकतंत्र की कार्यप्रणाली और उसकी मूल भावना को समझना है, तो वह भारत से सीख सकता है। भारत की सोच केवल अपने विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरी दुनिया की प्रगति, ⏭ शेष पेज 4 पर



मप्र विस अध्यक्ष तोमर, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला सहित अन्य

जन-केंद्रित विकास में संसदों की अहम भूमिका

सम्मेलन का मुख्य विषय 'जन-केंद्रित विकास के लिए संसदों को सशक्त बनाना' है। इसके तहत आतंकवाद का मुकाबला करने, संसदीय कूटनीति को प्रभावी बनाने, डिजिटल परिवर्तन, नैतिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इन ⏭ शेष पेज 4 पर

वैश्विक मंच के रूप में उभर रहा ब्रिक्स

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिक्स संगठन वैश्विक परिदृश्य में एक प्रमुख मंच के रूप में उभर रहा है। इस मंच को मजबूत बनाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे समय में भारत में संसदीय मंच का सम्मेलन आयोजित होना विशेष महत्व रखता है। विभिन्न देशों के बीच संवाद और ⏭ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

10 सुपरवाइजर ने दो साथियों के साथ भेल से चोरी किया...



9 परमात्मा ने हम सभी के मन में जो दीप प्रज्ज्वलित...



कुछ जिलों में हल्की बारिश-बौछारें शुरू, आज से चार दिन अधिकांश जिले भीगेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम में बदलाव शुरू हो रहा है। कहीं नमी बढ़ी है, तो कुछ हिस्सों में हल्की बौछारें पड़ी हैं। मंगलवार से पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में तेज बारिश होगी, जबकि मध्य हिस्से और पश्चिमी मप्र में भी बारिश का दौर शुरू होगा। भोपाल में 28 से 31 अक्टूबर के बीच हल्की बारिश की उम्मीद है।

मौसम केंद्र के अनुसार मंगलवार तक सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट के अलावा रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, रीवा, मऊगंज, सतना, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर, पांढुर्णा में मंगलवार से बुधवार सुबह के बीच बारिश होगी। कुछ जिलों में तेज बारिश की उम्मीद है। विशेषकर सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। सोमवार दोपहर बाद सिंगरौली, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, सिवनी और मंडला में कुछ स्थानों पर बौछारें पड़ीं।

भोपाल में गुरुवार से शुक्रवार के बीच हल्की बारिश की उम्मीद, प्रदेशभर के तापमान में कमी आएगी



स्थान : करौंद मंडी, शाम : 5.30 बजे।

कल तक यहां भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

बुधवार से गुरुवार के बीच सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, बालाघाट, मैहर में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

इसलिए बारिश जोर पकड़ेगी

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी चक्रवातीय तूफान अर्णव बंगाल की खाड़ी के ऊपर सक्रिय है। यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंगलवार तक यह इसी इलाके में और तीव्र होगा। इसके बाद उत्तर-पश्चिम में आगे बढ़कर बुधवार तक अति गंभीर चक्रवातीय तूफान के रुप में विशाखापट्टनम के बीच आं प्रदेश के तटों को पार करते हुए आगे बढ़ेगा। इसके असर से प्रदेश के मौसम में बदलाव शुरू हो चुका है। कई जिलों में बारिश मंगलवार से जोर पकड़ेगी। बुधवार से शुक्रवार के बीच कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश होने का अनुमान है।

दिन का औसत पारा गिरा

सोमवार को हवा में नमी बढऩे और कुछ स्थानों पर बौछारों के बाद अधिकांश जिलों के दिन के तापमान में औसतन एक डिग्री तक कमी रही। भोपाल में एक डिग्री गिरकर 33 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से दशमलव 9 डिग्री अधिक है। दो दिन में औसत पारा 2 डिग्री तक और गिरने की उम्मीद है।

करोंद में पांच हजार लोग तरसे पानी के लिए, एम्स के पास आठ घंटे रहा इंटरनेट बाधित

अमृत 2.0 योजना ने बढ़ाई परेशानी कहीं गैस-पानी तो कहीं इंटरनेट ठप

न जमीन के नीचे बिछी लाइनों की जानकारी, न मौके पर इंजीनियरों की मौजूदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा देने के लिए चल रही अमृत 2.0 योजना की खुदाई अब आम जनता के लिए परेशानी का कारण बन रही है। नई पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों पर जेसीबी तो चल रही है, लेकिन जमीन के नीचे पहले से बिछी पानी, गैस और इंटरनेट/ऑप्टिकल फाइबर की लाइनों की सुरक्षा का ध्यान नहीं रखा जा रहा। इसका खामियाजा लोगों को पानी की किल्लत और इंटरनेट बंद होने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। वहीं कुछ दिन पहले खुदाई के दौरान करोंद में पाइपलाइन टूटने से करीब पांच हजार लोगों को दो दिन तक पानी न मिलने से परेशानी झेलनी पड़ी थी। एक दिन पहले एम्स के पास इंटरनेट/ऑप्टिकल फाइबर के टूटने से आठ घंटे तक सेवा प्रभावित रही। इन घटनाओं ने खुदाई से पहले की तैयारी और मौके पर निगरानी की व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जहां योजना का काम पूरा होने से पहले ही लोगों को उसकी लापरवाही की कीमत चुकानी पड़ रही है।



शहर में कुछ इस तरह चल रही है खुदाई।



थिंक गैस की लाइन को नुकसान पहुंचने से सप्लाई बाधित रही।

न जानकारी, न निगरानी, टूट रहीं लाइनें...

अमृत 2.0 योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए कई इलाकों में खुदाई की जा रही है। इस दौरान जमीन के नीचे मौजूद पुरानी लाइनों के टूटने का खतरा बना रह रहा है। इसके बावजूद खुदाई के दौरान संबंधित विभागों के बीच तालमेल और तकनीकी निगरानी की कमी के कारण आम लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। साथ ही पहले से बिछी लाइनों की सही जानकारी लेकर खुदाई की जाए, तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है।

जनता परेशान, जिम्मेदार मौन

करोंद में पानी की पाइपलाइन टूटने से हजारों लोगों को दो दिन तक परेशानी उठानी पड़ी थी,वहीं, एम्स के पास ऑप्टिकल फाइबर कटने से आठ घंटे इंटरनेट सेवा बाधित रही। इंटरनेट पर निर्भर कामकाज प्रभावित होने के साथ लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है जिसके बाद भी मौके से इंजीनियर नदारद रहते है।

उपयंत्री प्रभारी, राजेन्द्र कुमार त्रिवेद ने कहा कि जल्दी समस्या का निवारण किया जाएगा।

अमृत-2.0 के कामों में देरी की तो लगेगी पेनाल्टी : आयुक्त



अमृत योजना-2.0 के कामों में देरी अब संबंधित एजेंसियों को भारी पड़ सकती है। नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने साफ चेतावनी दी है कि काम में तेजी नहीं आई तो पेनाल्टी लगाई जाएगी। उन्होंने टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स को कर्मियों की संख्या बढ़ाकर पेयजल और सीवेज के काम तय समय में पूरे करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, नए काम जल्द शुरू करने और खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत मानक गुणवत्ता के साथ समय पर कराने को कहा है। आयुक्त ने सोमवार को अटल भवन स्थित निगम मुख्यालय में अमृत योजना-2.0 के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पेयजल पाइपलाइन बिछाने, इंटेक वेल बनाने और सीवेज नेटवर्क के कामों की प्रगति की जानकारी ली।

आर्मी डे से पहले सफाई पर जोर

आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को आर्मी डे के मद्देनजर शहर के प्रवेश द्वारों, प्रमुख सड़को पर, आयोजन स्थलों और आसपास के क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सुमित कुमार पांडे, अमन मिश्रा, अभिषेक सिंह, मुख्य अभियंता संतोष गुप्ता, उपायुक्त भुवन गुप्ता, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग व आर.आर. जरोलिया सहित निगम अधिकारी और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

शाहपुरा झील के डिजाइन में बदलाव की होगी जांच

बैठक में झील संरक्षण प्रकोष्ठ के कामों की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने तालाबों की सफाई में तेजी लाने को कहा। शाहपुरा झील के विकास के लिए तैयार डिजाइन और कार्यों में किए गए बदलावों की जांच कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा पेड़ों की छंटाई, खरपतवार हटाने और पौधों की देखभाल पर ध्यान देने को कहा।

माफी के बाद भी नहीं थमा अजा समाज के युवकों गुस्सा

जातिसूचक टिप्पणी पड़ी भारी, हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी के चेहरे पर पोती स्याही

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कथित जातिसूचक टिप्पणी करना हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी को भारी पड़ गया। इंटरव्यू में अनुसूचित जाति को लेकर की गई कथित टिप्पणी पर माफी मांगने के बावजूद सोमवार को विवाद थमा नहीं। भवानी चौक (पीर गेट) पर कुछ युवकों से उनकी कहासुनी और झूमाझटकी हुई। इस दौरान उनके चेहरे पर स्याही पोत दी गई। घटना के बाद इलाके में हलचल मच गई। इस घटना का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटनाक्रम के दौरान दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस हुई। तिवारी ने आरोप लगाया कि युवकों ने उन्हें धमकियां दीं। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की बात कही और समर्थकों के साथ कोतवाली थाने पहुंचने की जानकारी दी। हालांकि, घटना में शामिल युवकों की पहचान और पूरे घटनाक्रम की परिस्थितियों को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।



चंद्रशेखर तिवारी के चेहरे पर पोती गई स्याही।

माफी मांगी, फिर भी आमना-सामना

तिवारी ने कथित टिप्पणी को लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर अपनी बात को गलती बताते हुए माफी मांगी थी। इसके बावजूद सोमवार को भवानी चौक पर उनका कुछ युवकों से आमना-सामना हो गया। कहासुनी के बाद उनके चेहरे पर स्याही पोतने की घटना सामने आई। विवाद किस बात से शुरू हुआ और मौके पर घटनाक्रम किस तरह बढ़ा, इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

बोले- सनातन के लिए काम करता रहूंगा

घटना के बाद चंद्रशेखर तिवारी ने कहा कि वे सनातन धर्म के लिए काम करते रहेंगे और किसी भी धमकी से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि युवकों ने खुद को अनुसूचित जाति का बताया था। इसके बाद मेरे चेहरे पर स्याही पोती दी। साथ ही मुझे कुछ लोगों द्वारा धमकी दी गई है कि वे भवानी चौक सोमवारा पर नहीं आएं, अन्यथा उनकी गर्दन काट दी जाएगी। इससे मैं डरने वाला नहीं हूं। जाने की घटना के संबंध में पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने के संबंध में ज्ञापन दिया है। चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि में सनातन धर्म के प्रति सम्मान, प्रत्येक जाति के प्रति आदर करता हूं।

डीजे कार्रवाई को लेकर भी हुआ था विवाद

चंद्रशेखर तिवारी हाल ही में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बंद कराने की पुलिस कार्रवाई को लेकर भी चर्चा में आए थे। उस समय उनकी पुलिसकर्मियों से बहस हुई थी। मौके पर समझाइश दे रहे मंगलवारा थाना प्रभारी अजय सोनी से भी उनकी तीखी नोकझोंक हुई थी। सामने आए घटनाक्रम के अनुसार, तिवारी ने कार्रवाई का विरोध किया था। इस दौरान शहर को जलाने तक की धमकी देने की बात भी सामने आई थी।

समिति के भीतर भी उठते रहे सवाल

तिवारी के अध्यक्ष बनने के बाद हिंदू उत्सव समिति की कार्यप्रणाली को लेकर भी विवाद सामने आते रहे हैं। कुछ सदस्यों ने उनके कामकाज और बातचीत के तरीके पर सवाल उठाए हैं। दुर्गा विसर्जन चल समारोह के दौरान झांकियां लेकर आए कुछ समितियों के लोगों के साथ भी विवाद की स्थिति बनने की बात सामने आई थी। सोमवार की घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आईं। कुछ पोस्ट में दुर्गा विसर्जन के दौरान डीजे पर कार्रवाई और तिवारी की कथित भूमिका को लेकर सवाल उठाए गए। हालांकि, सोशल मीडिया पर किए जा रहे सभी दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

---

27 लाख कंटेनर की जांच, डेढ़ दर्जन संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पौने 4 लाख घरों में सर्वे करने के बाद भोपाल में डेंगू के 156 मरीज मिले

राजधानी में इस साल डेंगू के 156 पॉजिटिव मरीज मिले हैं। बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार सर्वे और लार्वा नियंत्रण अभियान चला रही हैं। इस साल अब तक करीब पौने चार लाख घरों और 27 लाख कंटेनर की जांच की जा चुकी है। पिछले तीन साल में डेंगू के मामलों के पैटर्न के आधार पर शहर के करीब डेढ़ दर्जन संवेदनशील इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग के अनुसार, जिले में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

इन इलाकों में बुखार के मरीजों की पहचान, लार्वा सर्वे, मच्छरों के लार्वा को नष्ट करने और जरूरी छिड़काव की गतिविधियां की जा रही हैं। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। जिले में एम्स, भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, जेपी अस्पताल और सिविल अस्पताल बैरागढ़ में एलाइजा जांच की सुविधा उपलब्ध है। इन पांचों केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

आदमपुर लैंडफिल साइट पर छह अतिरिक्त बज्र मशीनें लगाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कचरा निष्पादन में लापरवाही पर सौराष्ट्र एनवायरो को नोटिस

आदमपुर लैंडफिल साइट पर कचरे का निष्पादन धीमा होने और आरडीएफ (सूखे कचरे से तैयार ईंधन) का परिवहन संतोषजनक नहीं मिलने पर नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने सौराष्ट्र एनवायरो कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आरडीएफ का परिवहन समय पर नहीं करने पर पेनाल्टी लगाने की बात भी कही। सोमवार को निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कचरे के निष्पादन, आरडीएफ परिवहन और इनर्ट कचरे के निपटान की स्थिति देखी। काम की गति बढ़ाने के लिए छह अतिरिक्त बज्र मशीनें लगाने और सात दिन में लैंडफिल साइट के चारों ओर मशीनें तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने कंपनी संचालक से फोन पर चर्चा कर मशीनों की संख्या बढ़ाने के साथ अन्य जरूरी संसाधन जुटाने को भी कहा। आयुक्त ने निर्देश दिए कि कंपनी हर सप्ताह की कार्ययोजना बनाकर कचरा निष्पादन का लक्ष्य तय करे और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करे।

सतर्कता सप्ताह शुरू रेलकर्मियों ने लिया ईमानदारी का संकल्प

भोपाल। पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में सोमवार, 26 अक्टूबर को सतर्कता जागरुकता सप्ताह-2026 का शुभारंभ हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में डीआरएम पंकज त्यागी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस दौरान रेलकर्मियों ने कार्य एवं सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने का संकल्प लिया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम के तहत मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य रेलकर्मियों को भ्रष्टाचार के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना तथा कार्यप्रणाली में नैतिक मूल्यों और जवाबदेही को मजबूत करना है।

---

27 अक्टूबर से 17 नवंबर तक लागू रहेगा डायवर्जन

मेट्रो निर्माण : आईटीआई तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक 22 दिन बदला रहेगा ट्रैफिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के चलते आईटीआई तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तिराहे तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया जाएगा। आम लोगों की सुरक्षा को देखते हुए 27 अक्टूबर से 17 नवंबर 2026 तक इस मार्ग पर यातायात डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान प्रभात चौराहे, गोविंदपुरा, अवधपुरी, जेके रोड और मिनाल की ओर जाने वाले वाहन चालकों को निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का इस्तेमाल करना होगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे घर से निकलने से पहले बदले हुए रास्तों की जानकारी लें, ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके।

इन रास्तों से गुजरेंगे वाहन

प्रभात चौराहे से जेके रोड, मिनाल और पिपलानी की ओर: वाहन आईटीआई तिराहा पुलिया से पहले गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-सी से होते हुए अनंत श्री अस्पताल के पास मुड़कर पिपलानी पेट्रोल पंप तिराहे की ओर जा सकेंगे।

प्रभात चौराहे से गोविंदपुरा और अवधपुरी की ओर

हल्के वाहन और दोपहिया वाहन आईटीआई तिराहे से दाएं मुड़कर हेमा स्कूल तिराहे के रास्ते अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

पिपलानी से प्रभात चौराहे की ओर भारी वाहन

पिपलानी पेट्रोल पंप से बाएं मुड़कर पिपलानी थाने के सामने से महात्मा गांधी चौराहे पर दाएं मुड़ें। यहां से करियर कॉलेज तिराहा होते हुए आईटीआई, प्रभात चौराहे और नर्मदापुरम रोड की ओर जा सकेंगे।

पिपलानी से प्रभात चौराहे की ओर हल्के वाहन और दोपहिया

जुबली गेट, बीएचईएल से बाएं मुड़कर बरखेड़ा चौराहे से दाएं मुड़ें। इसके बाद करियर कॉलेज तिराहे से आईटीआई, प्रभात चौराहे और नर्मदापुरम रोड की ओर जा सकेंगे।

यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

---

45 पैसे से यात्री ले सकेंगे सुरक्षा कवच, इलाज के लिए 2 लाख तक की मदद

आंशिक दिव्यांगता पर 7.50 लाख रुपए तक का मिलेगा लाभ

आज से रेल यात्रियों को काउंटर से टिकट बुक कराने पर भी मिलेगा 10 लाख रुपए तक का बीमा कवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। अब रेलवे आरक्षण काउंटर से टिकट बनवाने पर भी यात्री महज 45 पैसे में 10 लाख रुपए तक का वैकल्पिक यात्रा बीमा ले सकेंगे। रेलवे ने इस सुविधा का विस्तार ऑफलाइन टिकट लेने वाले यात्रियों तक कर दिया है। नई व्यवस्था 27 अक्टूबर से सभी यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों पर लागू होगी। अभी तक यह सुविधा केवल आईआरसीटीसी से ई-टिकट बुक कराने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध थी। योजना के तहत ट्रेन दुर्घटना या किसी अप्रिय घटना में यात्री की मृत्यु होने अथवा स्थायी पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में 10 लाख रुपए तक की बीमित राशि मिलेगी। स्थायी आंशिक दिव्यांगता पर अधिकतम 7.50 लाख रुपए तक का लाभ मिलेगा। वहीं, दुर्घटना में घायल होने पर अस्पताल में भर्ती और इलाज के लिए 2 लाख रुपए तक का वास्तविक खर्च दिया जाएगा। दुर्घटना में मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को निवास स्थान या श्मशान/कब्रिस्तान तक पहुंचाने के लिए 10 हजार रुपए की सहायता भी मिलेगी।



फाइल फोटो।

काउंटर पर डिजिटल भुगतान जरूरी

यह बीमा पूरी तरह वैकल्पिक होगा। यात्री टिकट बनवाते समय इसका विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए वैध मोबाइल नंबर देना और टिकट किराए के साथ बीमा प्रीमियम का भुगतान डिजिटल माध्यम से करना अनिवार्य होगा। टिकट जारी होने के बाद बीमा पॉलिसी का विवरण मोबाइल पर एसएमएस से भेजा जाएगा। यात्री बीमा कंपनी के पोर्टल पर जाकर अपने नामित व्यक्ति (नॉमिनी) का विवरण दर्ज कर सकेंगे। यह सुविधा कन्फर्म, आरएसी और आंशिक रूप से कन्फर्म टिकट वाले पात्र भारतीय नागरिकों के लिए होगी। पांच वर्ष या उससे अधिक उम्र के बच्चे भी इसके पात्र होंगे। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दे रहा है। मामूली प्रीमियम पर मिलने वाला यह बीमा मुश्किल परिस्थितियों में यात्रियों और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता देगा।

45 पैसे में कितना मिलेगा बीमा?

- मृत्यु होने पर: 10 लाख रुपए
- स्थायी पूर्ण दिव्यांगता: 10 लाख रुपए
- स्थायी आंशिक दिव्यांगता: अधिकतम 7.50 लाख रुपए
- अस्पताल में इलाज: 2 लाख रुपए तक
- पार्थिव शरीर का परिवहन: 10 हजार रुपए

टिकट बनवाते समय इन बातों का रखें ध्यान

- योजना का लाभ लेने के लिए बीमा विकल्प चुनना होगा।
- टिकट किराए और प्रीमियम का डिजिटल भुगतान जरूरी।
- सही मोबाइल नंबर दर्ज कराना अनिवार्य।
- पॉलिसी मिलने के बाद बीमा कंपनी के पोर्टल पर नॉमिनी का विवरण भरें।

Hero

HF Deluxe

बाइक दमदार दाम शानदार

एक्स-शोरूम कीमत

₹59 999/-* (सेल्फ़-स्टार्ट)

*नियम व शर्तें लागू.

कम डाउन पेमेंट | ₹5999/-*

Hero GoodLife सोने का सिक्का जीतने का मौका*

pine labs कैशबैक ₹5 000/- तक*

TOLL FREE 1800 266 0018

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No. 2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II. New Delhi-110070, India. ICIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com. Accessories and features shown may not be part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. *Offer valid only on purchase of new Hero Two Wheeler & Hero GoodLife Enrollment on the corresponding purchase till 31st July 2026. #The Cashback of 5% upto ₹5000 is applicable on the transaction between ₹30 000 to ₹1 00 000. The new revised ex-showroom price is valid for a limited period only. Hero MotoCorp reserves the right to modify or withdraw any or all offers without prior notice. *Ex-showroom price of HF Deluxe Canvas Self start variant applicable in Madhya Pradesh.*Terms & Conditions apply.

ऊर्जा सुरक्षा किसी भी देश की आर्थिक स्वतंत्रता की बुनियाद है। भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और बड़ी है, जहां परिवहन से लेकर उद्योगों तक की ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल से पूरा होता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं तो महंगाई का दबाव बढ़ता है, विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ता है और अर्थव्यवस्था की गति प्रभावित होती है। इसलिए पेट्रोल के घरेलू विकल्प विकसित करना केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रयास नहीं, बल्कि आर्थिक आत्मनिर्भरता की अनिवार्य जरूरत है। केंद्र सरकार ने 100% एथेनॉल यानी ई-100 ईंधन से चलने वाले वाहनों के लिए मोटर वाहन नियमों में संशोधन कर इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 23 अक्टूबर 2026 की अधिसूचना से ऐसे वाहनों के लिए नियामकीय रास्ता साफ हुआ है। सरकार की एथेनॉल नीति अब तक उत्साहजनक परिणाम दे चुकी है। पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने का कार्यक्रम वर्ष 2003 में शुरू हुआ था, लेकिन 2013-14 में इसकी औसत मिलावट केवल 1.53% थी। सरकार ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने, एथेनॉल की खरीद के लिए मूल्य व्यवस्था बनाने और चीनी मिलों व अन्य उत्पादकों को प्रोत्साहन देने जैसे कदम उठाए। नतीजा यह हुआ कि 2021-22 में 10 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य निर्धारित समय से पहले हासिल हो गया और 2025-26 में औसत मिश्रण 20% तक पहुंच गया। वर्ष 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्य को पांच साल पहले प्राप्त करना नीति के प्रभावी क्रियान्वयन का उदाहरण है। आंकड़ों के मुताबिक, 2014 में एथेनॉल उत्पादन क्षमता लगभग 421 करोड़ लीटर थी, जो 2026 में बढ़कर करीब 2,000 करोड़ लीटर हो गई। इस कार्यक्रम का लाभ केवल तेल आयात में कमी तक सीमित नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, एथेनॉल खरीद से पिछले 11 वर्षों में किसानों को लगभग 1.21 लाख करोड़ रुपये की आय हुई और करीब 1.40 लाख करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा बची। एथेनॉल का उत्पादन गन्ने, मक्का और अन्य जैविक स्रोतों से किया जा सकता है। इससे कृषि उपज के लिए अतिरिक्त बाजार तैयार होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसंस्करण उद्योगों तथा रोजगार की संभावनाएं बढ़ती हैं। पानीपत और नुमालीगढ़ की रिफाइनरियों में पराली, बांस और अन्य जैविक अवशेषों से एथेनॉल उत्पादन की पहल इस दिशा में महत्वपूर्ण है। ई-100 की मंजूरी इसी नीति का अगला चरण है। सामान्य पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने और लगभग शुद्ध एथेनॉल पर चलने वाले वाहन में बुनियादी अंतर है। ई-100 के लिए वाहन निर्माता कंपनियों को विशेष रूप से डिजाइन और प्रमाणित फ्लेक्स-फ्यूल वाहन तैयार करने होंगे। मौजूदा पेट्रोल या ई-20 वाहनों में सीधे ई-100 डालना सुरक्षित नहीं है। एथेनॉल से कुछ प्रदूषकों और जीवाश्म कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की संभावना है, लेकिन इसके पर्यावरणीय लाभ का आकलन उत्पादन से लेकर इस्तेमाल तक के पूरे चक्र के आधार पर होना चाहिए। ई100 वाहनों की तकनीक, ईंधन केंद्रों का विस्तार, किफायती कीमत और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा पर समयबद्ध काम जरूरी है। साथ ही, एथेनॉल के साथ विद्युत वाहन, सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ईंधनों को भी बढ़ावा देना चाहिए। ऊर्जा आत्मनिर्भरता का अर्थ केवल पेट्रोल का विकल्प तलाशना नहीं, बल्कि आयात पर निर्भरता घटाने वाला विविध और टिकाऊ ऊर्जा तंत्र तैयार करना है। ई-100 की मंजूरी इस दिशा में सार्थक कदम है। इसके साथ ही भारत ने ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है।



सीमा सुरक्षा
ओमकार चौधरी

अरुणाचल में फिर आमने-सामने

अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन की सेनाओं के बीच एक बार फिर जारी गतिरोध ने सीमा सुरक्षा और सरकार की रणनीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने खुद की है। 22 अक्टूबर 2026 को राजस्थान के अलवर में बल के वार्षिक हिमवीर सम्मान समारोह में कपूर ने कहा कि पिछले कुछ समय में अरुणाचल की कई जगहों पर चीनी सैनिकों से आमना-सामना हुआ है और यह स्थिति अभी भी बनी हुई है। पूर्वी सेक्टर में जारी तनाव की आईटीबीपी प्रमुख की ओर से यह पहली सार्वजनिक स्वीकारोक्ति है, लेकिन सामरिक महत्व की यह सूचना सार्वजनिक करनी चाहिए थी या नहीं और उन्हें इसके लिए अधिकृत किया गया था या नहीं, इसे लेकर बहस भी शुरू हो गई है। कपूर ने बल के शौर्य कमांडो की भूमिका की सराहना की और चीन को भारत का सबसे बड़ा विरोधी बताया। उन्होंने ड्रोन क्षमता बढ़ाने, ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध की तैयारी, और तोपखाने व हवाई बमबारी से बचाव के लिए भूमिगत बंकर बनाने की योजनाओं की भी जानकारी दी। सरकारी सूत्रों के अनुसार गतिरोध जुलाई के आखिर से अपर सुबनसिरी ज़िले के ताकसिंग सर्कल के असाफिला क्षेत्र में चल रहा है। चीनी सेना (पीएलए) ने माजा कंपनी ऑपरेटिंग बेस के पास, एलएसी की भारतीय समझ के 6-7 किलोमीटर के दायरे में, एक ऊंचाई पर तंबू गाड़ रखे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह आमना-सामना 25 जुलाई के आसपास नियमित गश्त के दौरान शुरू हुआ। अब तक किसी हिंसक झड़प, हथियार के इस्तेमाल या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईटीबीपी प्रमुख ने बाकी टकराव स्थलों के नाम नहीं बताए।तनाव कम करने के लिए 6 और 7 सितंबर को वाचा (भारत) और दमाई (चीन) में पूर्वी सेक्टर में पहली बार कोर कमांडर स्तर की बातचीत हुई। भारतीय दल का नेतृत्व 3 कोर के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल गिरीश कालिया ने किया। विदेश मंत्रालय ने बैठक की पुष्टि तो की, लेकिन उसका नतीजा सार्वजनिक नहीं किया। इसके कुछ ही दिन बाद, 12 सितंबर को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। सरकार या भाजपा की ओर से इन आरोपों पर अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आईटीबीपी सूत्रों ने स्पष्ट किया कि महानिदेशक का बयान सीमा पर नियमित ऑपरेशनल तैयारी के संदर्भ में था, किसी खास घटना से जुड़ा नहीं। इस मामले में सेना का रुख भी गौर करने लायक है। चीन लगभग 90,000 वर्ग किलोमीटर, यानी करीब पूरे अरुणाचल पर दावा करता है और इसे ज़ांगनान या दक्षिण तिब्बत कहता है। विवाद की जड़ 1914 का शिमला सम्मेलन है, जहां ब्रिटिश भारत के विदेश सचिव सर हेनरी मैकमोहन ने भारत और तिब्बत के बीच 890 किलोमीटर लंबी सीमा रेखा खींची। चीनी प्रतिनिधि ने इसे स्वीकार नहीं किया, और बीजिंग आज भी कहता है कि तिब्बत को ऐसा समझौता करने का अधिकार नहीं था। 1962 के युद्ध में पीएलए लगभग पूरे तत्कालीन नेफा तक आ गई थी, लेकिन एकतरफ़ा युद्धविराम के बाद मैकमोहन रेखा तक लौट गई। विवाद केवल अरुणाचल तक सीमित नहीं है। भारत के अनुसार



3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के पश्चिमी छोर पर अक्साई चिन का लगभग 38,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र चीन के कब्ज़े में है। 1963 में पाकिस्तान ने शक्सगाम घाटी का 5,180 वर्ग किलोमीटर हिस्सा चीन को सौंप दिया, जिसे भारत मान्यता नहीं देता। मध्य सेक्टर में उत्तराखंड का बाराहोती और हिमाचल के कौरिक व शिपकी ला भी विवादित हैं। 1960 में चाउ एनलाई ने अक्साई चिन के बदले नेफा पर दावा छोड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे भारत ने ठुकरा दिया था। बीते एक दशक में यह विवाद नक्शों तक पहुंच गया है। चीन अब तक छह सूचियों में अरुणाचल की 112 जगहों के नाम बदल चुका है: 2017 में 6, 2021 में 15, 2023 में 11, 2024 में 30, 2025 में 27 और 2026 में 23। अरुणाचल में ताकसिंग पहला टकराव नहीं है। 20 अक्टूबर 1975 को तवांग के तुलुंग ला में चीनी सैनिकों ने घात लगाकर असम राइफल्स के चार जवानों को मार दिया था। भारत के अनुसार यह हमला उसकी सीमा के 500 मीटर भीतर हुआ। उस समय इंदिरा गांधी सरकार ने अधिकारियों के जरिए बीजिंग से कड़ा विरोध दर्ज कराया था, लेकिन प्रधानमंत्री का कोई सीधा सार्वजनिक बयान दर्ज नहीं मिलता। 1986 में चीन ने तवांग के सुमदोरोंग चू में वांगडुंग चरागाह पर ढांचे खड़े कर दिए। भारत ने राजदूत को तलब कर विरोध जताया और इलाके में तीन डिवीज़न तक सैनिक तैनात किए। राजीव गांधी दिसंबर 1988 में चीन गए, और वांगडुंग से सैनिकों की वापसी आखिरकार 1995 में हुई। इसके बाद तवांग का यांग्त्से बार-बार टकराव का केंद्र बना। सितंबर 2016 में करीब 200 पीएलए सैनिक वहां घंटों डटे रहे, और अक्टूबर 2021 में भी गश्ती टुकड़ियां आमने-सामने आईं। इन दोनों मौकों पर सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया, और जानकारी सूत्रों के ज़रिए ही सामने आई। 9 दिसंबर 2022 को यांग्त्से में कील लगे डंडों से हिंसक झड़प हुई, जिसमें छह गंभीर रूप से घायल भारतीय सैनिकों को गुवाहाटी ले जाना पड़ा। देश के बाकी हिस्सों में भी 1967 में नाथू ला, 2013 में देपसांग, 2017 में डोकलाम और 2020 में गलवान जैसे टकराव हुए। गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए। यह 1975 के बाद भारत-चीन सीमा पर जान जाने की पहली घटना थी। इसके बाद 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री ने कहा था कि न कोई भारतीय सीमा में घुसा है और न ही कोई चौकी किसी के कब्ज़े में है। सीमा विवाद सुलझाने के लिए 2003 में बना विशेष प्रतिनिधि तंत्र अब तक 25 दौर की बातचीत कर चुका है। ताज़ा दौर 25 अगस्त 2026 को बीजिंग में अजीत डोभाल और वांग यी के बीच हुआ, जिसमें पूर्वी और मध्य सेक्टर में नई सैन्य हॉटलाइन पर सहमति बनी। सीमा मामलों पर परामर्श तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की 36 बैठकें हो चुकी हैं, और लद्दाख में 2020 के बाद कोर कमांडरों के बीच 21 दौर की बातचीत हुई।ज़मीन पर भारत की रणनीति भी बदली है। दशकों तक सीमा के पास सड़कें न बनाने की नीति के बाद 2006 में 73 रणनीतिक सड़कों की परियोजना को मंज़ूरी मिली, जो 2017 के डोकलाम गतिरोध के बाद तेज़ हुई। 2024 में खुली सेला सुरंग अब तवांग को साल भर जोड़े रखती है। 1962 के बाद छोड़ी गई अरुणाचल की सात हवाई पट्टियां फिर से चालू हो चुकी हैं, और लद्दाख का न्योमा नवंबर 2025 में पूर्ण एयरबेस बन गया। इन सब के बीच कई सवाल अब भी अनुत्तरित हैं: कोर कमांडर वार्ता का नतीजा क्या निकला, आईटीबीपी प्रमुख ने किन जगहों पर टकराव की बात कही, और गश्ती बिंदुओं को लेकर स्थानीय लोगों के दावों में कितना दम है। इन पर सरकार की ओर से अभी आधिकारिक जवाब आना बाकी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
डॉ. मोनिका शर्मा



विरासत को सहेजने के लिए सार्थक प्रयास जरूरी

भारत की सांस्कृतिक विरासत अपनी बहुरंगी विविधता के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। बात चाहे मूर्त विरासत यानी ऐतिहासिक भवनों, किलों और स्मारकों की अनूठी वास्तुकला की हो या अमूर्त विरासत जैसे परंपराओं, लोकगीतों, शास्त्रीय नृत्य, त्योहारों की। हमारे देश के सांस्कृतिक रंग सचमुच अनूठे हैं। हमारी भाषाएं, दर्शन, बोलियां, योग, आयुर्वेद और प्राचीन ग्रंथ भी अनमोल धरोहर ही हैं। आमजन तक सहज पहुंच बनाकर ही इस थाती को सहेजा का सकता है। हालिया बरसों में दुनिया के हर हिस्से में ही अपनी धरोहर को सहेजने के रंग-ढंग बदले हैं। अब आधुनिक तकनीकों, नई पद्धतियों और पेशेवर विशेषज्ञों की भूमिका अहम हो चली है। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस का मुख्य उद्देश्य धरोहर के संरक्षण से जुड़ा यही पहलू लिए है। ध्यातव्य है कि संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा वर्ष 2005 में अपने 33वें आम सम्मेलन में यह दिन मनाने की घोषणा की थी। ज्ञात हो कि रेडियो, फिल्म, टेलीविजन और साउंड रिकॉर्डिंग जैसी दृश्य-श्रव्य सामग्रियों के संरक्षण के महत्व को लेकर जनमानस में जागरूकता लाना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। साथ ही वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज हमारी साझी स्मृतियों और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने वाले कामकाजी विशेषज्ञों और संस्थानों के योगदान को सम्मान देने का भी संदेश देता है। सुखद है कि भारत में ऑडियो-विजुअल सामग्रियों के रूप में सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए कई महत्वपूर्ण उठाए गए हैं। विरासत के संरक्षण हेतु डिजिटलीकरण और प्रचार हेतु बहत सी पहल की गई हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन, नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स, अभिलेख पटल और जटान एवं वेव्स जैसी कई पहल भावी पीढ़ियों के लिए विरासत के संरक्षण का काम कर रही हैं। नेशनल फिल्म हेरिटेज मिशन द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और नेशनल फिल्म आर्काइव्स ऑफ इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट भारतीय फिल्मों, वृत्तचित्रों और शॉर्ट फिल्मों का संरक्षण, डिजिटलीकरण और पुनर्स्थापन किया जा रहा है। वहीं नेशनल कल्चरल ऑडियो-विजुअल आर्काइव्स द्वारा देश भर के संस्थानों में उपलब्ध दुर्लभ व संकटग्रस्त ऑडियो-विजुअल रिकॉर्डिंग्स को डिजिटाइज कर ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार द्वारा संचालित अभिलेख पटल भी एक डिजिटल रिपॉजिटरी ही है। यह ऐतिहासिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड्स का ऑनलाइन पटल है। संस्कृति मंत्रालय और सी-डेक पुणे द्वारा विकसित जटान सॉफ्टवेयर विभिन्न संग्रहालयों की सामाग्री डिजिटल रूप में सुरक्षित करने में जुटा है। ज्ञात हो कि वर्ल्ड डे ऑफ ऑडियो-विजुअल हैरिटेज की 2026 की थीम 'प्रोटेक्टिंग मेमोरी एट रिस्क' है। यह विषय फिल्मों, ऑडियो टेपों और चलचित्रों के रूप में विरासत की सामूहिक स्मृतियों को बचाने से जुड़ा है। समझना कठिन नहीं कि 'खतरे में पड़ी स्मृति की सुरक्षा करना' यह विषय संकटग्रस्त धरोहरों को सहेजने का रेखांकित करने योग्य संदेश देती है। बीते कुछ बरसों में तेजी से बढ़ते शहरीकरण और प्रदूषण से कई ऐतिहासिक धरोहर खतरे में हैं। विश्व दृश्य-श्रव्य विरासत दिवस नई पीढ़ी को भी यह याद दिलाता है कि तकनीकी संसार से जुड़कर डिजिटल युग में आगे बढ़ते हुए अपनी विरासत से भी जुड़े रहें। वस्तुतः, संरक्षण के साथ यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति को दृश्य-श्रव्य ध्वनियों के प्रति सजग-संवेदनशील बनाने का उद्देश्य भी लिए है। ज्ञात हो कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा ऑडियो-विजुअल मनोरंजन और डिजिटल क्रिएटर्स को बढ़ावा देने के लिए 'विश्व ऑडियो विजुअल मनोरंजन शिखर सम्मेलन और 'जेम्स ऑफ इंडिया' जैसी मुहिम भी शुरू की गई हैं। इतना ही नहीं जनता को जागरूक करने के लिए ही विश्व दृश्य-श्रव्य धरोहर दिवस पर कई तरह की प्रतियोगिताएं, राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागारों, श्रव्य-दृश्य कम्युनिटीज़, टेलीविजन एवं रेडियो स्टेशनों और सरकारों के साझे प्रयासों से कई स्थानीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। महत्वपूर्ण श्रव्य-दृश्य अभिलेखों को सहेजने से संबन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर पैनल चर्चाएं सम्मेलन, विशेष फिल्म स्क्रीनिंग और सार्वजनिक वार्ताएं आयोजित की जाती हैं।इसीलिए आमजन भी अपनी विरासत के प्रति सजग होकर ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध जानकारियों और सहजता से मिल रही सूचनाओं में रुचि लें। अपनी विरासत का मान करने हेतु उसे जानना-समझना जरूरी है। अपनी सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को सहेजने की कोशिशों का हिस्सा बनने का भाव हर पीढ़ी में होना चाहिए। जनमानस के सकारात्मक रुझान से सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण से जुड़े प्रयासों को और बल मिलता है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः



संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो। जिसके पद चिह्नों पर चलकर और जिसके प्रदत्त मार्गदर्शन को अपनाकर जीवन को वैसा ही श्रेष्ठतम व सार्थक बनाया जा सके। यह समर्पण सघन श्रद्धा के माध्यम से ही बन पड़ता है।

भगवान की कृपा से ही सब मिलता है



संकलित
प्रेरणा

एक राजा था, वह जब पूजा के लिए मंदिर जाता, तो 2 भिखारी उसके दाएं और बाएं बैठा करते। दाईं ओर वाला कहता: ए भगवान! तूने राजा को बहुत कुछ दिया है, मुझे भी दे दे। बाईं ओर वाला कहता: ऐ राजा! भगवान ने तुझे बहुत कुछ दिया है, मुझे भी कुछ दे दे। दाईं ओर वाला भिखारी बाईं ओर वाले से कहता: भगवान से माँग! निसंदेह वही सबसे अच्छा सुनने वाला है। बाईं ओर वाला जवाब देता: चुप कर मूर्ख। एक बार राजा ने अपने मंत्री को बुलाया और कहा कि मंदिर में दाईं तरफ जो भिखारी बैठता है, वह हमेशा भगवान से मांगता है। तो निसंदेह भगवान उसकी जरूर सुनेगा। लेकिन जो बाईं तरफ बैठता है, वह हमेशा मुझसे विनती करता रहता है। तो तुम ऐसा करो कि एक बड़े से बर्तन में खीर भर के उस में अशर्फियाँ डाल दो और वह उसको दे आओ। मंत्री ने ऐसा ही किया। अब वह भिखारी मजे से खीर खाते-खाते दूसरे भिखारी को चिढ़ाता हुआ बोला: हुह बड़ा आया, भगवान देगा। यह देख राजा से माँगा, तो मिल गया ना? खाने के बाद जब उस का पेट भर गया, तो उस ने खीर से भरा बर्तन उस दूसरे भिखारी को दे दिया। और कहा: ले पकड़.. तू भी खाले, मूर्ख! अगले दिन जब राजा पूजा के लिए मंदिर आया तो देखा कि बाईं तरफ वाला भिखारी तो आज भी वैसे ही बैठा है। लेकिन दाईं तरफ वाला गायब है। राजा ने चौंक कर उससे पूछा: क्या तुझे खीर से भरा बर्तन नहीं मिला? भिखारी: जी मिला था, क्या शानदार खीर थी। मैंने खूब पेट भर कर खायी! राजा: फिर? भिखारी: फ़िरे वह जो दूसरा भिखारी यहाँ बैठता है, मैंने उसको दे दी। मूर्ख हमेशा कहता रहता था: भगवान देगा, भगवान देगा! राजा मुस्कुरा कर बोला: बेशक, भगवान ने उसे दे ही दिया! इसी तरह हमें भी उस भगवान से ही विनती करनी चाहिए।

सटाका



आज की पाती

पर्यावरण का संरक्षण जरूरी

दुनिया आज जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और बढ़ते प्रदूषण की गंभीर चुनौती का सामना कर रही है। पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी पूरी मानवता की है, लेकिन प्रदूषण के मुद्दे पर विकासशील देशों को अक्सर कठघरे में खड़ा किया जाता है। विकसित देश भूल जाते हैं कि उन्होंने दशकों तक संसाधनों का अधिकतम दोहन कर मजबूत आर्थिक ढांचा खड़ा किया है, जिसकी पर्यावरणीय कीमत पूरी दुनिया चुका रही है। यदि प्रदूषण की जिम्मेदारी तय करनी है, तो ऐतिहासिक कार्बन उत्सर्जन को भी ध्यान में रखना होगा। कार्बन टैक्स और पर्यावरण संबंधी प्रतिबंधों के नाम पर विकासशील देशों के विकास को बाधित करना न्यायसंगत नहीं है।

- सूर्यांश कौशिक, रोहतक

ट्रेंड

मर्यादाएं लांघ रहे राहुल



राहुल गांधी किस तरह मर्यादा की सीमाएं लांघ रहे हैं और रोजाना किस तरह की भाषा का इस्तेमाल करते हैं। अब हम उनकी पार्टी के अध्यक्ष को भी इसी तरह की भाषा का इस्तेमाल करते देख रहे हैं।
-नितिन नवीन, भाजपा अध्यक्ष

सीईसी को बचा रही सरकार



'वोट चोरी के अनगिनत खुलासों' के बावजूद केंद्र सरकार सीईसी ज्ञानेश कुमार को बचाने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। एक नवंबर को रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली होगी। इसे सफल बनाएं। -मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

कॉकरोचों को पनपने न दें



देश में 'दिमागी नक्सल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को कभी भी पनपने न दें। कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं। इन्हें कीटनाशक स्प्रे 'हिट' से ही खत्म किया जा सकता है। आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों।
-शुभेंदु अधिकारी, सीएम, पश्चिम बंगाल

भाजपा के पास कुछ नहीं



भाजपा को हर मुद्दे पर राजनीति करने और जनता का ध्यान भटकाने के बजाय लोकतंत्र से जुड़े सवालों का जवाब देना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष का उद्देश्य किसी का अपमान करना नहीं रहा। भाजपा जिस तरह हंगामा कर रही है, उससे स्पष्ट है कि उसके पास जनता के मुद्दों पर जवाब देने के लिए कुछ नहीं है।
-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

करंट अफेयर

भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण दस्ता यात्रा पर पहुंचा श्रीलंका

भारतीय नौसेना का प्रथम प्रशिक्षण दस्ता दो युद्धपोतों और तटरक्षक बल के एक पोत के साथ सोमवार को तीन दिवसीय सद्भावना यात्रा पर श्रीलंका पहुंचा। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ावा देना है। यह यात्रा लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान का हिस्सा है। इसके तहत दस्ता श्रीलंका के बाद सेशेल्स के पोर्ट विक्टोरिया और मालदीव की राजधानी माले भी जाएगा। इसके बाद यह कोच्चि स्थित अपने आधार बंदरगाह पर लौटेगा। यह प्रशिक्षण दस्ता भारतीय नौसेना, भारतीय तटरक्षक बल और मित्र देशों की नौसेनाओं के प्रशिक्षु अधिकारियों को समुद्र में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस दस्ते की कमान प्रथम प्रशिक्षण दस्ते के वरिष्ठ अधिकारी और आईएनएस तीर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन तिजो के. जोसेफ के हाथों में है। भारतीय मिशन ने बताया कि श्रीलंका नौसेना के पांच प्रशिक्षु अधिकारी भी इस लंबी दूरी के प्रशिक्षण अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। श्रीलंका नौसेना के प्रशिक्षण महानिदेशक रियर एडमिरल रोहन जोसेफ के कोलंबो बंदरगाह पहुंचने पर इन पोतों का दौरा करने और उन पर तैनात कमांडिंग अधिकारियों, प्रशिक्षण अधिकारियों तथा प्रशिक्षुओं से बातचीत करने की योजना है।



ऑफ बीट

ब्रिटेन में लंबे पंजों वाले नए डायनासोर का जीवाश्म मिला

ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट से मिले मांसाहारी डायनासोर की एक नयी प्रजाति की खोपड़ी का जीवाश्म 100 से अधिक वर्षों तक संग्रह में रखे रहने के बाद 'नैचुरल हिस्ट्री म्यूजियम' में दोबारा मिला है। लंदन स्थित इस संग्रहालय के करीब 150 साल के इतिहास में यहां तीन करोड़ से अधिक नमूने हैं। ऐसे में किसी जीवाश्म या चट्टान का संग्रह में कहीं छूट जाना असामान्य नहीं है। संभवत: ऐसा ही ब्रिटेन में खोजे गए इस नए डायनॉसोर के एकमात्र ज्ञात जीवाश्म के साथ हुआ। अनुसंधानकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में दो पैरों पर चलने वाले इस मांसाहारी थेरोपोड डायनासोर का नाम 'इन्विक्टिबेलाट्रिक्स एम्बरिना' रखा है। थेरोपोड डायनासोर के इसी समूह में आधुनिक पक्षी भी शामिल हैं। संग्रहालय के जीवाश्म विज्ञानियों में से एक पॉल बैरेट ने 2020 में जीवाश्मों के संग्रह की जांच के दौरान हड्डी का एक छोटा टुकड़ा देखा। उन्होंने पहचान लिया कि यह डायनासोर की खोपड़ी के एक महत्वपूर्ण हिस्से, यानी मस्तिष्क को सुरक्षित रखने वाली हड्डी (ब्रेनकेस) का टुकड़ा है। संग्रहालय के अभिलेखों की जांच करने पर पता चला कि यह जीवाश्म इंग्लैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित आइल ऑफ वाइट के सडमूर प्वाइंट के पास एक समुद्र तट से मिला था।



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

12वें ब्रिक्स संसदीय फोरम में बोले बिरला

आपसी संप्रभुता के सम्मान संग वैश्विक संबंधों में लोकतांत्रिक दृष्टिकोण अपनाए

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि ब्रिक्स संसदीय मंच पर होने वाली चर्चा हमारे विश्वास, सहयोग को नई दिशा देगी तथा जन केंद्रित विकास के हमारे एकजुटता से लिए हुए संकल्प को और सुदृढ़ करेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद भवन में सोमवार भारत की मेजबानी में 12वें ब्रिक्स संसदीय मंच का आयोजन किया गया। जिसके उद्घाटन समारोह को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया। उन्होंने खासतौर पर इस बात पर जोर दिया कि ब्रिक्स देशों को अपनी-अपनी संप्रभुता का सम्मान करते हुए अंतरराष्ट्रीय संबंधों में लोकतांत्रिक दृष्टिकोण का समावेश करना चाहिए। क्योंकि इसी में संसदीय कूटनीति की वास्तविक शक्ति शामिल है। साथ ही हमें अपने अनुभवों को साझा कार्रवाई में, समझ को विश्वास में और संवाद को ठोस सहयोग में बदलना होगा। उन्होंने विश्वास जताते हुए ये भी कहा कि इस मंच पर होने वाली चर्चा हमारे विश्वास, सहयोग को नई दिशा देगी तथा जन केंद्रित विकास के हमारे एकजुटता से लिए हुए संकल्प को और सुदृढ़ करेगी।

खास बातें
- कार्यप्रणाली में नवाचार लाएं
- साझा को विश्वास में और संवाद को सहयोग में बदलें
- आतंकवाद जलवायु परिवर्तन बड़ी चुनौतियां

लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं



ब्रिक्स संसदीय मंच को संबोधित करते ओम बिरला

लोकसभा अध्यक्ष के मुताबिक, ब्रिक्स समूह को ऐसी सुदृढ़ संसदीय संस्थाओं का निर्माण करना है। जो संकटों के बावजूद विधायी निरंतरता, जवाबदेही तथा लोकतांत्रिक निगरानी सुनिश्चित करें। समूह की संसदें जीवंत संस्थाएं हैं। जिन्हें जन अपेक्षाओं के अनुरूप खुद को ढालना, कार्यप्रणाली में नवाचार को अपनाना, संवाद, सहमति, पारदर्शिता तथा जवाबदेही की परंपरा को मजबूत बनाना है।

संवाद, कूटनीति का बढ़ा महत्व

उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरी दुनिया क्षेत्रीय संघर्षों, युद्ध, आर्थिक अस्थिरता, व्यापारिक तनाव, आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन जैसी बड़ी चुनौतियों से दोचार हो रही है। ये चुनौतियों किसी एक देश विशेष की सीमाओं तक सीमित नहीं हैं। जिसे देखते हुए यह बिलकुल साफ है कि संवाद, कूटनीति और आपसी सहयोग का महत्व और अधिक बढ़ जाता है।

पीएम मोदी ने ब्रिक्स देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडलों से मुलाकात की



ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में संसदीय प्रतिनिधियों के साथ पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला

ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं पर ध्यान दें

बिरला ने कहा कि ब्रिक्स 2026 में अपनी स्थापना के दो दशक पूरे कर रहा है। आज संगठन का तेजी से विस्तार हो रहा है। समूह देश दुनिया की करीब आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं, एक-तिहाई भू-क्षेत्र में फैले हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, व्यापार में महत्वपूर्ण भागीदारी रखते हैं। वैश्विक घटनाक्रम, संबंधों को प्रभावित करने की मंच की क्षमता भी तेजी से बढ़ रही है। ब्रिक्स ग्लोबल साउथ की आवाज को सशक्त बनाने की इच्छा रखता है।

खबर संक्षेप

छत्तीसगढ़ में सड़क हादसे में 5 की मौत

रायपुर। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर खड़े ट्रक से यात्री बस की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन



लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 16 यात्री घायल हो गए। घायलों में से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इस तरह दुर्घटना में मृतकों की संख्या पांच हो गई है। मृतकों में बस चालक और हेल्पर भी शामिल हैं।

होटल में फायरिंग, 5 की मौत, आरोपी गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के गुवाहाटी में सोमवार रात एक होटल में शख्स ने 6 लोगों पर फायरिंग कर दी। इसमें



5 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक घायल है। मरने वालों में एक महिला भी शामिल है। घटना बोरा सर्विस एरिया में स्थित बिलास इन होटल में हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फायरिंग में इस्तेमाल .32 बोर की लाइसेंसी पिस्तौल जब्त की।

भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मंत्री अंबिल महेश अरेस्ट

चेन्नई। तमिलनाडु के पूर्व स्कूल शिक्षा मंत्री द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) के वरिष्ठ नेता महेश



अंबिल महेश पोय्यामोझी को चेन्नई पुलिस की सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी प्राइवेट स्कूलों को लाइसेंस और अन्य मंजूरियों देने के से जुड़े 100 करोड़ रुपए के कथित भ्रष्टाचार मामले में की गई है।

कोर्ट से केरल के पूर्व सीएम को बड़ी राहत

कोच्चि। केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को एकल न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें



केरल के पूर्व सीएम पिनरई विजयन और उनके परिजनों के खिलाफ कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने का निर्देश दिया गया था।

खरगे के बयान पर भड़की भाजपा, इंडिया ब्लॉक के सहयोगियों ने संयम बरतने की दी सलाह

देशव्यापी प्रदर्शन में बिना शर्त माफी की मांग, हार की हताशा में मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस, उसके नेता और गठबंधन के सहयोगी इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सभ्य व्यवहार और शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। चुनावों में लगातार हार से कांग्रेसियों के चेहरे में हताशा दिखती है



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बिहार की राजधानी पटना में रविवार को आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर एक विवादित टिप्पणी कर दी। इस बयान को भारतीय जनता पार्टी ने पीएम नरेंद्र मोदी के परिवार पर व्यक्तिगत हमला बताते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा है। भाजपा नेता कांग्रेस अध्यक्ष के खिलाफ हमलावर है और उनसे बिन शर्त माफी की मांग कर रही है।

वहीं, भाजपा ने सोमवार को पूरे देश में विरोध प्रदर्शन कांग्रेस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस, उसके नेता और गठबंधन के सहयोगी इतने हताश हो चुके हैं कि उन्होंने सभ्य व्यवहार और शालीनता की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। चुनावों में लगातार हार और जनता द्वारा नकारे जाने की हताशा कांग्रेस नेताओं के चेहरे और उनकी भाषा में साफ दिखाई देती है। वे गाली-गलौज करने लग जाते हैं।

अपशब्दों से कम नहीं होगी पीएम की लोकप्रियता

जनता समय आने पर कांग्रेस को उचित जवाब देगी



पटना में भाजपा कार्यकर्ताओं ने खरगे का पुतला जलाया

यह राजनीति की गरिमा का अपमान



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह केवल किसी व्यक्ति या परिवार का अपमान नहीं, बल्कि भारत का अपमान है। यह राजनीति की गरिमा पर भी हमला है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष को विरोध दर्ज कराने, नीतियों पर सवाल उठाने और सरकार की आलोचना करने का पूरा अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत मर्यादा की सीमाओं को पार नहीं करना चाहिए। कांग्रेस ने वैचारिक पतन का भी अनुभव किया है।

भाषा की मर्यादा बनाए रखना जरूरी: पासवान



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि बिहार सभ्यता की जननी है, ऐसे में बिहार की धरती से खरगे द्वारा देश के लोकप्रिय पीएम नरेंद्र मोदी के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा और पद की गरिमा का सम्मान बनाए रखना जरूरी है। राजनीतिक विरोध तथ्यों और तर्कों पर आधारित होना चाहिए, न कि व्यक्तिगत टिप्पणियों पर।

पीएम का अपमान करना उचित नहीं: रामदास आठवले



केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने कहा कि इतने बड़े राजनीतिक दल के अध्यक्ष का पीएम का अपमान करना उचित नहीं है। ऐसा लगता है कि खरगे को इस तरह की टिप्पणियां करने की आदत हो गई है, जो बिल्कुल सही नहीं है।

परिवार को राजनीति में घसीटना गलत: प्रियंका चतुर्वेदी



इंडिया ब्लॉक गठबंधन में शामिल शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि राजनीति में इस्तेमाल होने वाली भाषा का लगातार गिरता स्तर दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीति से कोई संबंध नहीं रखने वाली माताओं, पिताओं, बहनों, को राजनीतिक विवादों में घसीटना पूरी तरह गलत है।

इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं: झा



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने कहा कि खरगे एक अनुभवी नेता हैं और उनसे इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि वह कई बार यह मांग उठा चुके हैं कि संसद का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर इस बात पर चर्चा होनी चाहिए।

बात बढ़ाने की जरूरत नहीं: शशि थरूर

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खरगे का बचाव करते हुए कहा है कि उन्होंने आम बोलचाल में



इस्तेमाल होने वाला एक वाक्य कहा था। थरूर के मुताबिक, इस बयान को किसी के पिता का अपमान मानने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मामले को बेवजह बड़ा मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए।

टीएमसी के दोनों गुटों में बढ़ा विवाद

ऋतब्रत का आरोप, ममता के लोगों ने हलफनामे छीनने की कोशिश की

हलफनामा ले जा रहे ट्रक को लूटने की कोशिश



ममता बेनर्जी, ऋतब्रत बेनर्जी

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के मूल नाम और चुनाव चिह्न को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद तेज हो गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता और ऋतब्रत बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने ममता बेनर्जी के नेतृत्व वाले गुट पर चुनाव आयोग में जमा किए जाने वाले महत्वपूर्ण हलफनामे छीनने की कोशिश का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि इन शपथ-पत्रों का उद्देश्य पार्टी के मूल नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और चुनाव चिह्न 'फूल और घास' पर अपना अधिकार साबित करना है। उन्होंने दावा किया कि कोलकाता से नई दिल्ली जा रहे एक ट्रक को लूटने की कोशिश की गई।

कार्यकर्ताओं ने कोशिश नाकाम की

ऋतब्रत बेनर्जी ने कहा कि हमारे हलफनामे सड़क मार्ग से दिल्ली ले जाए जा रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता 24 तारीख की सुबह इन दस्तावेजों को लेकर चुनाव आयोग में जमा करने के लिए निकले थे। आधे घंटे पहले ट्रक पर कब्जा करने और हमारे दस्तावेजों को छीनने की कोशिश की गई। हमारे कार्यकर्ताओं ने बहादुरी से इसका सामना किया। लड़ाई जारी है। यह 'चार्टर्ड कल्चर' और 'ग्रास रूट' के संकल्प के बीच की लड़ाई है। तानाशाह हर क्षेत्र में संगठित लूट की अपनी कोशिशों में सफल नहीं होंगे। बता दें, इस साल की शुरुआत में ईसीआई ने मूल पार्टी नाम 'ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और इसके मूल चुनाव चिह्न 'घास और फूल' को अस्थायी रूप से फ्रीज कर दिया था। ममता बेनर्जी के गुट को नया नाम 'ममता ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस' और चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट ने बढ़ाई समयसीमा

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को ऋतब्रत बेनर्जी गुट को तृणमूल कांग्रेस के नाम और चुनाव चिह्न से जुड़े विवाद में चुनाव आयोग (ईसीआई) के सामने अपना जवाब दाखिल करने के लिए 10 दिन का अतिरिक्त समय दे दिया। साथ ही, ममता बेनर्जी गुट को भी प्रतिद्वंद्वी गुट के हलफनामे पर जवाब देने के लिए 10 दिन और दिए गए हैं। यह मामला पार्टी पर नियंत्रण को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है, जिसमें दोनों गुट तृणमूल कांग्रेस पर अपना दावा कर रहे हैं। इससे पहले 28 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों को चार सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज और जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। इसके बाद चुनाव आयोग को तीन महीने के भीतर मामले पर फैसला करना था। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने ये निर्देश दिए हैं।

जज ने 16 मिनट में फैसला सुनाया

शाह मानहानि केस में 8 साल बाद राहुल गांधी किए गए बरी

एजेंसी ⏭ सुल्तानपुर

अगस्त 2018 में यूपी के सुल्तानपुर में दर्ज हुए केस का फैसला 26 अक्टूबर 2026 को आया है। कोर्ट ने राहुल को बरी कर दिया है और उनके बयान को अपमानजनक नहीं माना है। बिना ठोस आधार के मुकदमा नहीं करना चाहिए। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने भाजपा नेता को फटकार भी लगाई और कहा कि झूठी वाहवाही पाने के लिए इस तरह के मुकदमे दायर नहीं करने चाहिए। ऐसे मामलों से अदालत का कीमती



राहुल गांधी सुल्तानपुर पहुंचे थे

समय बर्बाद होता है। मामले दायर करने से पहले सावधानी बरतनी चाहिए। बता दें, 8 मई 2018 को राहुल गांधी ने बेंगलुरु में विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान अमित शाह का नाम लिए बिना कहा कि भाजपा ईमानदार राजनीति की बात करती है।

1 नवंबर से दिल्ली में लागू होंगे नए नियम

बाहरी नॉन बीएस-6 वाहनों की एंट्री बैन, बिना पीयूसी फ्यूल नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सर्दी की शुरुआत से पहले ही दिल्ली के कई इलाकों में गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में दर्ज किया गया है। प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए दिल्ली में 1 नवंबर से 'नो पीयूसी, नो फ्यूल' नियम लागू हो जाएगा। बिना वैध पीयूसी सर्टिफिकेट वाले वाहनों को पेट्रोल पंप, डीजल, सीएजी या एलपीजी स्टेशनों पर ईंधन नहीं मिलेगा। वैसे यह नियम पूरे साल चलेगा लेकिन, सर्दियों में सख्ती से इसका पालन कराया जाएगा। दिल्ली में 1 नवंबर



इंडिया गेट के पास धुंध

से 31 जनवरी 2027 तक राजधानी के बाहर रजिस्टर्ड नॉन-BS-6 वाहनों (खासकर कमर्शियल) का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि, बीएस-6,सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को कुछ छूट मिल सकती है। पार्किंग शुल्क को दोगुना किया जाएगा।

उपराष्ट्रपति की चिकित्सा अनुसंधान में निवेश की अपील

तकनीक मानवता की सेवा करे, स्वास्थ्य सेवा के मूल में करुणा और दया जरूरी

एजेंसी ⏭ विजयवाड़ा

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में अधिक निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी गंभीर चुनौतियों का समाधान करने और चिकित्सा क्षेत्र में सुधार लाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का प्रभावी उपयोग जरूरी है। विजयवाड़ा में डॉ. एनटीआर यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज के रूबी जुबली समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही।



नवाचार अहम

उन्होंने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान और नवाचार में निवेश बढ़ाकर स्वास्थ्य क्षेत्र की गंभीर चुनौतियों से निपटने की क्षमता विकसित की जा सकती है। मानवीय संवेदनाओं और करुणा को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

नशे के खिलाफ लड़ाई में नेतृत्व करें डॉक्टर

राधाकृष्णन ने डॉक्टरों से नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। चिकित्सक समाज को जागरूक करें।

एसआईआर विवाद: महाराष्ट्र में 33% मतदाताओं के नाम कटने का दावा

सुप्रीम कोर्ट का समय सीमा बढ़ाने से इंकार, चुनाव आयोग से मांगा जवाब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत दस्तावेज जमा करने और दावे-आपत्तियां दाखिल करने की समयसीमा बढ़ाने से फिलहाल इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने राज्य में एसआईआर के दौरान 33 फीसदी मतदाताओं के नाम हटाए जाने के आरोप वाली याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिकाकर्ता अरुण अनंदगिरि की याचिका पर सुनवाई की।

मतदाताओं से फॉर्म 6 भरवाना सही नहीं



याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने ने पीठ को बताया कि मुंबई और पुणे में करीब 3,500 पुनर्विकास परियोजनाएं चल रही हैं। इनके तहत पुरानी आवासीय कॉलोनियों को तोड़ा जा रहा है, जिसके कारण हजारों लोगों को दूसरी जगह जाना पड़ रहा है। पता और अन्य जानकारियां उपलब्ध नहीं होने के कारण इन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का खतरा है। ऐसे मतदाताओं से फॉर्म 6 भरवाना सही नहीं है।

चिंता न करें, हमें लगेगा तो बढ़ा देंगे समयसीमा

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि आप एक व्हिसलब्लोअर हैं और हमारे पास आए हैं। चिंता मत कीजिए। हम तारीख बढ़ा सकते हैं। अगर हमें लगता है कि कुछ लोग अभी भी अपने दस्तावेज जमा नहीं कर पाए हैं, तो हम ऐसा करेंगे। एसआईआर से जुड़े पिछले मामलों में भी हमने समयसीमा बढ़ाई है। सुप्रीम कोर्ट इस मामले पर पांच नवंबर को सुनवाई करेगा।

चक्रवात अर्नब ने लिया विकराल रूप, 4 राज्यों में चेतावनी

6 लाख लोगों को हटाया जा रहा, ओडिशा में स्कूल बंद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चक्रवात अर्नब बंगाल की खाड़ी से आंध्र प्रदेश के तट की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह मंगलवार को तूफान का रूप ले सकता है। इसके मंगलवार सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकराने की आशंका है। इस दौरान 140 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश में करीब 6 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। तटीय जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मछुआरों को 29 अक्टूबर तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पुडुचेरी में अलर्ट है। इसका असर तेलंगाना, दक्षिणी ओडिशा, छत्तीसगढ़, पूर्वी यूपी व बिहार में दिखेगा।

तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही तीनों सेनाएं पूरी तरह से तैयार



आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में वर्षा

ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात

ओडिशा में 60 रेस्क्यू टीमें तैनात की गईं हैं। 6 जिलों में 28 और 29 अक्टूबर को स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे। इस तूफान के असर से मप्र, यूपी समेत 10 राज्यों में बारिश की भी संभावना है। वहीं, तमिलनाडु में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है।

कैबिनेट सचिव ने तैयारियों की समीक्षा बैठक की

कैबिनेट सचिव डॉ. टीवी सोमनाथन ने चक्रवात की तैयारियों की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति की एक बैठक की अध्यक्षता की है। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों ने तैयारियों की जानकारी दी।

एनडीआरएफ की टीमें तैनात

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने बताया कि उन्होंने अपनी टीमें तैनात कर दी हैं। कुछ अतिरिक्त टीमों को स्टैंडबाय पर रखा गया है। सेना, नौसेना, वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल की बचाव और राहत टीमों को उनके जहाजों और विमानों के साथ तैयार रखा गया है।

1.5 मीटर ऊंची तूफानी लहरें

तूफान के प्रभाव से तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में कुछ स्थानों पर गरज-चमक की आशंका है। 27 और 28 को तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में भारी से बहुत भारी बारिश और कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। कुछ हिस्सों में 29 को भी भारी बारिश हो सकती है।

सीमा पर तनाव को लेकर चीन ने तोड़ी चुप्पी कहा- 'शांति और स्थिरता' बनाए रखें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच आमने-सामने की स्थिति की खबरों के बाद चीन ने प्रतिक्रिया दी है। चीनी विदेश मंत्रालय ने भारत से सीमा संबंधी समझौतों और सहमतियों को लागू करने तथा शांति और स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि दोनों देश राजनयिक और सैन्य माध्यमों से संपर्क में हैं। वहीं, भारत ने कहा है कि सीमा पर स्थिति तब बिगड़ती है, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करते। दोनों देश तनाव कम करने के लिए संवाद जारी रखे हुए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने गुरुवार को कहा था कि सीमा पर तैनात आईटीबीपी के शौर्य कमांडो ने इन परिस्थितियों से निपटने में बेहतर काम किया है। कपूर के बयान के बाद अरुणाचल प्रदेश में तनाव की स्थिति को लेकर चीन ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। उसने भारत से सीमा समझौतों को लागू करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की।

अरुणाचल में सैनिकों के बीच टकराव की स्थिति आए दिन बनती है...

भारत का आरोपः चीनी सैनिकों के गश्त के तय तरीकों से हटने पर बिगड़ती है स्थिति

दोनों ही देश के बीच लंबित मुद्दों के समाधान के लिए बातचीत जारी रखे हुए हैं

एलएसी की समझ बढ़ाने और गलत आकलन से बचने के उपायों पर चर्चा

> चीन की अपीलः सीमा समझौतों का पालन करने और शांति व स्थिरता बनाए रखने पर दिया जा रहा जोर, आगे ही प्रयास होंगे

समझौतों और सहमतियों को बीजिंग सख्ती से करता है पालन : चीन


गुओ जियाकुन

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा, चीन ने दोनों देशों के बीच हुए समझौतों और अहम सहमतियों का लगातार और सख्ती से पालन किया है। उन्होंने कहा, चीन सीमा पर क्षेत्रीय संप्रभुता और स्थिरता बनाए रखने के लिए नियमित गश्त और प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियां करता है। उन्होंने चीन-भारत सीमा पर एक बार फिर आमने-सामने की स्थिति बनने की खबरों पर यह बयान दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा था कि ऐसी घटनाएं तब होती हैं, जब चीनी सैनिक गश्त के तय तरीकों से हटकर काम करते हैं। गुओ ने कहा, चीन और भारत राजनयिक और सैन्य माध्यमों से एक-दूसरे के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, चीन को उम्मीद है कि भारत भी इसी दिशा में काम करेगा। दोनों देश मिलकर आपसी सहमतियों को लागू करेंगे। साथ ही, सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

चीनी सेनाएं तय तरीकों का पालन नहीं करती

इससे पहले, भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन के साथ सीमा पर आमने-सामने की स्थिति के सवाल पर कहा था, जहां तक इस मामले की खास जानकारी का सवाल है, मैं आपको रक्षा मंत्रालय से संपर्क करने के लिए कहूंगा। जैसा कि हम पहले भी बता चुके हैं, भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति समय-समय पर तब बिगड़ती है, जब चीनी सेनाएं गश्त के तय तरीकों का पालन नहीं करती हैं। उन्होंने आगे कहा, दोनों देश लंबित मुद्दों को सुलझाने और वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गलतफहमी व गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य व्यवस्थाओं का इस्तेमाल जारी रखे हुए हैं। दोनों देश सीमा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए उपयुक्त क्षेत्रों में एलएसी की समझ बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए भी सहमत हुए हैं। मैं इस बात पर भी जोर देना चाहूंगा कि सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों के आपसी संबंधों के समग्र विकास के लिए जरूरी है।


जायसवाल

खबर संक्षेप

भारतीय नौसेना ने किया संयुक्त समुद्री अभ्यास

नई दिल्ली। आईएनएस त्रिशूल इटली के सिविटावेकिया शहर पहुंचा है। बंदरगाह पहुंचने से पहले



भारतीय नौसेना के जहाज ने इतालवी नौसेना के जहाज कार्लो मार्गोटिनी के साथ संयुक्त मार्ग अभ्यास पासेक्स किया। युद्धाभ्यास, संचार, कर्मियों का स्थानांतरण और जहाज पर चढ़ने संबंधी गतिविधियां शामिल रहीं। दोनों नौसेनाओं के बीच परिचालन समन्वय मजबूत हुआ और अनुभवों का आदान-प्रदान किया गया।

ब्रह्मपुत्र में बढ़ सकता है बाढ़ का खतरा

बीजिंग। चीन के शोधकर्ताओं ने इस सदी में ब्रह्मपुत्र नदी के जलप्रवाह में वृद्धि की आशंका जताई है, जिससे भारत और बांग्लादेश में बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है।



इस चेतावनी ने तिब्बत में चीन की प्रस्तावित 168 अरब डॉलर की मेगा बांध परियोजना के संभावित प्रभावों पर चिंता बढ़ा दी है। चीनी विज्ञान अकादमी और युन्नान विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पेड़ों के छल्लों के आंकड़ों के आधार पर 1325 से 2020 तक नदी के जलप्रवाह का ऐतिहासिक आकलन किया ।

राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 2.12 लाख करोड़ के रक्षा सौदों को मंजूरी मिली

भारतीय सेना को मिलेंगे नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम जिसमें 82% खरीद स्वदेशी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा क्षेत्र में भारत की सैन्य ताकत बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में 26 अक्टूबर को हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए के रक्षा खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें आधुनिक तोप प्रणाली, हेलिकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम, निगरानी उपकरण और लंबी दूरी तक हमला करने वाले ड्रोन शामिल हैं। इन प्रस्तावों का मकसद तीनों सेनाओं की मारक क्षमता, निगरानी और हवाई सुरक्षा को मजबूत करना है। खास बात यह है कि कुल स्वीकृत स्वीकृति की आवश्यकता में से करीब 82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी।

भारतीय सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल्स, सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, गन शॉट रिस्पॉन्स सिस्टम, लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, वेरी शॉर्ट-रेंज एयर डिफेंस सिस्टम और प्लेटफॉर्म-आधारित काउंटर अनमैन्ड एरियल सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, अनमैन्ड एरियल सिस्टम (लॉन्ग रेंज), सर्विलांस , इंटीग्रेटेड सर्विलांस एंड स्ट्राइक सिस्टम और लॉन्ग रेंज कामिकेज ड्रोन सिस्टम भी इस सूची में शामिल हैं। इनसे सेना की निगरानी, लक्ष्य साधने और दुश्मन के हवाई खतरों से निपटने की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- **वायु सेना के परिचालन और हवाई निगरानी को सुदृढ़ बनाने के लिए कई प्रणालियों की मंजूरी दी गई**
- **स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से हवाई परिवहन को सपोर्ट करने में बड़ा काम आएगा**

टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव में मिलेगी मदद


एयर डिफेंस सिस्टम

एचएमवी वाहन की चुनौतीपूर्ण भूभागों में परिचालन क्षमताओं, लॉजिस्टिक सहायता और गतिशीलता को बढ़ाएंगे। सेल्फ-प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम (एसईआर) व्यवस्थित टुकड़ियों को समान गतिशीलता और मारक क्षमता प्रदान करेगा। जीएसआरएस (गैस, रेस्ट रिसोर्सेज) बलों को आवश्यकता के समय में स्थिति की जानकारी प्रदान करके एक बल गुणक के रूप में कार्य करेगा। एलएमआरएच (लॉन्ग-मैजिक रिसोर्सेज) का उपयोग भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों द्वारा टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव, मानवीय सहायता और आपदा राहत आदि के लिए किया जाएगा।

हेलिकॉप्टर और ड्रोन से मजबूत होगी निगरानी

लाइट मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना दोनों करेंगी। इनका उपयोग टोही और निगरानी, युद्ध, सैनिकों की खोज और बचाव, मानवीय सहायता तथा आपदा राहत जैसे कार्यों में किया जाएगा। नई पीढ़ी के छोटे हवाई खतरों से निपटने में सक्षम होगा। वहीं आधुनिक युद्धक्षेत्र में टैंकों की सुरक्षा और उनके बचे रहने की क्षमता को बढ़ाएगा। निगरानी और ड्रोन सिस्टम सेना की निगरानी तथा लक्ष्य साधने की क्षमताओं को बेहतर बनाएंगे।

वायुसेना को हेलिकॉप्टर और आधुनिक मौसम रडार

भारतीय वायु सेना के लिए हवाई सुरक्षा और युद्ध लड़ने की क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से हेलिकॉप्टरों, वायु रक्षा प्रणालियों, हथियारों और मोबाइल एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई है। स्पेशल यूटिलिटी हेलिकॉप्टर से वायुसेना की महत्वपूर्ण हवाई परिवहन जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। वहीं, एक्स-बैंड डॉप्लर वेदर रडार सिस्टम अग्रिम क्षेत्रों में उच्च-रिजॉल्यूशन वाली, स्थानीय मौसम निगरानी प्रदान करेगा।

नौसेना की युद्ध क्षमताओं और ताकत को बढ़ाने पर जोर

नौसेना की युद्ध क्षमताओं और जहाजों की सुरक्षा बढ़ाने पर जोर दिया गया है। इसके आधुनिक एंटी-शिप मिसाइलों के खिलाफ नौसैनिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम की खरीद को मंजूरी मिली है। वहीं स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित अन्य नौसैनिक प्लेटफॉर्मों के अधिग्रहण दी गई है।

82 फीसदी खरीद भारतीय उद्योगों से होगी

करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए के इन प्रस्तावों में थलसेना, नौसेना और वायुसेना की अलग-अलग परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखा गया है। कुल स्वीकृत आवश्यकता की स्वीकृति में से करीब 82% खरीद भारतीय उद्योगों से की जाएगी, जिससे घरेलू रक्षा विनिर्माण को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, स्वीकृति की आवश्यकता रक्षा खरीद प्रक्रिया में शुरुआती मंजूरी होती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि उपकरणों की खरीद पूरी हो गई है या उनकी डिलीवरी शुरू हो गई है।

समूह देशों के रक्षा मंत्रियों संग होंगी द्विपक्षीय बैठकें

फिलीपींस में आसियान के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व करेंगे राजनाथ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हिंद महासागर क्षेत्र (आईपीआर) में बढ़ती चीन की आक्रामकता के दौर में फिलीपींस की पहली राजधानी रहे सेबू द्वीप में 13 वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारत के प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में बताया कि यह बैठक दो दिवसीय होगी यानी 28 से शुरू होकर 29 अक्टूबर को इसका औपचारिक रूप से समापन हो जाएगा।

2010 में हुई एडीएमएम की पहली बैठक

भारत 1992 से आसियान का संवाद साझेदार बना है। जबकि एडीएमएम-प्लस की पहली बैठक 12 अक्टूबर 2010 को वियतनाम के हनोई में हुई थी। इसके अलावा 2017 से समूह के मंत्री, आसियान, प्लस देशों के मध्य रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सालाना आधार पर बैठक कर रहे हैं। एडीएमएम, समूह में रक्षा संबंधी परामर्श तथा सहयोग का सर्वोच्च तंत्र है। जिसे ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ-पीडीआर, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, तिमोर-लेस्ते, वियतनाम सहित आसियान के 8 संवाद साझेदारों के लिए रक्षा सहयोग को सुदृढ़ बनाने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी देखा जाता है।

साझा हितों वाले विचारों पर चर्चा

अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस आयोजन में भारत के रक्षा मंत्री की आसियान के अपने कई अन्य समकक्ष रक्षा मंत्रियों के साथ अलग से द्विपक्षीय बैठकें होंगी।

जिसमें अमेरिका, चीन के रक्षा मंत्री भी शामिल हो सकते हैं। इन उच्च-स्तरीय वार्ताओं में संबंधित देश के साथ नई दिल्ली के रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे और साझा हितों वाले क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों का आदान-प्रदान किया जाएगा। बातचीत में रणनीतिक साझेदारियों को भविष्य में और अधिक सुदृढ़ बनाने के उपायों पर भी चर्चा की जाएगी। वहीं, एडीएमएम-प्लस की इस बैठक में राजनाथ सिंह अपने संबोधन के दौरान 'क्षेत्रीय-अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान' विषय पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे।

14 साल से सत्ता पर काबिज राष्ट्रपति के गठबंधन को मिली हार

भ्रष्टाचार विरोधी 'स्टूडेंट लिस्ट' को 52% वोट

सर्बिया में छात्र आंदोलन की जीत वुसिक की पार्टी सत्ता से हुई बाहर

एजेंसी ▶▶ सर्बिया

भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुए छात्र आंदोलन ने सर्बिया की राजनीति में बड़ा बदलाव ला दिया है। शुरुआती चुनावी रुझानों के अनुसार, छात्र आंदोलन से उभरे 'स्टूडेंट लिस्ट' गठबंधन ने संसद में पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, रूस समर्थक राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक के गठबंधन को हार का सामना करना पड़ा है।

वुसिक ने अपनी हार स्वीकार करते हुए माना कि विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाने की स्थिति में है। स्वतंत्र मतदान एजेंसियों के शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, 'स्टूडेंट लिस्ट, स्टूडेंट्स विन' को


अलेक्जेंडर वुसिक

52 प्रतिशत यानी करीब 22 लाख वोट मिले, जबकि वुसिक के गठबंधन 'अलेक्जेंडर वुसिक यूनाइटेड सर्बिया' को 39.3 प्रतिशत यानी लगभग 17.2 लाख वोट हासिल हुए।

वुसिक ने अपनी हार के लिए स्वतंत्र मीडिया, कुछ यूरोपीय देशों के कथित हस्तक्षेप और अमेरिकी डीप स्टेट को जिम्मेदार ठहराया। छात्र आंदोलन की शुरुआत नवंबर 2024 में नोवी साद रेलवे स्टेशन की छत गिरने की घटना के बाद हुई थी। हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद सरकारी भ्रष्टाचार, लापरवाही और जवाबदेही की कमी के आरोपों को लेकर देशभर में प्रदर्शन शुरू हो गए।

छात्रों ने विश्वविद्यालयों में विरोध प्रदर्शन और संस्थानों की नाकेबंदी कर सरकार पर दबाव बनाया। आंदोलन से जुड़े प्रमुख उम्मीदवार रादोमिर साइसिक ने इसे ऐतिहासिक जीत बताते हुए कहा कि यह डर पर साहस और निराशा पर उम्मीद की जीत है। छात्र आंदोलन की इस सफलता को युवा मतदाताओं की राजनीतिक भागीदारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश के बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

फारूक के बयान पर भड़के लोग कहा

माफी मांगें या पाकिस्तान चले जाएं एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग

एजेंसी ▶▶ जम्मू

पाकिस्तान को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के बयान के बाद सोमवार को जम्मू में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए। एक भाजपा सांसद ने उनसे कहा कि या तो वे भारत की जनता से माफी मांगें, या फिर पड़ोसी देश में जाकर रहने के बारे में सोचें। अब्दुल्ला ने बारामूला में एक बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों की रक्षा कर रहा है। इस बयान पर तीखी प्रतिक्रियाएं आईं और भाजपा नेताओं तथा कई संगठनों ने उनकी गिरफ्तारी की मांग तक कर दी। अब्दुल्ला ने कहा, अगर आप अपनी पहचान नहीं



बचाएंगे, तो आप मिट जाएंगे। हमारा नामो-निशान और पहचान तक खत्म हो जाएगी। कुछ भी नहीं बचेगा। वे आज इसलिए चुप हैं क्योंकि दुनिया में शोर है, और हमारा पड़ोसी देश लगातार इसके पीछे है। वे हर जगह कहते हैं कि कश्मीर को लेकर अभी फैसला नहीं हुआ है। यही बात हमें बचा रही है। वरना, उनके इरादे अच्छे नहीं हैं।

लैटिन अमेरिका में वामपंथी नेतृत्व की वापसी का संकेत

रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी को दी कड़ी मात

ब्राजील में लूला की फिर जीत, ट्रंप के करीबी बोल्सोनारो को हराया

एजेंसी ▶▶ ब्रासीलिया

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के दूसरे दौर (रनऑफ) में रूढ़िवादी प्रतिद्वंद्वी फ्लावियो बोल्सोनारो को हराकर फिर से चुन लिए गए हैं। देश के चुनाव प्राधिकरण ने यह घोषणा की, जिससे लैटिन अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वामपंथी नेतृत्व के अधीन बनी रहेगी। स्थानीय मीडिया के अनुसार, 78% से अधिक वोटों की गिनती के बाद लूला 51.21% वोटों के साथ आगे चल रहे थे, जबकि बोल्सोनारो को 48.79% वोट मिले थे। चुनाव प्राधिकरण द्वारा लूला की जीत की


बाएं से बोल्सोनारे और लूला

पुष्टि करने से पहले ही पोलस्टर डेटाफोलहा ने उनकी जीत का अनुमान लगा लिया था। यह परिणाम लैटिन अमेरिका में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सहयोगियों के लिए एक बड़ा झटका है। बोलसोनारो की जीत ब्राजील में दक्षिणपंथी झुकाव को दर्शाता। वहीं, लूला की जीत का मतलब है कि अब ब्राजील और मेक्सिको दोनों देशों में वामपंथी विचारधारा वाले नेता हैं। सीनेटर फ्लावियो बोलसोनारो ने वॉशिंगटन के साथ करीबी रिश्ते बनाने के मुद्दे पर चुनाव प्रचार किया था। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के साथ बेहतर समझौते करने का वादा भी किया था। लूला ने ब्राजील के प्रति अमेरिकी नीतियों की आलोचना की थी। इनमें ब्राजीलियाई निर्यात पर लगाए गए शुल्क और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले समूहों को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित करने जैसे मुद्दे शामिल थे। यह मुकाबला दो बिल्कुल विपरीत राजनीतिक खेमों के बीच था। इनके बीच अमेरिका के संबंधों, अपराध, जलवायु और सामाजिक कल्याण जैसे मुद्दों पर गहरे मतभेद थे।

मिसाइल हमले में हुई थी मौत

अब दो महीने बाद भारत आएगा यूक्रेन में मारे गए सुदर्शन का शव

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

यूक्रेन में रूसी मिसाइल हमले में मारे गए तेलंगाना निवासी अविलाला



सुदर्शन गौड़ का पार्थिव शरीर 31 अक्टूबर तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। उनकी पत्नी वी. भार्गवी पिछले दो महीने से शव वापस लाने के लिए सरकारी अधिकारियों से गुहार लगा रही थीं। मुख्यमंत्री के प्रवासी प्रजावाणी कार्यक्रम में शिकायत के बाद प्रक्रिया तेज हुई।

42 वर्षीय सुदर्शन एक मई को रोजगार के लिए यूक्रेन गए थे। वह कीव में एक निर्माण कंपनी में काम कर रहे थे। एक सितंबर को हुए ड्रोन-मिसाइल हमले में 13 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें सुदर्शन भी शामिल थे। परिजनों के मुताबिक, कंपनी ने हादसे की सूचना दी, लेकिन शव भारत लाने की व्यवस्था नहीं की। भारतीय दूतावास ने पार्थिव शरीर वापस लाने में करीब छह लाख रुपये खर्च आने की जानकारी दी थी। सुदर्शन परिवार की आर्थिक जरूरतें पूरी करने के लिए विदेश गए थे। उनकी दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी कॉलेज में पढ़ती है, जबकि छोटी इंटरमीडिएट के दूसरे वर्ष में है। वह अपनी गंभीर रूप से बीमार मां के इलाज का खर्च भी उठा रहे थे।

नेतन्याहू ने संभावित हमले की आशंका जताई सेना को बताया तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री ने फिर दी हमले की चेतावनी

ईरान को युद्ध से रोकने में जुटे तीन देश, तेहरान पहुंचे सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये के प्रतिनिधि

ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच फिर से बड़े सैन्य संघर्ष की आशंका के बीच सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिए हैं। तीनों देशों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को तेहरान में ईरानी अधिकारियों से मुलाकात की। बातचीत का उद्देश्य क्षेत्रीय तनाव कम करना, संभावित युद्ध टालना और ईरान-अमेरिका के बीच समझौते की राह तलाशना है।

यह पहल ऐसे समय में हुई है, जब दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी तेज है और क्षेत्र में सैन्य टकराव की आशंका बनी हुई है। सऊदी अरब के रक्षा मंत्री खालिद बिन सलमान, पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और तुर्किये की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों से बातचीत की। बैठक में अमेरिका और ईरान के बीच संवाद आगे बढ़ाने के उपायों पर चर्चा हुई।

अधिकारियों के मुताबिक, यमन में जारी युद्ध और ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के सऊदी अरब पर हमलों का मुद्दा भी उठा। संबंधित अधिकारियों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी।

ईरान के एक अधिकारी ने भी प्रतिनिधिमंडलों के तेहरान पहुंचने की पुष्टि की। सऊदी अरब ने बयान जारी कर कहा कि इन बैठकों से क्षेत्रीय तनाव कम करने, सुरक्षा मजबूत करने और स्थिरता को बढ़ावा देने के उपाय तलाशने की उम्मीद है।

> ईरान ने कहा, कूटनीति के रास्ते खुले हैं लेकिन आत्मसमर्पण की शर्त मंजूर नहीं

लंबे समय से रूकी बातचीत, यूएस शर्तें थोप रहा



यूएस समझौते की राह तलाशने पर जोर, यमन युद्ध और हूती विद्रोहियों के हमलों पर भी हुई चर्चा

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सप्ताहांत में कहा कि तेहरान ने कूटनीति के रास्ते बंद नहीं किए हैं। मध्यस्थों के जरिए अमेरिका तक संदेश पहुंचाए जा रहे हैं। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से रुकी बातचीत के बावजूद अमेरिका अपनी एकतरफा मांगें थोपने पर अड़ा है। बघाई ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अधिकारी बार-बार ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिसका आशय ईरान के पूर्ण आत्मसमर्पण से है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान ऐसी शर्तें स्वीकार नहीं करेगा।

मतदान से पहले ईरान भी कर सकता है हमला

इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को ईरान को लेकर चेतावनी दोहराई। उन्होंने खुफिया जानकारी का हवाला देते हुए आशंका जताई कि ईरान या उसके समर्थित संगठन चुनावों में बाधा डालने के लिए मतदान से पहले हमला कर सकते हैं। वीडियो बयान में नेतन्याहू ने कहा कि इजराइली सेना बचाव और हमले, दोनों के लिए तैयार है। उन्होंने चेतावनी दी कि विरोधियों को ऐसे जोरदार प्रहार झेलने पड़ सकते हैं, जिनकी वे कल्पना भी नहीं कर सकते। ईरान और अमेरिका के बीच मांगों को लेकर मतभेद तथा इजराइल की सख्त चेतावनियों के बीच क्षेत्रीय तनाव कम करना बड़ी चुनौती बना हुआ है। ऐसे में बातचीत आगे बढ़ने की उम्मीद है।

किफायती आवास और जल सुरक्षा की नई नीतियों के प्रारूप का होगा विमोचन

अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 में शहरी विकास, निवेश, आधुनिक अधोसंरचना को मिलेगी एक नई पहचान, सीएम होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगरीय विकास एवं आवास विभाग 28 अक्टूबर बुधवार को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 का आयोजन करने जा रहा है। कॉन्क्लेव में प्रदेश में शहरी विकास, निवेश संवर्धन, आधुनिक नगरीय अधोसंरचना, डिजिटल गवर्नेंस, किफायती आवास और जल सुरक्षा से जुड़ी संभावनाओं पर मंथन होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव



2.0 प्रदेश के शहरों को आधुनिक, सुविधायुक्त और निवेश के लिए अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मंच होगा। कॉन्क्लेव 2.0 के माध्यम से नगरीय विकास से जुड़ी परियोजनाओं, नीतिगत पहलों और नवाचार आधारित समाधानों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

नगरीय विकास परियोजनाओं का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण

कॉन्क्लेव के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रदेश में विभिन्न नगरीय विकास परियोजनाओं का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत निर्मित आवासों के साथ पुनर्घनत्वीकरण, कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र, जलप्रदाय, सीवरेज और नगरीय अधोसंरचना विकास से संबंधित कार्य शामिल हैं। इन परियोजनाओं से शहरों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, आवासीय आवश्यकताओं की पूर्ति और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में कार्य होगा।

आवास और जल की दिशा में नई पहल

मप्र अर्बन अफोर्डेबल हाउसिंग एंड हैबिटेट पॉलिसी, 2026 के प्रारूप का मुख्यमंत्री डॉ. यादव की ओर से विमोचन किया जाएगा। नीति का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में किफायती आवासों की उपलब्धता बढ़ाना और आवास क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है। इसके तहत किराए के आवास, पुनर्विकास, शासकीय भूमि के बेहतर उपयोग तथा आधुनिक नगर नियोजन के माध्यम से आवासीय सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया जाएगा। मप्र ट्रीटेड वेस्टवॉटर रिसाइक्लिंग एंड रीयूज पॉलिसी, 2026 के प्रारूप का विमोचन भी होगा। इसके माध्यम से उपचारित अपशिष्ट जल के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा। लैंडस्केपिंग और अन्य गैर-पेय उपयोगों में उपचारित जल का इस्तेमाल बढ़ाकर ताजे जल स्रोतों पर निर्भरता कम करने की दिशा में काम किया जाएगा।

डिजिटल गवर्नेंस और आधुनिक नगर नियोजन पर फोकस

कॉन्क्लेव में शहरी शासन व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित बनाने के लिए डिजिटल तकनीक के उपयोग पर चर्चा की जाएगी। पुनर्घनत्वीकरण, पुनर्विकास, ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट और ट्रांसफरेबल डेवलपमेंट राइट्स जैसे आधुनिक नियोजन साधनों पर विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे। अपशिष्ट से संसाधन निर्माण और सर्कुलर इकोनॉमी के माध्यम से सतत शहरी विकास को प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा होगी। डिजिटल तकनीक और आधुनिक नियोजन पद्धतियों के माध्यम से नगरीय सेवाओं को अधिक सुगम और प्रभावी बनाने की संभावनाओं पर विचार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों से करेंगे वन टू वन चर्चा

सीएम चयनित निवेशकों और उद्योग प्रतिनिधियों के साथ वन-टू-वन बैठकें भी करेंगे। इनमें आवास, शहरी अधोसंरचना, अक्षय ऊर्जा, जल प्रबंधन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश एवं सहयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अधोसंरचना के विकास में निवेश के नए विकल्पों और वित्तीय संस्थानों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना कॉन्क्लेव का प्रमुख उद्देश्य है। इसके माध्यम से प्रदेश में चल रही निवेश एवं वित्तपोषण की संभावनाओं को साझा मंच उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रभावी प्रबंधन भविष्य की शहरी आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि किफायती आवास और जल संसाधनों का प्रभावी प्रबंधन भविष्य की शहरी आवश्यकताओं के लिए महत्वपूर्ण है। नई नीतियों के माध्यम से आवास की उपलब्धता बढ़ाने, निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने और जल के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जामली के गायत्री धाम में गायत्री परिवार के साथ किया योगाभ्यास

परमात्मा ने हम सभी के मन में जो दीप प्रज्ज्वलित किया है, वह हमारे जीवन भर ऊर्जा का स्रोत बना रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार सुबह बड़वानी जिले के जामली (सेंधवा) के गायत्री धाम में गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने योग, आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक विचारों और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को सद्भावना एवं सत्कर्मों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शरद पूर्णिमा के साथ आज से वास्तव में दीपावली का शुभारंभ हो गया है। परमात्मा ने हम सभी के मन में जो दीप प्रज्ज्वलित किया है, वह जीवन भर ऊर्जा का स्रोत बना रहे। हमारा शरीर जब तक साथ दे, तब तक हमारे हाथों से सत्कर्म होते रहें, मन में सद्भावना बनी रहे और दुर्विचार समाप्त हों। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनुष्य का जन्म लेना और जीवन यात्रा पूर्ण करना, सब ईश्वर की कृपा से निर्धारित समय का हिस्सा है। महाकाल, भगवान श्रीकृष्ण और मां गायत्री की कृपा से हमें जो जीवन मिला है, उसका अधिकतम सदुपयोग करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन के समय का श्रेष्ठतम उपयोग करते हुए अच्छे कार्य करने और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।



गायत्री धाम में गायत्री परिवार के साथ सीएम ने किया योगाभ्यास।

शरीर से आगे आत्मा की यात्रा का आध्यात्मिक महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय दर्शन के प्रसिद्ध वैदिक वाक्य 'यत पिण्डे तत ब्रह्मांडे' का उल्लेख करते हुए कहा कि जो तत्व हमारे शरीर में विद्यमान हैं, उन्हीं का व्यापक स्वरूप ब्रह्मांड में भी दिखाई देता है। प्रकृति, वनस्पति, पंचतत्व और प्राणतत्व का मानव जीवन में विशेष महत्व है। पंचमहाभूतों के माध्यम से सृष्टि और जीवन की संरचना को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि शरीर से आगे आत्मा की यात्रा का आध्यात्मिक महत्व भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परमात्मा की कृपा से हम सभी को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। जीवन में आध्यात्मिक चेतना, सद्भावना और सत्कर्मों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के कल्याण में योगदान देना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने नरसिंहपुर जिले में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीसी से

किसानों की समृद्धि और कृषि विकास पर है विशेष फोकस

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को कृषि उपज मंडी समिति प्रांगण नरसिंहपुर में हुए बलराम कृषि महोत्सव को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने बलराम कृषि महोत्सव आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि नरसिंहपुर जिला खेती-किसानी और उन्नत कृषि पद्धतियों के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां की कृषि और किसानों की मेहनत के उदाहरण देशभर में देखने को मिलते हैं। बलराम कृषि महोत्सव किसानों के सम्मान, कृषि विकास और उनकी समृद्धि के संकल्प को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

खेतों-खलिहानों को समृद्ध बनाने का आव्हान

सीएम ने कहा कि किसानों की समृद्धि के लिए कृषि के साथ-साथ सिंचाई, जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देना आवश्यक है। सरकार नदी जोड़ो अभियान सहित विभिन्न क्षेत्रों में कृषि एवं इससे जुड़े व्यवसायों के विकास के प्रयास कर रही है। कृषि क्षेत्र को मजबूत बनाने और किसानों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए प्रयास जारी हैं। उन्होंने बलराम कृषि महोत्सव को किसानों के बीच कृषि संबंधी जानकारी, आधुनिक तकनीकों और उन्नत खेती के तरीकों को साझा करने का महत्वपूर्ण मंच बताकर किसानों से नई कृषि पद्धतियों को अपनाने को कहा। सीएम ने किसानों से परम्परागत खेती के स्थान पर अब अधिक आमदनी देने वाली उन्नत खेती कर खेतों-खलिहानों को समृद्ध बनाने का आह्वान किया।

दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिले से उनका विशेष स्नेह रहा है। मुख्यमंत्री ने सभी के कल्याण एवं समृद्धि की कामना की तथा किसानों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं भी दीं। बलराम कृषि महोत्सव को मप्र राज्य सहकारी बैंक (अपैक्स बैंक) के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि किसान देश का अन्नदाता है और उसकी समृद्धि से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। भगवान बलराम की जयंती को किसान दिवस के रूप में मनाने की पहल किसानों के सम्मान और कृषि विकास को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

प्राकृतिक खेती एवं आधुनिक कृषि यंत्रों की लगी प्रदर्शनी

नरसिंहपुर मंडी प्रांगण में आधुनिक कृषि यंत्रों, ड्रिप-स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणालियों एवं कृषि नवाचारों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इनमें ग्राम चीलाचौनकलां, विकासखंड नरसिंहपुर के इन्द्रपाल पटेल शामिल हैं। इसी प्रकार विकासखंड चीचली के ग्राम पुसारिया की श्रीमती शिवानी कौरव प्राकृतिक खेती एवं केंचुआ खाद इकाई के माध्यम से कृषि को प्रोत्साहित कर रही हैं। विकासखंड गोटेगांव के ग्राम रीछा के लक्ष्मण पटेल कृषक एवं प्राकृतिक ढाई/ड्रिप-डाल उत्पादन से संबंधित गतिविधियों में अपने अनुभव साझा किए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश कोर कमेटी की बैठक के बाद की मीडिया से चर्चा

मल्लिकार्जुन की टिप्पणी कांग्रेस की राजनीतिक मर्यादा पर सवालः हेमंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित प्रदेश कोर कमेटी की बैठक के बाद मीडिया से चर्चा की। इस दौरान खंडेलवाल ने कहा कि बैठक में संगठनात्मक, राजनीतिक और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिता के विरुद्ध कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी की कोर कमेटी ने घोर निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया है। बैठक में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान, भगवान बिरसा मुंडा जयंती के कार्यक्रमों, राज्यसभा उम्मीदवार के चयन, केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रदेश सरकार के तीन वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने सहित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिताजी पर की गई अशोभनीय एवं अपमानजनक टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है। इस तरह की टिप्पणी राजनीतिक मर्यादाओं का उल्लंघन है।



तीन बड़े शहरों में होंगी बड़ी रैलियां

खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति और उसके रवैये के विरोध में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत प्रदेश में व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत भोपाल, इंदौर और जबलपुर में बड़ी रैलियां आयोजित होंगी, जिनमें लगभग एक लाख लोगों की सहभागिता का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

खाली सीट के लिए 4-5 नामों पर विचार-विमर्श

खण्डेलवाल ने कहा कि राज्यसभा की रिक्त हुई एक सीट के लिए उम्मीदवार के चयन को लेकर कोर कमेटी की बैठक में विस्तार से चर्चा हुई। प्रदेश और प्रदेश के बाहर के संभावित उम्मीदवारों सहित चार-पांच नामों पर विचार-विमर्श किया गया। इन नामों का पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व को भेजने पर सहमति बनी है। उम्मीदवार के संबंध में अंतिम निर्णय केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा।



नगरीय निकायों में 11 सौ करोड़ के घोटाले, पर कार्रवाई पर उठ रहे सवाल....

मप्र के नगरीय निकायों में 1100 करोड़ रुपए से ज्यादा के घोटाले का खुलासा खुद विभाग के अपर मुख्य सचिव ने महीनों पहले कर दी थी, किंतु मामला दबा रहा और इस पर जमकर खेल चलता रहा। आखिर यह मामला कब तक दबा रहता। एक दिन किसी ने पूरी वीडियो लीक कर दी। इसके बाद हंगामा बरपा और अपर मुख्य सचिव को सामने आकर बताना पड़ा कि क्या कार्रवाई की गई है। खैर यह तो एसीएस साहब की बात हुई। बताते हैं कि जिस कार्रवाई की बात हो रही है, वह तो महज दिखावा है। सोचिए, जिसने करोड़ों के घपले किए और उसका महज दो वेतनवृद्धि रोकी जाए और सरकारी पैसे का कोई हिसाब न लिया जाए, इस तरह की कार्रवाई पर क्या कहेंगे? विभाग में इस तरह की कार्रवाई को लेकर खुद विभाग के ही अफसर सवाल उठाते हैं। खासकर इसलिए कि प्रदेश, संभाग और जिले के अफसर बराबर के भागीदार हैं, आखिर उनके खिलाफ क्या हुआ। यानी एआई नहीं होता तो करोड़ों के घपले का खुलासा नहीं होता।

सिया और साहब के बीच तकरार की मुख्य वजह आखिर क्या है?

मप्र में पर्यावरण अनुमतियों को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था और संवैधानिक संस्था के बीच तनातनी एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। राज्य स्तरीय पर्यावरण समाधान निर्धारण प्राधिकरण (सिया) के चेयरमैन एसएस चौहान ने पर्यावरण विभाग के अपर मुख्य सचिव को एक बेहद कड़ा पत्र लिखकर संस्था के कामकाज में दखल न देने की चेतावनी दी है। पत्र में एसीएस की कार्यशैली को 'ऊटपटांग हरकतें' करार देते हुए इसे तत्काल बंद करने को कहा गया है, जिससे एक बार फिर शासन और पर्यावरण निकाय के बीच तीखा टकराव शुरू हो गया है। दो संस्थानों के बीच टकराव कोई खास बात नहीं है, पर इसका सीधा असर प्रदेश के विकास पर पड़ने लगा है। ऐसे में लोग इस टकराव की वजह तलाशने लगे हैं कि पर्दे के पीछे की कहानी क्या है, यह कोई बता दें।

रायचूरा अब लोकायुक्त को बताएंगे, किसे कितना दिया है...

आबकारी विभाग के ओएसडी रायचूरा का मामला अभी तक शांत नहीं हो पाया है। उनके निलंबन के बाद अभी दो दिन पहले लोकायुक्त ने भी रायचूरा के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मामला दर्ज किया है। लोकायुक्त जल्दी ही उनसे पूछताछ करेंगी। बताते हैं कि रायचूरा से पहला सवाल यही होगा कि किसे कितना और कब-कब दिया है। उनसे यह भी पूछा जाएगा कि किसके कहने पर इतनी बड़ी राशि का वारा न्यारा किया। लोकायुक्त ने बाकायदे इसके लिए सवाल तैयार कर लिया है। सवालों में उलझना तय माना जा रहा है। बताते हैं कि लोकायुक्त पुलिस की जांच कुछ अलग तरह की होती है। इसका बाकायदे हिसाब किताब देना होता है। रायचूरा से उस कथित डायरी के बारे में भी पूछी जाएगी कि वह कहां है और उसमें किसका नाम दर्ज है।

साहब आखिर क्यों मैडम से रहते हैं दूर.....

एक सीनियर आईएएस की इन दिनों प्रशासनिक गलियारे में खूब चर्चा हो रही है। बताते हैं कि साहब वैसे तो कड़क मिजाज के हैं, पर कुछ मामले वे काफी नरम दिल के भी हैं। पिछले दिनों उनकी पदस्थापना एक जगह हुई थी वहां आते ही साहब ने दर्जनों कर्मचारियों को विभाग से ही किनारे कर दिया। इस दौरान खूब विरोध हुआ, पर साहब ने किसी की नहीं सुनी। सभी कर्मचारी आउटसोर्स वाले थे, तो मन मसोस कर रह गए। किंतु अंदर की जो बात है, वह निराली है। साहब ने अपने एक सबसे खास को डिस्टर्ब नहीं किया। साहब व मैडम दोनों चूंकि दूर- दूर हैं, तो वह सबसे खास अब साहब के लिए किसी सहारे से कम नहीं है। रात हो या दिन साहब की एक एक परेशानी के लिए सबसे खास का ही सहारा है। बताते हैं कि मैडम को भी इसकी पतासाजी हो गई है। इससे चर्चाएं कुछ खास होने लगी है।

हरि अग्रहरि

केंद्रीय मंत्री चौहान से मिलने पहुंचे प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब



भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब ने सोमवार को केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की।

संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर हुआ विचार-विमर्श

किसान कांग्रेस ने किसान हितों की लड़ाई को लेकर बनाई रणनीति संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने पर हुआ विचार-विमर्श

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश किसान कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय समन्वय समिति की हुई बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और प्रदेशभर में किसान हितों की लड़ाई को प्रभावी ढंग से लड़ने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

बैठक में प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे सभी जिलाध्यक्षों एवं नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों ने सहभागिता की। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व ने उन पर दोबारा विश्वास जताकर जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह किसानों के हितों के लिए



उनके द्वारा किए गए निरंतर संघर्ष और संगठन के प्रति समर्पण का सम्मान है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे पहले की तरह आगे भी किसानों के अधिकारों की लड़ाई पूरी प्रतिबद्धता तथा किसान कांग्रेस को प्रदेश में और अधिक सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

गांव-गांव तक पहुंचाना होगी आवाज

बैठक में संगठन प्रभारी संजय कामले ने आगामी कार्ययोजना के संबंध में मार्गदर्शन देते हुए संगठन को सक्रिय, मजबूत और जनोन्मुखी बनाने पर जोर दिया। डॉ महेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि किसान कांग्रेस को गांव-गांव तक पहुंचाकर किसानों की आवाज बुलंद करनी होगी तथा संगठन की ताकत को जमीनी स्तर पर बढ़ाना होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसान कांग्रेस का संगठन ब्लॉक, पंचायत और गांव स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। प्रत्येक स्तर पर सक्रिय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की नियुक्ति कर उन्हें किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, ताकि किसान कांग्रेस किसानों के बीच रहकर उनकी लड़ाई लड़ सके।

आदिवासियों के जल-जंगल-जमीन के जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरा

जेल में 26 दिन से बंद दिव्या अहिरवार से पटवारी ने की भेंट

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को पन्ना पहुंच कर केन-बेतवा परियोजना के खिलाफ आंदोलन के चलते करीब 26 दिनों से जेल में बंद दिव्या अहिरवार से मुलाकात की और उनके संघर्ष के प्रति एकजुटता व्यक्त की। पटवारी ने आदिवासियों के साथ हो रहे कथित अन्याय, दमन और उनके जल-जंगल-जमीन के अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आदिवासियों के हक, सम्मान और न्याय की लड़ाई में कांग्रेस अंत तक उनके साथ खड़ी रहेगी। आदिवासियों के साथ होने वाले अन्याय के खिलाफ कांग्रेस की आवाज लगातार बुलंद होती रहेगी। भाजपा सरकार को याद रखना चाहिए कि जेल की सलाखें आदिवासियों के संघर्ष की आवाज को कैद नहीं कर सकतीं।

कहा, हक, सम्मान और न्याय की लड़ाई में अंत तक उनके साथ खड़ी रहेगी कांग्रेस



आदिवासियों के साथ अन्याय और दमन की हदें पार

पटवारी ने कहा कि आदिवासियों के साथ अन्याय और दमन की सारी हदें पार हो चुकी हैं। अपने अधिकारों और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए आवाज उठाने वालों को जेल में डालकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है। केन-बेतवा परियोजना को लेकर अपने हक की लड़ाई लड़ रही बहन दिव्या अहिरवार का करीब 26 दिनों से जेल में बंद रहना बेहद चिंताजनक है। पटवारी ने कहा कि पन्ना और छतरपुर के आदिवासियों के अधिकारों की अनदेखी और उनकी जमीन छीनने के प्रयासों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

प्लांट से कैंसर फैलेगा: सिंघार

भोपाल। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रीवा के सरई गांव में प्रस्तावित परमाणु बिजलीघर को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। सोमवार को भोपाल स्थित अपने सरकारी आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सरकार कैंसर के लिए पावर प्लांट डालना चाहती है? कसिंघार ने परियोजना की साइट बदलने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि इसके लिए गरीब आदिवासियों, दलितों और किसानों को उजाड़ने की तैयारी है।



ग्रामसभा ने अनुमति देने से किया इंकार

सिंघार ने बिजलीघर के लिए बोरिंग की अनुमति से जुड़े पत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार पंचायत की अनुमति मिलने की बात कह रही है, जबकि ग्रामसभा ने अनुमति देने से इंकार किया है। उनके अनुसार, सरपंच कोमल संजय सिंह ने आयुक्त और कलेक्टर को पत्र लिखकर संबंधित दस्तावेज को फर्जी बताया है। सिंघार ने कहा, "ना मैंने साइन करी, ना मैंने एनओसी दी।" उन्होंने पूछा कि आबादी संबंधी मानकों और पर्यावरणीय प्रभावों का आकलन किया गया है या नहीं और स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई।

डीआरएम ने किया सम्मानित, ड्यूटी के दौरान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पटरी में दरार हो या मालगाड़ी के वैगन का जाम ब्रेक, रेलकर्मियों की सतर्कता ने संभावित हादसों को टालने में अहम भूमिका निभाई। भोपाल मंडल में ड्यूटी के दौरान तकनीकी खामियों और ट्रैक पर खतरे को समय रहते पहचानकर अधिकारियों को सूचना देने वाले 7 रेलकर्मियों को डीआरएम पंकज त्यागी ने सम्मानित किया। कर्मचारियों की सूझबूझ से समय पर जांच और सुधारात्मक कार्रवाई हो सकी, जिससे रेल परिचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिली।

पटरी में दरार, मालगाड़ी का जाम ब्रेक जाम रेलकर्मियों की सतर्कता से टले 5 रेल हादसे



पहिया जाम होने के संकेत मिले तो ट्रेन रुकवाई

शाडोरा के उप स्टेशन प्रबंधक धनराज मीना ने 11 सितंबर को मालगाड़ी के एक वैगन में असामान्य स्थिति देखकर गाड़ी को जांच के लिए रुकवाया। जांच में ब्रेक ब्लॉक जाम मिला। खराबी दूर करने के बाद मालगाड़ी का संचालन दोबारा शुरू किया गया। राजगढ़ के रेलकर्मी राजेश कुमार ने भी तकनीकी जांच और सुधारात्मक कार्रवाई में योगदान दिया।

कहीं पटरी के वेल्ड में दरार, कहीं जाम मिला ब्रेक

अशोक नगर के ट्रैक मेंटेनर कैलाश ने 2 सितंबर को डाउन ट्रैक के वेल्ड में दरार देखी और तत्काल अधिकारियों को सूचना दी। वहीं, अशोक नगर के कांटेवाले रामचरण पटेल और गुड्स ट्रेन मैनेजर कमलेश मीना ने 3 सितंबर को शंटिंग के दौरान वैगन में हॉट एक्सल से जुड़ी असामान्य स्थिति पर सतर्कता दिखाई। मोहना के ट्रैक मेंटेनर मुकेश कुमार और अवधेश शर्मा ने 6 सितंबर को घाटीगांव-पनिहार सेक्शन में भारी बारिश के कारण ट्रैक पर पानी से जुड़े संभावित खतरे की सूचना दी। गुलाबगंज के ट्रॉलीमैन प्रफुल्ल प्रकाश पुरोहित ने 29 सितंबर को मालगाड़ी के वैगन का ब्रेक जाम होने की जानकारी दी।

रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

डीआरएम पंकज त्यागी ने कर्मचारियों की सतर्कता और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रत्येक कर्मचारी की सजगता संभावित दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी अजीत सिंह चौहान, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक रोहित मालवीय और वरिष्ठ मंडल इंजीनियर रामेन्द्र पाण्डेय मौजूद रहे।

आयशर कॉलेज के पास ओवरटेकिंग के दौरान हादसा

ट्रक की टक्कर से घायल युवक की मौत, साली गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



खजूरी सड़क थाना क्षेत्र आयशर कॉलेज के पास ट्रक ने बाइक सवार जीजा साली की बाइक को टक्कर मार दी। हादसा शनिवार शाम का है। ट्रक की टक्कर से जीजा साली को गंभीर चोट आई थी। दोनों को एंबुलेंस हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। वहां इलाज के दौरान जीजा की मौत हो गई, जबकि साली की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार मिलन सहरिया पिता जगदीश सहरिया (28) मूलतः विदिशा का रहने वाला था और मुगालिया छाप में रहकर एक किसान के घर हाली का काम करता था। शनिवार शाम मिलन गांव से अपनी साली क्रांति सहरिया को बाइक पर लेकर मुगलिया छाप आ रहा था। जीजा-साली की बाइक को आयशर ट्रक ने टक्कर मार दी। बताया जाता है कि बाइक ट्रक के साइड से चल रही थी। ओवर टैक करते समय ट्रक के चालक ने ट्रक लापरवाहीपूर्वक मोड़ लिया। इससे मिलन की बाइक ट्रक में जा घुंसी थी। हादसे में मिलन और उसकी साली को शरीर सहित सिर में गंभीर चोट थी। दोनों को एंबुलेंस हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची, वहां सोमवार सुबह मिलन की इलाज के दौरान मौत हो गई।

तीन गिरफ्तार, चोरी में इस्तेमाल मारुति-800 और 10 कॉपर बंडल बरामद

सुपरवाइजर ने दो साथियों के साथ भेल से चोरी किया था 4.72 लाख के कॉपर रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गोविंदपुरा पुलिस ने भेल कारखाने से लाखों रुपए का कॉपर रोल चोरी के मामले में कारखाने के एक सुपरवाइजर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत कॉपर रोल चोरी किए और उन्हें कबाड़ी को बेच दिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 10 कॉपर बंडल और वारदात में इस्तेमाल की गई मारुति-800 कार बरामद की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत पांच लाख रुपए बताई गई है। चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ियों को भी आरोपी बनाया गया है।

पुलिस के अनुसार 13 अक्टूबर 2026 की सुबह भेल कारखाने के सीआईएम ब्लॉक नंबर-8 स्थित मटेरियल स्टोर से कॉपर रोल चोरी किए गए थे। स्टोर में अंधेरा होने का फायदा उठाकर दो व्यक्ति कॉपर रोल ले जाते हुए सीसीटीवी कैमरों में दिखाई दिए थे। चोरी किए गए 21 कॉपर रोल का कुल वजन करीब 525 किलोग्राम और कीमत लगभग 4.72 लाख रुपए बताई गई। इस संबंध में फरियादी राम कुमार सिंह ने गोविंदपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पूछताछ में खुला चोरी का राज

जांच के दौरान संदेह के आधार पर भेल के मेंटेनेंस स्टोर में पदस्थ सुपरवाइजर सुधीर कुमार पाल को पूछताछ के लिए बुलाया गया। शुरूआत में उसने गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पूछताछ में अपने दो साथियों के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस के अनुसार, सुधीर ने मोहल्ले में रहने वाले धर्मेंद्र कटियार उर्फ मयूर और ओमप्रकाश बंजारे उर्फ दीपक के साथ मिलकर कॉपर रोल चोरी करने की योजना बनाई थी।

पांच लाख रुपए का मशरूका बरामद

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सुधीर कुमार पाल, धर्मेंद्र कटियार और ओमप्रकाश बंजारे को गिरफ्तार किया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के 10 कॉपर बंडल, जिनकी कीमत करीब 3.50 लाख रुपये है, और वारदात में इस्तेमाल की गई मारुति-800 कार, जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख रुपए जब्त की गई।

अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच

पुलिस अब मामले में चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ियों और बीएचईएल के अन्य कर्मचारियों की संभावित संलिप्तता की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अवधपुरी में घर से 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक चोरी

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित वर्धमान ग्रीन वैली में डीसीपी 12 बोर की लाइसेंसी दो नाल बंदूक चोरी कर ले गए। बंदूक की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। मकान मालिक ग्वालियर में पदस्थ हैं और भोपाल स्थित घर पर कभी-कभार ही आते हैं। इसी दौरान चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रामेश्वर कुमरे (53) वर्धमान ग्रीन वैली एक्सटेंशन, अवधपुरी में रहते हैं। वे वर्तमान में ग्वालियर में शासकीय विभाग में पदस्थ हैं। भोपाल स्थित उनका मकान अक्सर बंद रहता है। 18 अक्टूबर की शाम करीब 5 बजे वे मकान में ताला लगाकर रायसेन जिले के गौहरगंज थाना क्षेत्र स्थित अपने फार्म हाउस चले गए थे। अगले दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे उनकी काम करने वाली नेहा पटेल घर पहुंची तो मुख्य गेट का कुंदा टूटा मिला।

- अवधपुरी की वर्धमान ग्रीन वैली एक्सटेंशन कॉलोनी में वारदात, बंद मकान का कुंदा तोड़कर घुसे बदमाश, पुलिस तलाश में जुटी

मकान में चोरी होने की आशंका पर उसने रामेश्वर को मोबाइल पर कर सूचना दी। इसके बाद उन्होंने डायल-112 पर भी शिकायत की थी। उस समय उन्हें चोरी गए सामान की जानकारी नहीं थी। 25 अक्टूबर को भोपाल स्थित मकान पहुंचकर उन्होंने सामान की जांच की तो अलमारी में रखी 12 बोर की हाफ दो नाली बंदूक गायब मिली। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस अब घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

दंपती में विवाद, पत्नी का गला घोंटकर हत्या का प्रयास किया

भोपाल। स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित द्वारिका नगर में दंपती के बीच हुई मामूली कहासुनी देखते ही देखते विवाद में बदल गई। विवाद बढ़ने पर पति ने पत्नी का बनियान से गला घोटने का प्रयास किया। गला घोटने से वह बेसुध हो गई तो आरोपी पति मौके से भाग निकला। बच्चे मां को लेकर अस्पताल पहुंचे थे। वहां चले इलाज के बाद उसके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- शराब पीने को लेकर हुआ विवाद, बेसुध होने पर भागा पति, हत्या के प्रयास का केस दर्ज

पुलिस के अनुसार सरोज ठाकुर (42) द्वारिका नगर, स्टेशन बजरिया में रहती हैं और गृहणी हैं। उसका पति हुकुम ठाकुर प्राइवेट काम करता है और शराब पीने का आदी है। सरोज और हुकुम के परिवार में तीन बच्चे हैं। सरोज ने पुलिस को बताया कि गत 22 अक्टूबर की रात पति शराब के नशे में घर पहुंचा था। शराब पीने की बात को लेकर उसकी पति से कहासुनी हो गई। कहासुनी बढ़ने पर पति ने बनियान से उसका गला घोंट दिया। गला घोटने से वह बेसुध हो गई तो आरोपी पति घर से फरार हो गया।

लोगों ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

मंदिर से लौट एक्टिवा सवार बुजुर्ग महिला के गले से चेन झपटी

चोरी की स्कूटर से बदमाशों ने की वारदात, नाबालिग भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित वल्लभ नगर में भाजपा कार्यालय के पास एक्टिवा सवार बुजुर्ग महिला से स्कूटर सवार बदमाशों ने चेन झपट ली। घटना रविवार शाम करीब पौने पांच बजे के आसपास की है। बुजुर्ग अपनी बहू के साथ एक्टिवा से जैन मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं। इसी दौरान स्कूटर सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। सास, बहू और भीड़ ने आरोपियों का पीछा किया और भीम नगर से उन्हें दबोच लिया। आरोपियों को भीड़ ने जमकर धुना और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर झपटी गई चेन बरामद कर ली है।

दरअसल, मालवीय नगर निवासी कल्पना अजमेरा (62) अपनी बहू निकिता जैन के साथ रविवार को जैन मंदिर गई थी। जैन मंदिर में पूजा पाठ करने के बाद निकिता और सास कल्पना एक्टिवा से मालवीय नगर अपने घर जाने के लिए निकले।

सास-बहू ने भीड़ के साथ मिलकर किया पीछा

इसी दौरान वल्लभ नगर में स्कूटर सवार तीन बदमाशों ने एक्टिवा पर पीछे बैठी कल्पना अजमेरा के गले से सोने की चेन झपट ली। उन्होंने शोर मचाया और निकिता ने स्कूटर सवारों का पीछा शुरू कर दिया। उनका शोर सुनकर कुछ बाइक सवारों ने भी स्कूटर सवारों का पीछा किया। बदमाश तेजी से स्कूटर चलाते हुए भीम नगर इलाके में घुस गए। गलियों में घुसने के कारण उनकी स्कूटर की रफ्तार कम हो गई और भीड़ ने पकड़ लिया। इसके बाद पहले तो उनकी जमकर धुनाई की फिर पुलिस के हवाले कर दिया गया। चोरी की स्कूटर से की वारदात झपटमारी की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपियों को थाने ले आई। आरोपियों की पहचान दीपू चौहान, (22) और तौसीफ उर्फ अयान सहित एक नाबालिग के रूप में की गई।

पुलिस ने झपटी सोने की चेन की बरामद

पुलिस ने आरोपियों से झपटी गई सोने की चेन बरामद कर ली। बरामद चेन की कीमत ढाई लाख रुपए है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होंने वारदात में इस्तेमाल स्कूटर चोरी की थी। इसी चोरी की स्कूटर से लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

विधायक के निर्देश और ज्ञापन भी बेअसर

सरकारी जमीन के बाद माता के चबूतरे की बिक्री का आरोप

वचन लोधी ने 24 घंटे का अल्टीमेटम देकर धरने की चेतावनी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 4 में शासकीय भूमि की कथित अवैध बिक्री का मामला अब धार्मिक आस्था से जुड़ गया है। सामाजिक कार्यकर्ता वचन लोधी ने आरोप लगाया कि सरकारी जमीन के साथ माता रानी का चबूतरा भी बेच दिया गया। करीब एक माह बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नगर में रोष है।लोधी के मुताबिक, करीब दो करोड़ रुपये की जमीन बेचे जाने, सरकारी भूमि पर सड़क निकालने और खंभे गाड़ने की शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक नपती और कार्रवाई नहीं हुई। भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा के निर्देशों के बावजूद कथित फर्जी रजिस्ट्रियों को निरस्त करने या एफआईआर दर्ज होने की जानकारी सामने नहीं आई है। आठ पार्षदों सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि ज्ञापन दे चुके हैं और कांग्रेस धरना भी दे चुकी है। लोधी ने प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई नहीं होने पर दोषियों के खिलाफ कदम उठाए जाने तक अनिश्चितकालीन धरना देंगे।



दो बच्चों की मां से दुष्कर्म, की तोड़फोड़

भोपाल। निशातपुरा थाना क्षेत्र में दो बच्चों की मां से दुष्कर्म और घर में घुसकर तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले इलक्ट्रिशियन चार साल से उसका दैहिक शोषण कर रहा था। अब आरोपी शादी से इंकार कर रहा है। पुलिस के अनुसार 32 साल की महिला थाना क्षेत्र में रहती हैं। उसके दो बच्चे हैं। पड़ोस में रहने वाले आयान खान से वर्ष 2022 में उसकी दोस्ती हो गई। अयान खान का उसके घर आना जाना हो गया। इस दौरान शादी का प्रलोभन देकर उससे शारीरिक संबंध बनाने लगा। गत दिनों जब उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने घर में घुसकर तोड़फोड़ कर दी और जबरन उससे शारीरिक संबंध भी बनाए। पीड़िता का आरोप है कि अयान खान के शादी के प्रलोभन के कारण वह अपने पति को तलाक दे चुकी है।

16 दिवसीय शांति विधान का समापन

76 दीपों से जगमगाया जिनालय, आचार्य विद्यासागर महाराज का मनाया अवतरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में 16 दिवसीय शांति विधान का समापन धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। इस अवसर पर आचार्य विद्यासागर महाराज का अवतरण दिवस और आचार्य समयसागर महाराज का जन्मदिन मनाया गया। आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षालन कर 76 दीपों से आरती की गई। ऐलक श्री दयासागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि संयम, त्याग और धार्मिक भावना से मानव जीवन आगे बढ़ता है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि भाषा वीणा बने, बाण नहीं। वाणी में मधुरता और जीवन में समत्व भाव होना चाहिए। भोपाल से आए पंडित प्रकाश जैन ने धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराईं। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष सुनील तामोट सहित समाज के अनेक श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।



पांच पुरस्कारों पर रहेंगी गायकों की निगाहें

नगर में 30 अक्टूबर को गूंजेंगे भजन, स्पर्धा में मिलेंगे 71 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में शुक्रवार, 30 अक्टूबर को हेलीपैड दशहरा मैदान में राज्य स्तरीय विशाल भजन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

भजन प्रतियोगिता समिति के आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर करेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य भजन प्रतिभाओं को मंच देने के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इस प्रतियोगिता को लेकर भजन गायकों में खासा उत्साह है। वे लगातार अपनी मंडली के साथ रिहर्सल में जुटे हुए हैं।

पहले पुरस्कार में 71 हजार रुपए

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 71 हजार, द्वितीय 51 हजार, तृतीय 41 हजार, चतुर्थ 31 हजार और पांचवां पुरस्कार 25 हजार रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों के लिए भी पुरस्कारों की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में धार्मिक संतों के आगमन का भी उल्लेख है। संजय सिंह चौहान, सुमित पचौरी, पर्वत सिंह राजपूत, द्वारका पटेल, केशव पचौरी, योगेश नागर, दशरथ सिंह राजपूत, नरोत्तम पटेल सहित आयोजन से जुड़े लोगों ने श्रद्धालुओं और भजन मंडलियों से शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने की अपील की है।

भोजपुर में टिकट के कई दावेदार सक्रिय

पटवारी के दौरे में दिखी कांग्रेस की गुटबाजी, कई वरिष्ठ नेताओं

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान एक बार फिर चर्चा में है। रविवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बरेली प्रवास के दौरान औबेदुल्लागंज में रुकने पर पार्टी की गुटबाजी की चर्चाएं तेज हो गईं। बताया जा रहा है कि प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। हालांकि, उनकी अनुपस्थिति की वास्तविक वजह की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।टिकट के कई दावेदार सक्रियभोजपुर में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए परेश नागर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इमरत सिंह दरबार, विनोद इरपाचे, जितेंद्र मिश्रा, पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल, पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल और दीपेश मीणा सहित कई नेताओं के नाम दावेदारों के रूप में चर्चा में हैं। ऐसे में नेताओं की सक्रियता और आपसी समीकरणों ने स्थानीय संगठन में हलचल बढ़ा दी है। पटवारी के दौरे से जुड़ा घटनाक्रम संगठन की एकजुटता और नेताओं के बीच समन्वय को लेकर सवाल खड़े कर रहा है।

सामाजिक नेतृत्व को मजबूत करने और समितियों के प्रभावी संचालन पर मंथन

नवांकुर योजनाः प्रस्फुटन समितियों को दिया विकास कार्यों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडीदीप

समाज के विकास में जनभागीदारी सुनिश्चित करने और स्थानीय स्तर पर सामाजिक नेतृत्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित नवांकुर योजना के अंतर्गत मंडीदीप के नेताजी सुभाष स्कूल में प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय 'प्रस्फुटन शक्ति संचय प्रशिक्षण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में समितियों के सदस्यों को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन, स्वयंसेवी संस्थाओं के गठन एवं प्रबंधन तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। सेक्टर प्रभारी वीर सिंह चौहान ने बताया कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेरकर, मेंटर्स भूपेंद्र नागर एवं रीना पवार, जनपद सदस्य सज्जन सिंह नगर, राकेश पाल, धर्मेंद्र गोस्वामी, अलका उमक, तखत सिंह राजपूत, ने प्रशिक्षण के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्रस्फुटन समितियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से समितियों की कार्यक्षमता बढ़ाने और उन्हें सामाजिक विकास के कार्यों के लिए अधिक प्रभावी बनाने का प्रयास किया गया।कार्यक्रम में नगर विकास समिति के अध्यक्ष अमित जैन ने ने नवांकुर योजना की सराहना करते हुए कहा कि समाज के विकास में जनभागीदारी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय स्तर पर गठित समितियां लोगों को जागरूक करने, सामाजिक समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों में जनसहयोग जुटाने का सशक्त माध्यम हैं। प्रशिक्षण जैसे आयोजन समितियों को नई दिशा देने के साथ उनके कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने में सहायक होते हैं। प्रशिक्षण सत्र में धर्मेंद्र गोस्वामी ने स्वयंसेवी संस्थाओं के गठन एवं प्रबंधन की प्रक्रिया की जानकारी दी।



दिए प्रमाण पत्र

समापन सत्र में जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक निशा बहेरकर एवं योगेंद्र पटेल ने समितियों के दस्तावेजीकरण, अभिलेखों के संधारण तथा प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, , सखियों तथा समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को सामाजिक विकास में सक्रिय सहभागिता निभाने, जिम्मेदारियों को समझने,विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

टेलीफोन पर बुनी बातचीत ने खोली रिश्तों, स्मृतियों और मानवीय संवेदनाओं की परतें.....

एक पियानो, दो अजनबी और अकेलेपन की अनकही दास्तां 'पियानो बिकाऊ है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखबार में छपा एक छोटा-सा विज्ञापन 'पियानो बिकाऊ है...' और फिर एक फोन कॉल। सुनने में यह किसी वस्तु की खरीद-फरोख्त का सामान्य-सा मामला लगता है, लेकिन इसी बहाने शुरू हुआ संवाद धीरे-धीरे जिंदगी के उन अनकहे पहलुओं तक पहुंचता है, जहां अकेलापन है, अतीत की यादें हैं, रिश्तों की उलझनें हैं और मन के भीतर दबे ऐसे सवाल हैं, जिनके जवाब इंसान अक्सर खुद से भी नहीं पूछ पाता। आहान शिक्षा, संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति की नाट्य प्रस्तुति 'पियानो बिकाऊ है' इसी भावनात्मक संसार की परतें खोलते हुए दर्शकों को हंसाने के साथ भीतर तक झकझोरती है।

शोभा चटर्जी के संवेदनशील और सधे हुए निर्देशन में मंचित यह नाटक एक साधारण-से विज्ञापन को जिंदगी के असाधारण अनुभवों से जोड़ देता है।


नाटक में अभिनय करते कलाकार।


फोन पर बात करते कलाकार।

पियानो की कीमत से आगे, जिंदगी के अनमोल रिश्तों की तलाश

नाटक की खूबी यह है कि यहां पियानो महज एक वाद्ययंत्र नहीं, बल्कि एक ऐसा सूत्र बन जाता है, जो दो अजनबियों को एक-दूसरे के जीवन के अनदेखे कोनों तक ले जाता है। खरीदने और बेचने की बातचीत के बीच जिंदगी के अनुभव, स्मृतियां और भावनाएं सामने आने लगती हैं। धीरे-धीरे यह सवाल गौण हो जाता है कि पियानो किसे मिलेगा और उसकी कीमत क्या होगी। महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि संवाद के पीछे छिपे लोग वास्तव में क्या महसूस करते हैं और अपने भीतर किस तरह का खालीपन लिए जी रहे हैं।



फेमिना मिस इंडिया एमपी धनश्री चौहान बनीं शो स्टॉपर

'थ्रेड ऑफ एमपी' फैशन शो में रैंप पर बिखरे मप्र की कला-संस्कृति के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

फैशन, डिजाइनिंग और ग्लैमर की दुनिया को मप्र की पारंपरिक कला एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ते हुए 'थ्रेड ऑफ एमपी' भव्य फैशन शो का आयोजन निजी होटल में किया गया। शो में प्रदेश की पारंपरिक चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट की कलात्मक छटा रैंप पर देखने को मिली। फेमिना मिस इंडिया मप्र धनश्री चौहान शो स्टॉपर रहीं। उन्होंने डिजाइनर ड्रेसेस प्रस्तुत कर फैशन और पारंपरिक परिधानों के खूबसूरत संगम को प्रदर्शित किया।





फैशन और ग्लैमर जगत से जुड़े लोगों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में एक्सीलेंसी टाइम एंटरटेनमेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर हरिओम जटिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शो में फैशन और ग्लैमर जगत से जुड़े लोगों की मौजूदगी रही। शो के माध्यम से मप्र की पारंपरिक टेक्सटाइल कला को आधुनिक फैशन के अनुरूप प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया।





पारंपरिक प्रिंट और आधुनिक डिजाइन का संगम

डिजाइनर सीमा विश्वकर्मा के कलेक्शन में चंदेरी की नजाकत, महेश्वरी वस्त्रों की विशिष्ट बुनावट और बाग प्रिंट की पारंपरिक छाप को आधुनिक परिधानों के साथ प्रस्तुत किया गया। रैंप पर मॉडल्स ने आकर्षक परिधानों के माध्यम से डिजाइन, रंग संयोजन और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। पारंपरिक परिधानों पर केंद्रित राउंड में मप्र की चंदेरी, महेश्वरी और बाग प्रिंट की विरासत को प्रमुखता मिली, जबकि डिजाइनर कलेक्शन के प्रदर्शन में आधुनिक कट, रंगों और स्टाइलिंग के प्रयोग देखने को मिले।



---

150 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

दिशा ग्रुप ने सेलिब्रेट किया प्री करवा चौथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महिला सशक्तिकरण एवं भारतीय संस्कृति को समर्पित संस्था 'दिशा - एक सार्थक पहल' द्वारा प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन एवं कल्चरल इवनिंग का आयोजन किया गया। 'अपनी संस्कृति, अपनी पहचान' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में 150 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें करवा चौथ क्वीन में फर्स्ट रनर अप शानू साहू तो वहीं सेकंड रनर अप प्रियांका रहीं।



नंदन पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं।

प्री-करवा चौथ प्रज्ञा ने जीता तूलिका करवा क्वीन का खिताब

भोपाल । तूलिका सामाजिक कला एवं शैक्षणिक संस्था द्वारा प्री करवा चौथ सेलिब्रेट किया गया। जिसमें लगभग 45 महिलाओं ने भाग लिया, कार्यक्रम में तूलिका संस्था द्वारा कई प्रतियोगिताएं एवं तूलिका करवा क्वीन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें प्रज्ञा अग्रवाल ने तूलिका करवा क्वीन का खिताब जीता तो वहीं सरिता माहेश्वरी द्वितीय स्थान एवं श्वेता तृतीय स्थान पर रहीं।



तूलिका संस्था की अध्यक्ष विनीता त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 2014 से सांस्कृतिक कार्यक्रम तूलिका संस्था द्वारा किए जाते हैं, जिसमें प्री करवा चौथ भी प्रमुखता से आयोजित किया जाता है।

प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन एवं वुमेन अचीवर्स अवॉर्ड समारोह





भोपाल। अर्पिता गिल एवं डिंपल पाराशर द्वारा प्री-करवा चौथ सेलिब्रेशन एवं वुमेन अचीवर्स अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने शिरकत की और प्री करवाचौथ सेलिब्रेशन को धूम धाम से मनाया।

क्लाइमैक्स में ऐसा ट्विस्ट कि चौंकेंगे दर्शक 'लोहिताक्ष' रिलीज



भोपाल । प्यार, जुनून, विश्वासघात और सोशल मीडिया के प्रभाव पर आधारित हिंदी साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'लोहिताक्ष' शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म अपनी रहस्यमयी कहानी, अप्रत्याशित ट्विस्ट और

- राजधानी भोपाल में भी फिल्म को लेकर देखने को मिल रहा खासा उत्साह

चौंकाने वाले क्लाइमैक्स को लेकर चर्चा में है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भी फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की रिलीज के मौके पर अभिनेता सिद्धांत इस्सर और निर्देशक भूपेंद्र ने मशहूर फिल्म निर्देशक राम गोपाल वर्मा से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें फिल्म का टीजर और ट्रेलर दिखाया गया। फिल्म की टीम के अनुसार, राम गोपाल वर्मा ने फिल्म की सराहना करते हुए पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं।

कोलकाता के डॉल्स थिएटर ने जीवंत की महाभारत की मार्मिक कथा

एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने देखी 'कथा एकलव्य की'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पिक मैके भोपाल चैप्टर द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय में 'कथा एकलव्य की' का आयोजन कोलकाता के सुप्रसिद्ध डॉल्स थिएटर के कलाकारों द्वारा किया गया।

जिसमें कठपुतली कला के विविध रूपों के माध्यम से द आर्चर स्टूड अलोन की प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में महर्षि व्यास द्वारा महाभारत की रचना से लेकर गुरु द्रोणाचार्य, अर्जुन और एकलव्य के प्रसंगों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया।



गुरु की प्रतिमा बनाकर करता स्वयं अभ्यास

इसमें दिखाया कि निषादराज हिरण्यधनु के पुत्र एकलव्य को द्रोणाचार्य से शिक्षा पाने से वंचित होना पड़ता है, लेकिन वह उनकी प्रतिमा बनाकर स्वयं अभ्यास करता है और असाधारण धनुर्धर बन जाता है। जब उसकी प्रतिभा अर्जुन की श्रेष्ठता को चुनौती देती है, तब गुरु-दक्षिणा में द्रोणाचार्य द्वारा दाहिने हाथ का अंगूठा मांगे जाने पर वह बिना संकोच उसे अर्पित कर देता है। यह प्रसंग उसकी साधना, समर्पण और त्याग के साथ-साथ सामाजिक भेदभाव तथा सत्ता के प्रश्नों को भी सामने लाता है।

शरद पूर्णिमा: टीम जीनियस ने चांदनी रात में दोस्तों ने उठाया सैर का लुत्फ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डेढ़ साल के अंतराल के बाद टीम जीनियस ने रविवार को एडवेंचर ड्राइव का आयोजन किया। 15 गाड़ियों में सवार 18-20 दोस्तों और उनके परिवारों ने 35 किलोमीटर का रोमांचक सफर तय किया। इस दौरान हरे-भरे खेतों के बीच सूर्यास्त और पूनम के चांद के उदय का मनमोहक नजारा देखा। चाय की चुस्कियों और फोटोग्राफी के बाद सभी भोपाल के बाहर स्थित एक रिसॉर्ट पहुंचे, जहां खुले आसमान के नीचे स्वादिष्ट भोजन और चावल की खीर के साथ शरद पूर्णिमा का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक नीरज गुलाटी ने बताया कि ग्रुप में डॉक्टर, बिल्डर, बैंकर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट सहित विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग शामिल हैं।



आलियांस फ्रांसेज द भोपाल के नए सामुदायिक स्थल का शुभारंभ 28 को

भोपाल। संस्कृति की विविध रंगत, शिक्षा की नई संभावनाओं और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को एक ही छत के नीचे साकार करने की पहल के रूप में आलियांस फ्रांसेज द अपने नए सामुदायिक स्थल 'कैनोपी' का शुभारंभ करने जा रहा है। 28 अक्टूबर को शाहपुरा स्थित बी-75 में होने वाले इस आयोजन में मुंबई में फ्रांस के महावाणिज्यदूत पैट्रिक लेवरिनो विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। विश्व सततता दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम कला, स्थानीय उत्पादों, खान-पान और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को एक साझा मंच पर लाएगा। 'कैनोपी' को केवल एक आयोजन स्थल के रूप में नहीं, बल्कि संस्कृति, शिक्षा और पर्यावरण के बीच संवाद स्थापित करने वाले सामुदायिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। 'सबके लिए संस्कृति, सबके लिए शिक्षा और पर्यावरण के प्रति जागरूकता' के तीन मूल विचारों पर आधारित यह पहल स्थानीय समुदाय को गतिविधियों से जोड़ने के साथ जीवनशैली को प्रोत्साहित करेगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अनंत मंडी के सहयोग से जैविक बाजार लगाया जाएगा।

'जिनगी की माला' का लोकार्पण

बोली में रचा जीवन का मटियारा संगीत है, मांगरोले की कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बोली जनपदीय समुदाय के जमीनी अनुभव का दस्तावेज होती है, उसके मटियारे आंचल में सुख-दुःख भरी कितनी ही स्मृतियां ठौर पाती है। ओमप्रकाश मांगरोले की कविताएं निमाड़ के जनपदीय जीवन और समाज का ऐसा ही बहुरंगी ताना-बाना लिए मन और मानस में गहरे उतरती है। इन भावपूर्ण टिप्पणियों के बीच निमाड़ी काव्य संग्रह 'जिनगी की माला' का लोकार्पण चतुर्वेदी सभागार में हुआ। इस पुस्तक प्रसंग में लोक विदुषी तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ



ममता खेड़े और निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ साधना बलवटे उपस्थित रहीं। इस अवसर पर कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने लेखक और पुस्तक से जुड़े रचनात्मक संदर्भों पर प्रकाश डालते हुए कवि मांगरोले ने अपने निमाड़ लोक अंचल की भूमि और प्रकृति से मिली सृजनात्मक प्रेरणा का उल्लेख किया।

छतनारा की 80वीं पोएट्स वॉक में जुड़े शहर के तीस से अधिक कवि

हिंदी को देखिए कभी उर्दू को देखिए, बिल्कुल बराबरी से दो बाजू को देखिए...

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदी को देखिए कभी उर्दू को देखिए, बिल्कुल बराबरी से दो बाजू को देखिए, गर देखना है किस तरह सबसे जुदा हूं मैं, सागर के बीच में कभी टापू को देखिए.... मनन दीक्षित ने उपरोक्त पंक्तियां सुनाइं छतनार की 80वीं पोएट्स वॉक में। वनविहार के चीकू द्वार के बाहर आयोजित इस गतिविधि के अंतर्गत शहर के कवि और कविता प्रेमियों ने रचनात्मकता से ओत प्रोत कवितायें सुनी और सुनाईं। सैरसपाटा के पास झील किनारे बैठ कर कविता-शायरी का सिलसिला शुरू हुआ। पहले कवि के तौर पर अमित गांगले ने गजलें सुनाकर वाहवाही लूटी। उसके बाद राघव ने अपनी हिंदी कविता सुनायीं। फिर 64 वर्षीय गुरमीत सिंह ने अपनी हिंदी कविताएं सुनाईं।

इन कविताओं ने जीता दिल

कल तुमको मुरझा जाना है, खिलखिला उठो फूलों के दल। ये बाग तुमको पाकर महकें, तुम रंग-बिरंगे कोमल से, तुमसे श्रृंगार किया वन ने, खिलना सीखा इस जीवन ने.... **अभिनव सोनी**

*बेबुनियादी जगभर लगता है, जेहन शीशे-सा तरह लगता है, मुश्किल से घर मिला है मुझको, खंडहर होने से डर लगता है..... **दीपक रघुवंशी***





कबीर का बेटा बना डायरेक्टर 23 साल की उम्र में किया डेब्यू

मुंबई। बजरंगी भाईजान और ट्यूबलाइट जैसी फिल्में बनाने वाले डायरेक्टर कबीर खान के बेटे विवान खान ने 23 साल की उम्र में अपना डेब्यू कर लिया है। पिता के नक्शे कदम पर चलते हुए उन्होंने निर्देशन में ही अपने कॅरियर की शुरुआत की है। उन्होंने इंस्टाग्राम सीरीज के माध्यम से अपना सफर शुरू किया है जिसका नाम प्रोजेक्ट प्लस 91 है। इसके जरिए उन्होंने देश की विभिन्न संस्कृति और सभ्यताओं को अपने कैमरे में कैद किया है। इस सीरीज के जरिए उन्होंने देश के अलग-अलग कोने में भ्रमण किया है और वहां की संस्कृति को अपने कैमरे में कैद किया है। उनकी या पेज और तस्वीरें चर्चा में आई हैं जो भारत देश के वर्सेटाइल कल्चर की एक अद्भुत झलक हैं।

लाइफ Style

नयनतारा

'जेलर 2' की जबरदस्त सफलता के बीच रजनीकांत के फैंस को एक और सरप्राइज मिला है। अब रजनीकांत, कमल हासन द्वारा निर्मित फिल्म 'धर्मन' में नजर आएंगे और फिल्म में उनके साथ नयनतारा

धर्मन में रजनीकांत के साथ आएंगी नजर

मुंबई। मेकर्स ने एक नए पोस्टर के साथ उनके शामिल होने की घोषणा की। साउथ सिनेमा की लेडी सुपरस्टार नयनतारा, रजनीकांत की अपकमिंग फिल्म 'धर्मन' की कास्ट में शामिल हो गई हैं। इस फिल्म के जरिए पांच साल बाद नयनतारा सुपरस्टार रजनीकांत के साथ स्क्रीन पर नजर आएंगी। इससे पहले रजनीकांत के साथ लेडी सुपरस्टार 2021 की फिल्म 'अन्नाथे' में साथ दिखाई दी थीं और अब एक बार फिर दोनों साथ नजर आने वाले हैं और इस खबर ने इन दोनों सुपरस्टार्स के फैंस को खुश कर दिया है। अश्वथ मारिमुथु द्वारा लिखित और निर्देशित, यह तमिल मेडिकल ड्रामा का ऐलान 'थलाइवर 173' के नाम से किया गया था, इसे कमल हासन प्रोड्यूस किया जा रहा है। निर्माताओं ने रविवार, 25 अक्टूबर 2026 को सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर करके नयनतारा को कास्ट किए जाने की घोषणा की। मेकर्स ने हाल ही में 'धर्मन' की कास्टिंग से जुड़ी जानकारी साझा की। 'राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल' ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्टर जारी किया, जिसमें रजनीकांत और नयनतारा की परछाइयां दिखाई दे रही हैं। दोनों एक-दूसरे की तरफ देखते हुए एक बड़ी कांच की खिड़की के सामने खड़े नजर आ रहे हैं। खिड़की से आती सुनहरी धूप एक शानदार 'बैकलिट' इफेक्ट पैदा कर रही है, जिससे दोनों कलाकारों की छाया दिखाई देती है।



हॉलीवुड मसाला



70 साल के बुज़ुर्ग के रूप में आए नजर

लॉस एंजिल्स। 'द रॉक' के नाम से मशहूर हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन अपने दमदार शरीर और एक्शन अवतार के लिए सुर्खियों में बने रहता हैं। लेकिन, इस बार उनका ऐसा लुक सामने आया है, जिसे देखकर फैंस के लिए उन्हें पहचानना मुश्किल हो गया। अपनी अपकमिंग फैंटेसी एडवेंचर फिल्म 'लिजर्ड म्यूजिक' में ड्वेन 70 साल के एक बूढ़े व्यक्ति के किरदार में नजर आएंगे। जबकि उनकी असली उम्र 54 साल है।



'बैचलर पार्टी डीयू' में पॉली के रोल में दिखेंगी ज्योतिर्मयी

नई दिल्ली। मलयालम सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर अमल नीरद की नई फिल्म 'बैचलर पार्टी डीयू' को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। अब मेकर्स ने फिल्म से जुड़ी एक और बड़ी अपडेट शेयर कर दी है। फिल्म में एक्ट्रेस ज्योतिर्मयी के कैरेक्टर नेम का खुलासा हो गया है। वह इस फिल्म में 'पॉली' के किरदार में नजर आने वाली हैं। डायरेक्टर अमल नीरद ने सोशल मीडिया पर उनका पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'ज्योतिर्मयी इज पॉली'। यह फिल्म साल 2012 में आई सुपरहिट फिल्म 'बैचलर पार्टी'का सीक्वल है। फिल्म में एक से बढ़कर एक कलाकारों की पूरी फौज नजर आने वाली है।प्रेमलु फिल्म से फेमस हुए एक्टर नसलेन इस मूवी में लीड रोल में हैं। मेकर्स ने ज्योतिर्मयी के अलावा कई और स्टार्स के कैरेक्टर नेम भी रिवील कर दिए हैं। नादिया मोइदू फिल्म में अन्ना मैथ्यूज का रोल प्ले कर रही हैं, जबकि रजीशा विजयन सिंपल के किरदार में दिखेंगी।

बेपरवाह का फर्स्ट लुक आउट

शरवरी संग इश्क लड़ाएंगे अहान

मुंबई। अहान पांडे ने मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा'से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों का इतना प्यार मिला का फिल्म ब्लॉकबस्टर बन गई। तभी से फैंस अहान को फिर से स्क्रीन पर देखने के लिए बेताब थे। अब फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। अहान जल्द ही यश राज की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो शरवरी वाघ के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। मेकर्स ने फिल्म का टाइटर और पहला पोस्टर भी जारी कर दिया है। फिल्म का नाम 'बेपरवाह'है, जिसका निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं, जबकि आदित्य चोपड़ा इसके निर्माता हैं। ये एक रोमांटिक एक्शन-ड्रामा फिल्म है। । फिल्म 26 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के पहले पोस्टर से इसकी कहानी में रोमांस और एक्शन का मेल देखने को मिल रहा है। पोस्टर के साथ ही फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है। पोस्टर में अहान के हाथ में बंदूक है, जबकि शरवरी गिटार पकड़े नजर आ रही हैं। दोनों के चेहरे पोस्टर में नहीं दिखाए गए हैं। इससे मेकर्स ने फिलहाल उनके लुक को छिपाकर रखा है। पोस्टर के साथ डायलॉग भी सुनाई दे रहा है, जिसमें अहान की आवाज में सुनाई दे रहा है- 'बेपरवाह है इश्क, क्या करूं? बेपरवाह, बेइंतहा करूं, कोई भी आए तो सब तबाह, तबाह, तबाह कर दूं।' बेपरवाह में अहान और शरवरी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। बता दें कि यशराज फिल्म्स के साथ ये अहान की दूसरी फिल्म है। इससे पहले यशराज फिल्म्स की फिल्म सैयारा से अपना एक्टिंग डेब्यू कर चुके हैं, जिसे मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था।

टीवी मसाला



साई ने 'सीता मां' के सवाल पर दिया दिल खुश करने वाला जवाब

नई दिल्ली। रामायण की स्टार कास्ट रणबीर कपूर, साई पल्लवी और रवि दुबे हाल में अमिताभ बच्चन के शो 'कौन बनेगा करोड़पति के सेट पर पहुंचे थे। यहां साई पल्लवी ने एक सवाल का ऐसा जवाब दिया जिसे सुनकर अमिताभ भी प्रभावित हो गए। नितेश तिवारी के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'रामायण' अगले हफ्ते थिएटर में दस्तक देने वाली है। फिल्म रिलीज से पहले स्टार कास्ट इसके प्रमोशन में बिजी हैं। अमिताभ बच्चन ने शो पर पहुंचे रणबीर, साई और रवि से सवाल करते हुए पूछा कि जब निर्माता-निर्देशक ने उन्हें फिल्म में उनके किरदारों के बारे में बताया तो उनके दिमाग में क्या चल रहा था और कैसे तैयारी की। इसके बाद अमिताभ ने मुस्कुराते हुए कहा 'लेडीज फर्स्ट'। साई पल्लवी ने इस सवाल का जवाब देते हुए कहा कि जब उन्हें पता चला कि वो सीता मां का किरदार निभाने वाली हैं तो उन्होंने कुछ नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि वो हमेशा कोई भी किरदार निभाने से पहले ये सोचती हैं कि वो इस किरदार में अपना क्या जोड़ सकती हैं।

बिना नाम लिए काशवी ने मांगी माफी

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' में स्काउट ओपी उर्फ तन्मय और लव गिल के बीच अच्छी बॉन्डिंग देखने को मिली। वैसे तो स्काउट ने शो में कहा कि वे लव को अपनी बहन मानते हैं। मगर, कुछ एपिसोड में दोनों के बीच ऐसी चीजें देखने को मिली, जिसके बाद उनके रिश्ते पर सवाल उठने लगे। स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी इससे असहज और आहत हुईं और बीते दिन शो में आकर उन्होंने स्काउट और लव दोनों की क्लास लगा दी। इसके बाद काशवी ने सफाई दी है। उन्होंने अपनी कही बातों पर खेद जताया है। काशवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट लिखा है। काशवी ने लिखा है, 'मेरा इरादा स्काउट से बात करना था। उसकी गलतियों को बताना था, जो मुझे लगा कि उसने की हैं। उसके कामों के लिए उसे जिम्मेदार ठहराना था।





अनुष्का-विराट कान्हा की भक्ति में हुए लीन, भजन पर झूमे

मुंबई। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने हाल ही में मुंबई में आयोजित कृष्णा दास के कीर्तन में शामिल हुए। कपल साथ-साथ भक्ति गीतों पर डूबे नजर आए। कृष्णा दास कीर्तन से कई वीडियो सामने आए हैं, जिनमें उन्हें कान्हा की भक्ति में डूबे देखा जा सकता है। अनुष्का शर्मा और विराट कोहली कोहली बॉलीवुड और क्रिकेट इंडस्ट्री के पावर कपल्स में से एक हैं। हाल ही में ये दोनों मुंबई में अमेरिकी संगीतकार और गायक कृष्णा दास के लाइव कीर्तन में भक्ति संगीत का आनंद लेते देखे गए। इस कार्यक्रम से विराट-अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दोनों को कान्हा की भक्ति में लीन देखा जा सकता है। सोशल मीडियापर शेयर किए गए वीडियो में, अनुष्का और विराट को एक साथ भक्ति संगीत का आनंद लेते हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में अनुष्का और विराट एक-दूसरे के बगल में बैठे हुए संगीत की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

रामायण के चलते नागार्जुन ने टाली 'इटलु अर्जुन' की रिलीज

नई दिल्ली। डायरेक्टर महेश उप्पला की अपकमिंग रोमांटिक एंटरटेनर फिल्म 'इटलु अर्जुन'की रिलीज डेट टल गई है।फिल्म में अनीश और अनस्वरा राजन लीड रोल में नजर आएंगे। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए बताया कि फिल्म अब 30 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज नहीं होगी। हालांकि, नई रिलीज डेट का ऐलान जल्द किया जाएगा। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर रिलीज टलने की जानकारी दी। मेकर्स ने लिखा, 'हमें यह बताते हुए अफसोस हो रहा है कि 'इटलु अर्जुन' तय योजना के मुताबिक 30 अक्टूबर को रिलीज नहीं होगी। बता दें देशभर में 5 नवंबर को रामायण भी रिलीज हो रही है। ऐसे में एक कारण रणबीर कपूर की फिल्म भी हो सकती है, जिसका देश ही नहीं विदेशों में भी खूब बोल-बोला देखने को मिल रहा है। नई रिलीज डेट का ऐलान बहुत जल्द किया जाएगा। तब तक हम इस युवा टीम के लिए आपके प्यार और सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। भरोसा रखिए, अर्जुन का प्यार सिनेमाघरों में दोगुने धमाके के साथ सुनाई देगा। मेकर्स ने अपनी पोस्ट में आगे बताया कि फिल्म को तेलुगु स्टार नागार्जुन प्रस्तुत कर रहे हैं, जबकि इसका म्यूजिक एस. थमन ने तैयार किया है। हालांकि, रिलीज टलने की वजह का खुलासा नहीं किया गया है।'इटलु अर्जुन'को मशहूर डायरेक्टर वेंकी कुदुमुला अपने प्रोडक्शन हाउस व्हाट नेक्स्ट एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले प्रोड्यूस कर रहे हैं। वहीं, तेलुगु सिनेमा के स्टार नागार्जुन इस फिल्म को प्रस्तुत कर रहे हैं. फिल्म के जरिए महेश उप्पला बतौर डायरेक्टर डेब्यू कर रहे हैं, जबकि अनीश हीरो के तौर पर अपनी पहली फिल्म से दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म में अनस्वरा राजन फीमेल लीड रोल में हैं। अब तक रिलीज हुए फिल्म के टाइटल ग्लिम्प्स और दो गानों ने दर्शकों के बीच उत्सुकता बढ़ाई है।प्रमोशनल कंटेंट में अनीश और अनस्वरा की केमिस्ट्री भी लोगों का ध्यान खींच रही है।



बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

अंचल कार्यालय :
1/14 प्रशासनिक जोन, अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन: 9098030663, E-mail : cmmarc_bho@mahabank.co.in

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस (परिशिष्ट - IV क)

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार अर्थात बैंक ऑफ महाराष्ट्र के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा बैंक ऑफ महाराष्ट्र** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नवर्णित तालिका में वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों से **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** (प्रतिभूत लेनदार) की निम्नवर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **18 नवम्बर 2026** को बेचा जाएगा। अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण एवं उस पर भार, कब्जे का प्रकार, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	उधारकर्ता एवं जमानतदार का नाम	दिनांक 17.10.2026 को बकाया राशि (लाख में)	अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण/भार का विवरण एवं कब्जे का प्रकार	आरक्षित मूल्य/ धरोहर राशि/ बिड बढ़ाने की राशि
1.	ऋणी: **श्री रवि कुमार पुत्र श्री अंतर सिंह दांगी** जमानतदार: **श्रीमती रेखा दांगी पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह दांगी**	LB- ₹ 09.20 UAI+Penal Interest ₹ 1.15 Total ₹ 10.35 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित आवासीय प्लॉट नं. 80, क्षेत्रफल 608.30 वर्गफुट, खसरा नं. 226/4/2 का भाग, कुल क्षेत्रफल 0.5868 हेक्टेयर अर्थात 1.45 एकड़, अंजनी रेजीडेंसी, ग्राम सेमली खुर्द, पटवारी हल्का संख्या 10, राजस्व निरीक्षक सर्किल संख्या 01, सीहोर, विकास खंड सीहोर, तहसील सीहोर, जिला सीहोर, मध्य प्रदेश, चर्तुसीमाएं-** पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः अंजनी रेजीडेंसी का प्लॉट नं. 81, उत्तरः अंजनी रेजीडेंसी का प्लॉट नं. 79, दक्षिणः कॉलोनी रोड **Cersai Assest ID-200089167985** सांकेतिक कब्जा **संपत्ति मालिक- श्रीमती रेखा डांगी, पत्नी श्री सुरेंद्र सिंह डांगी भार-ज्ञात नहीं**	₹ 07.12 लाख ₹ 0.71 लाख ₹ 10,000/-
2.	ऋणी: **मेसर्स शिवांश ट्रेडर्स प्रोप.-श्री अमित साहू पुत्र श्री गोपाल साहू**	LB- ₹ 11.93 UAI+Penal Interest ₹ 1.02 Total ₹ 12.95 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग व्यावसायिक भूमि स्थित सर्वे नंबर 97/1/1/2 जिसका क्षेत्रफल 0.209 हेक्टेयर भू-अधिकार पुस्तिका (सीएलआर) नंबर 11145183167, पी.एच. नं. 71 में दर्ज है। ग्राम गुरोद, तहसील नटेरन, जिला विदिशा, म.प्र. चर्तुसीमाएँ:** पूर्वः सड़क, पश्चिमः अमित की भूमि, उत्तरः अमित की भूमि, दक्षिणः घांसीराम साहू की भूमि, संपत्ति मालिक- श्री अमित साहू पुत्र श्री गोपाल साहू **Cersai ID: 200090161735** सांकेतिक कब्जा **भार-ज्ञात नहीं**	₹ 21.73 लाख ₹ 02.17 लाख ₹ 10,000/-
3.	ऋणी: **श्री शैलेन्द्र वर्मा पुत्र रामनारायण वर्मा**	LB- ₹ 05.15 UAI+Penal Interest ₹ 01.42 Total ₹ 06.57 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग बंधक संपत्ति एवं उस निर्माण तथा फिक्सचर कमर्शियल भूमि स्थित सर्वे क्रमांक 52/6, ग्राम-झलकी, तहसील-इछावर, जिला-सीहोर, म.प्र. -446115, क्षेत्रफल 3060 वर्गफुट (284.38 वर्ग मीटर)** चर्तुसीमाएँ- उत्तर; - श्री भंवर जी भागीरथ की कृषि भूमि, दक्षिणः - श्री रमेशचंद्र हरिसिंह की कृषि भूमि, पूर्वः - श्री जगदीश भागीरथ की कृषि भूमि, पश्चिमः - सड़क **भार-ज्ञात नहीं** भौतिक कब्जा	₹ 06.53 लाख ₹ 0.65 लाख ₹ 10,000/-
4.	ऋणी: **मेसर्स रिंकिका सेल्स एंड सप्लायर्स** प्रोपराइटर - श्री राकेश ठाकुर जमानतदार: **श्रीमती प्रेमबाई पत्नि देवीलाल ठाकुर**	LB- ₹ 07.58 UAI+Penal Interest ₹ 4.05 Total ₹ 11.64 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग बंधक संपत्ति एवं उस निर्माण तथा फिक्सचर प्लाट स्थित सर्वे क्रमांक 527/225/1 और 527/225/2, पी.एच. नंबर 08, समसान रोड, गांव हिम्मतपुरा, तहसील- इछावर, जिला -सीहोर में प्लॉट, कुल क्षेत्रफल-10998 वर्गफीट चर्तुसीमाएं-** उत्तर में: श्री देवीसिंह की जमीन, दक्षिण में: श्री गोपाल सिंह की जमीन, पूर्व में: भागीरथ की जमीन, पश्चिम में: भैरूसिंह की जमीन **भार-ज्ञात नहीं** भौतिक कब्जा	₹ 07.05 लाख ₹ 0.70 लाख ₹ 10,000/-
5.	ऋणी: **मेसर्स प्रियांशी पोल्ट्री फार्म** प्रोपराइटर- स्व. श्री राम बाबू पाटीदार पुत्र रामकिशन पाटीदार	LB- ₹ 14.75 UAI+Penal Interest ₹ 37.20 Total ₹ 51.95 Lacs	**डायवर्टेड व्यावसायिक भूमि पर स्थित पोल्ट्री फार्म, सर्वे क्रमांक 488, पी.एच. क्रमांक 2, आर.आई.डी. क्रमांक 2, क्षेत्रफल-10000 वर्गफीट, गांव - श्यामपुर, जिला - सीहोर, म.प्र.** चर्तुसीमाएं- उत्तर में - श्री कैलाश की भूमि, पूर्व में - श्री नवाब की भूमि, दक्षिण में - रास्ता, पश्चिम में - श्री दिनेश की भूमि **भार - ज्ञात नहीं** भौतिक कब्जा	₹ 18.52 लाख ₹ 01.85 लाख ₹ 10,000/-
6.	ऋणी- **1. श्रीमती संध्या विनोदिया पत्नि राजेंद्र विनोदिया** जमानतदार: 2. श्री राजेंद्र विनोदिया पुत्र श्री मदनलाल विनोदिया	LB- ₹ 03.96 UAI+Penal Interest ₹ 01.06 Total ₹ 05.02 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित एक आवासीय मकान, क्षेत्रफल पूर्व से पश्चिम 18 फीट और उत्तर से दक्षिण 22 फीट, कुल क्षेत्रफल 396 वर्गफीट अर्थात 36.80 वर्गमीटर, नजूल शीट क्रमांक 25, प्लॉट क्रमांक 329/1 क्षेत्रफल-715 वर्गफीट, मौजा-बालागंज, वार्ड क्रमांक 09, नया वार्ड क्रमांक 05, होशंगाबाद, तहसील एवं जिला होशंगाबाद चर्तुसीमाएं:** पूर्व- स्ट्रीट रूट, उत्तर-रूट स्ट्रीट, पश्चिम-देवराम साहू का मकान, दक्षिण-विक्रेता के शेष मकान का क्षेत्र संपत्ति मालिक- श्री राजेंद्र विनोदिया पुत्र श्री मदनलाल विनोदिया सांकेतिक कब्जा **भार-ज्ञात नहीं**	₹ 06.77 लाख ₹ 0.67 लाख ₹ 10,000/-
7.	ऋणी: 1.**मेसर्स टीबीडी इन्फ्राप्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड** डायरेक्टर: 1. श्री सिद्धार्थ तलरेजा 2. श्री श्रेष्ठ वर्मा 3. श्री अचल कुमार जमानतदार: 1. श्री सिद्धार्थ तलरेजा 2. श्री श्रेष्ठ वर्मा 3. श्री अचल कुमार 4. मेसर्स ट्रायड इन्फ्रा वेंचर एंड लाइफ केयर सॉल्यूशन एलएलपी	LB- ₹ 29.66 UAI+Penal Interest ₹ 2.59 Total ₹ 32.25 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग स्थिथ फ़्लैट नंबर 221 (साइज 548 वर्गफिट), द्वितीय तल, ब्लॉक-14, टॉवर-सी, फेथ इंपीरियल हाइट्स, गाँव - महाबडिया, खसरा नंबर 257/1, 257/2, 258/2, 259/1, 261/2, 262 का भाग), कोलार रोड, प.ह. नंबर-36/31, तहसील - हुजूर, ज़िला - भोपाल (म.प्र.)। चर्तुसीमाएँ: पूर्वः फ़्लैट नंबर 222, पश्चिमः खुला, उत्तरः फ़्लैट नंबर 228, दक्षिणः फ़्लैट नंबर 220।** संपत्ति मालिक- मेसर्स ट्रायड इन्फ्रा वेंचर एंड लाइफ केयर सॉल्यूशन एलएलपी सांकेतिक कब्जा **Cersai Asset ID -200087089671**	₹ 22.02 लाख ₹ 02.20 लाख ₹ 10,000/-
8.	ऋणी: **मेसर्स शिरामिक हेल्थकेयर एंड सर्जिकल प्रा. लिमिटेड** डायरेक्टर्स एवं जमानतदार: (1) श्री राहुल मालवीय पुत्र श्री सीता राम (2) श्रीमती मधु मालविया पत्नि श्री राहुल मालविया	LB- ₹ 48.53 UAI+Penal Interest ₹ 03.67 Total ₹ 52.20 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग लीजहोल्ड भूमि का समस्त भाग, साथ ही उस पर बनी या बनने वाली सभी इमारतें, ढाँचे और/या रिहायशी ब्लॉक, और उनसे जुड़ी सभी फिक्स्चर, फिटिंग और सहायक चीजें, जो रायसेन ज़िला रायसेन एवं उपज़िला रायसेन में पंजीकृत क्षेत्रफल- 1400 वर्गमीटर प्लाट नं. 44, इण्डस्ट्रिल एरिया पीपलखिरिया, जिला-रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- उत्तर-इंडस्ट्रियल एरिया इंटरनल रोड, दक्षिण- प्लॉट नंबर 47, पूर्व-प्लॉट नंबर 43, पश्चिमः प्लॉट नंबर 45, संपत्ति मालिक- शिरामिक हेल्थकेयर एंड सर्जिकल प्राइवेट लिमिटेड** **Cersai Asset Id-200080987447** सांकेतिक कब्जा **भार-ज्ञात नहीं**	₹ 38.56 लाख ₹ 03.85 लाख ₹ 10,000/-
9	ऋणी- **श्रीमती पूजा विश्वकर्मा पत्नि श्री रानू विश्वकर्मा**	LB- ₹ 46.72 UAI+Penal Interest ₹ 03.16 Total ₹ 49.88 Lacs	**संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी मकान निर्मित प्लाट नं. 35, प्लाट क्षेत्रफल- 696 वर्गफिट (64.76 वर्गमीटर) आर्यन विला, खसरा नं. 440/1/क, 440/1/ग, 442, 443/1, खजूरी कलां, वार्ड नं. -61, तहसील- हुजूर, 462024, जिला- भोपाल, मध्य प्रदेश चर्तुसीमाएं: पूर्वः मकान नं.- एलएलजी-4, पश्चिमः मकान नं.-34, उत्तरः अन्य, दक्षिणः सड़क** **Cersai Assest ID-200087142371** **संपत्ति मालिक- श्रीमती पूजा विश्वकर्मा पत्नि श्री रानू विश्वकर्मा भार-ज्ञात नहीं** सांकेतिक कब्जा	₹ 55.39 लाख ₹ 05.53 लाख ₹ 10,000/-
10	ऋणी: **मेसर्स पूजा कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री** प्रोपाइटर- श्री सूरत सिंह उर्फ श्री करण सिंह पुत्र श्री हरि प्रसाद जमानतदार : 1. श्री सूरत सिंह उर्फ श्री करण सिंह पुत्र श्री हरि प्रसाद 2. श्री राम गोपाल दुबे पुत्र श्री सुंदर लाल दुबे	LB- ₹ 03.70 Un Int. +Penal Interest ₹ 01.80 Total ₹ 05.50 Lacs	संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित एक किता व्यावसायिक डायवर्टेड भूमि खसरा क्रमांक 175/2/1/बी/2, क्षेत्रफल 0.404 हेक्टेयर (4040 वर्ग मीटर) ग्राम- लम्बाखेड़ा, पीएच- लाम्बाखेड़ा राजस्व निरीक्षक मंडल- ईंटखेड़ी सड़क, तहसील-हुजूर, जिला- भोपाल, वार्ड क्रमांक 79 **चर्तुसीमाएं-** पूर्व- खसरा क्रमांक-175/2/1/बी/1 की भूमि, पश्चिम- सड़क और अन्य भूमि, उत्तर- खसरा क्रमांक 175/2/1/ए की अन्य भूमि, दक्षिण- खसरा क्रमांक 175/2/2 की अन्य भूमि संपत्ति मालिक-श्री सूरत सिंह उर्फ श्री करण सिंह पुत्र श्री हरि प्रसाद **भार-ज्ञात नहीं** सांकेतिक कब्जा	₹ 170.85 लाख ₹ 17.08 लाख ₹ 10,000/-

ई-नीलामी दिनांक एवं समय	धरोहर राशि सहित बिड जमा करने की अंतिम तिथि	निरीक्षण दिनांक एवं समय (पूर्व अनुमति से)
18.11.2026 एवं सुबह **11.00** बजे से **14.00** बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर यदि बोली अंतिम 5 मिनट के भीतर लगाई जाती है)	**18.11.2026** सुबह **10:00** बजे	**02.11.2026** से **06.11.2026** एवं सुबह **10:00** बजे से सायं **16:00** बजे तक

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया बैंक की वेबसाइट **https://bankofmaharashtra.in/asset-for-sales- search** provided in the Bank's website and also on Bank Asset Auction Network (BAANKNET) portal - **https://baanknet.com** देखें।

दिनांक: 27.10.2026
स्थान: भोपाल

(अमरीत कुमार मिश्रा)
मुख्य प्रबंधक एवं प्राधिकृत अधिकारी
अंचल कार्यालय, भोपाल

दोहरे शतक से चूके पडिक्कल, भारत ए ने न्यूजीलैंड ए पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▸▸| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल सोमवार को भले ही विवादास्पद फैसले से दोहरे शतक से चूक गए लेकिन उनकी 199 रन की शानदार पारी से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए तीसरे नंबर के बल्लेबाज को लेकर चल रही बहस पर विराम लग गया। इसके साथ ही भारत ए ने शानदार वापसी करके न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में अपनी स्थिति भी मजबूत कर ली।

भारत ए ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी ने 8 विकेट पर 488 रन बनाए हैं और उसने 284 रन की बढ़त हासिल कर ली है। भारतीय टीम पहली पारी ने 113 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बना कर 204 रन की बढ़त हासिल की थी।

अंपायर के निर्णय से पडिक्कल हैरान

पडिक्कल तब दोहरे शतक से चूक गए जब उन्हें मध्यम गति के गेंदबाज जैक गिब्सन की गेंद पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिया गया। जब अंपायर ने उंगली उठाई तो पडिक्कल हैरान रह गए और उन्होंने हाव-भाव से यह जताने की कोशिश की कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी। वे वहीं अवाक खड़े रहे और फिर डगआउट की ओर चले गए। इस मैच में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) या स्निकोमीटर का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसलिए पडिक्कल के पास वापस जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। पडिक्कल ने अपनी पारी में 248 गेंदों में 23 चौके और 3 छक्के लगाए।

भारत ए ने तीसरे दिन 8 विकेट पर बनाए 488 रन, हासिल की 284 रन की बढ़त

न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में मजबूत की अपनी स्थिति



टेस्ट में पडिक्कल की तीसरे नंबर पर जगह पक्की

श्रीलंका में लगातार दो टेस्ट शतक लगाने के बाद पडिक्कल ने तीसरे नंबर पर अपनी जगह लगभग पक्की कर ली थी, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला से पहले टीम प्रबंधन ने फिट हो चुके साई सुदर्शन को भी आजमाना चाहा, जिन्होंने प्रभावशाली 91 रन बनाए। उन्होंने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 210 रन की साझेदारी की। सुदर्शन ने अपनी 184 गेंदों की पारी में 12 चौके लगाए, लेकिन दोनों बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से पडिक्कल अपने शॉट चयन और पारी को गति देने के तरीके में अधिक बेहतर नजर आए। पडिक्कल ने शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेला और बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स के खिलाफ अपने पैरों का इस्तेमाल किया, जिन्हें उन्होंने अपने तीन छक्कों में से दो छक्के मारे। अपने पहले छक्के से उन्होंने शतक भी पूरा किया।

पडिक्कल और राठौड़ की 142 रन की साझेदारी

पडिक्कल को यश राठौड़ (72 गेंदों में 66 रन) के रूप में अच्छा सहयोगी मिला। इन दोनों ने मिलकर 142 रन की साझेदारी की। पडिक्कल ने लेनोक्स की गेंद पर अपना दूसरा छक्का लॉन्ग-ऑन के ऊपर मारा और फिर तेज गेंदबाज फ्रेजर शीट की गेंद पर स्क्वायर लेग के ऊपर से एक और छक्का लगाया। जब पडिक्कल और राठौड़ आउट हुए तब भारत की बढ़त 165 थी, लेकिन वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 51) ने अंशुल कंबोज (23) के साथ 41 रन की साझेदारी की और फिर औकिब नबी (38) के साथ 69 रन और जोड़े।

खबर संक्षेप



आज भारत-बांग्लादेश मैच का हाल सुनाएंगे भोपाल के दामोदर

भोपाल। नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, मप्र में कार्यरत दामोदर प्रसाद आर्य, हीरो मेन्स एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी स्पर्धा में भारत-बांग्लादेश के मध्य खेले जाने वाले मैच का आकाशवाणी से आंखों देखा हाल सुनाएंगे। ये मुकाबला ओलिंपियन सुरजीत सिंह हॉकी स्टेडियम, जालंधर (पंजाब) में मंगलवार 27 अक्टूबर को शाम 7 बजे से खेला जायेगा. जिसका प्रसारण आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों द्वारा किया जाएगा। श्रोता मैच की कमेंट्री न्यूज ऑन एयर ऍप पर भी सुन सकेंगे। बता दें कि दामोदर, अभी तक हॉकी खेल में ओलिंपिक, वर्ल्ड कप, एशियन गेम्स, एशिया कप, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जैसे वर्ल्ड लेवल के आयोजनों में कमेंट्री कर चुके हैं। हाल ही में उन्होंने राजगीर (बिहार) में सम्पन्न एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के फाइनल मैच का हाल सुनाया था।

शादाब खान ने 9 विकेट गिरने के बाद पलटा मैच



लाहौर। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच वनडे मुकाबले में ऐसा रोमांच देखने को मिला, जिसने क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर दिया। 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान ने 154 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन शादाब खान ने आखिरी विकेट के लिए हारिस रऊफ के साथ मिलकर मैच का रुख बदल दिया। शादाब 96 गेंदों में 113 रन बनाकर नाबाद लौटे और पाकिस्तान को एक विकेट से जीत दिला दी। शादाब की इस शानदार पारी में 13 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। दूसरी ओर, हारिस रऊफ ने दूसरे छोर पर टिककर उनका साथ दिया। दोनों के बीच हुई साझेदारी ने पाकिस्तान को मुश्किल परिस्थिति से निकालकर जीत तक पहुंचा दिया।

आरएनटीयू की वेटलिफ्टिंग टीम मेहसाणा रवाना



भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की महिला वेटलिफ्टिंग टीम वेस्ट ज़ोन अंतर विश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेने के लिए आज सांकलचंद पटेल विवि, मेहसाणा, गुजरात रवाना हो गई। यह प्रतियोगिता 27 से 31 अक्टूबर तक होगी। मुस्कान शेख, बीपीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। वह 61 किलोग्राम भार वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करेंगी। वहीं, बीपीईएस प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी बेलदार 69 किलोग्राम भार वर्ग की व्यक्तिगत स्पर्धा में हिस्सा लेंगी। टीम के कोच व मैनेजर सुमित के मार्गदर्शन और नेतृत्व में प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही है।

तीसरा टी20 आज : न्यूजीलैंड के खिलाफ भुवनेश्वर और अर्शदीप पर निगाहें

सीरीज सील करने उतरेगी टीम इंडिया

एजेंसी ▸▸| वेलिंगटन

बल्लेबाजों के दम पर पहले दो मैचों में जीत हासिल करने वाली भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ मंगलवार को होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना विजय अभियान जारी रखकर अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी, जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और अर्शदीप सिंह के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय

भारत 2020 से न्यूजीलैंड में अजेय रहा है। उसने विराट कोहली की अगुवाई में तब न्यूजीलैंड को 5-0 से हराया था। इसके बाद 2022-23 में अपने अगले दौरे में भारतीय टीम ने एकमात्र ऐसा मैच जीता, जो खराब मौसम से प्रभावित नहीं हुआ था, जबकि श्रृंखला का निर्णायक मैच टाई रहा था। अब श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम सुनिश्चित करना चाहेगी कि जसप्रीत बुमराह (जिन्हें आराम दिया गया है) और हार्दिक पंड्या (जो लंबे समय से चोट के कारण बाहर हैं) की अनुपस्थिति के बावजूद उनका अजेय रिकॉर्ड बरकरार रहे।



न्यूजीलैंड के शीर्ष बल्लेबाजों पर दबाव

न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फिन एलन, टिम सीफर्ट और डैरिल मिचेल के लिए परेशानी खड़ी कर सकते हैं। इन तीनों बल्लेबाजों ने अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया है और जैसे-जैसे श्रृंखला आगे बढ़ रही है उन पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। न्यूजीलैंड की तरफ से मध्य क्रम में ग्लेन फिलिप्स ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने पहले दोनों मैच में अर्धशतक बनाया। पिछले मैच में बेवन जैकब्स ने भी अच्छी बल्लेबाजी की।

ईशान तीसरे टी20 से बाहर

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने सोमवार को कहा कि चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। पांच मैच की श्रृंखला के पहले मैच के दौरान 28 वर्षीय किशन के दाहिने पांव की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। मोर्कल ने कहा कि वह एहतियात के तौर पर तीसरे मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। मोर्कल ने कहा, 'ईशान की स्थिति अच्छी है और वह आज अभ्यास करेगा।

भारत की चुनौती आसान नहीं

क्राइस्टचर्च में खेले गए शुरुआती दो मैचों में बड़े लक्ष्य हासिल करने के बाद टीम निश्चित रूप से सही राह पर दिख रही है। भारत के लिए हालांकि चुनौती आसान नहीं है क्योंकि न्यूजीलैंड की टीम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी और इसके अलावा यहां की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना भी आसान नहीं होगा। भारतीय टीम को तीन तरफ से खुले बेसिन रिजर्व ग्राउंड पर अक्सर चलने वाली तेज हवाओं से निपटना होगा। क्या इस तरह की परिस्थितियों को देखते हुए अंतिम एकादश में कोई रणनीतिक बदलाव किया जाएगा, इस बारे में भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने कोई खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि चार साल बाद वापसी करने वाले भुवनेश्वर को बिना दबाव में आए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी लय हासिल करने की जरूरत है।

गौतम गंभीर की रणनीति कारगर

यह देखना दिलचस्प होगा कि अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन हवा और ठंड के उतार-चढ़ाव से कैसे निपटते हैं। सूर्यवंशी के लिए इस तरह की परिस्थितियां निश्चित रूप से उन्हें एक बेहतर खिलाड़ी बनाने में बहुत मददगार साबित होंगी। मुख्य कोच गौतम गंभीर की तिलक वर्मा, नमन धीर और नीतीश कुमार रेड्डी को मध्य क्रम में इस्तेमाल करने की रणनीति पहले दो मैचों में कारगर साबित हुई है। लेकिन गेंदबाजी के मामले में भारत अभी अपनी कमियों को दूर नहीं कर पाया है।

फिशर-टिकनर न्यूजीलैंड टीम में शामिल

न्यूजीलैंड की तेज गेंदबाजों के लिए कार्यभार प्रबंधन योजना के तहत लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की अनुपस्थिति भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। न्यूजीलैंड ने इन दोनों की जगह पर मैट फिशर और ब्लेयर टिकनर को टीम में शामिल किया है।

मैच का समय : भारतीय समयानुसार दोपहर 12:30 बजे

पांच विश्व रिकॉर्ड बनाए

किर्गिस्तान में भावना ने जीते दो स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

भारतीय पावरलिफ्टर भावना टोकेकर ने बिश्केक में वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग कांग्रेस द्वारा आयोजित वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते और पांच विश्व रिकॉर्ड बनाए। 75 किलोग्राम से कम वजन वर्ग में, मास्टर्स 3 आयु वर्ग (50–54 वर्ष) की 'रॉ' (बिना किसी विशेष उपकरण के) श्रेणी में, फुल पावरलिफ्टिंग और बेंच प्रेस इवेंट्स में हिस्सा लेते हुए, 54 वर्षीय भावना टोकेकर ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उनका अपना वजन 74.2 किग्रर था। उन्होंने 'रॉ' फुल पावर लिफ्टिंग के तीनों इवेंट्स स्क्वाट, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट के साथ-साथ 'ओवरऑल पावरलिफ्टिंग टोटल' में भी विश्व रिकॉर्ड तोड़े। इसके अलावा, उन्होंने उसी आयु और वजन वर्ग में 'रॉ बेंच प्रेस' इवेंट में भी एक और विश्व रिकॉर्ड बनाया।



उनके पांच विश्व रिकॉर्ड

स्क्वाट 105 किलोग्राम, जो पिछले 102.5 किलोग्राम के रिकॉर्ड से बेहतर है।
बेंच प्रेस 85 किग्रा , जो पिछले 80 किग्रा के रिकॉर्ड से बेहतर है।
डेडलिफ्ट 135 किग्रा , जो पिछले 132.5 किग्रा के रिकॉर्ड से बेहतर है।
फुल पावरलिफ्टिंग टोटल 322.5 किग्रा , जो पिछले 300 किग्रा के रिकॉर्ड से बेहतर है।
'रॉ' बेंच प्रेस 85 किग्रा, जिसने उसी आयु और वजन वर्ग में पिछले 77.5 किलोग्राम के रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

मध्यप्रदेश की रंजना यादव ने जीता स्वर्ण पदक

भोपाल। चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23 से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी रंजना यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के चौथे दिन सुबह के सत्र में आयोजित बालिका अंडर-18 वर्ग की 3000 मीटर रेस वॉक स्पर्धा में रंजना ने 13:58.57 सेकंड का प्रदर्शन दर्ज कर स्वर्ण पदक हासिल किया।



बैडमिंटन

आज से हाइलो ओपन, सिंधु और लक्ष्य पर भारतीय उम्मीदें



एजेंसी ▸▸| सारब्रकेन

फ्रेंच ओपन में उपविजेता रहने के बाद पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू होने वाले 5 लाख डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी तो उनकी नजरें अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने पर होंगी। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने जुलाई में जापान ओपन का खिताब जीता था और इसके बाद पेरिस में फ्रेंच ओपन के फाइनल में जगह बनाई। हालांकि, खिताबी मुकाबले में उन्हें दक्षिण कोरिया की दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग के खिलाफ तीन गेम में हार का सामना करना पड़ा था। सिंधु महिला एकल के पहले दौर में तुर्किये की नेस्लिहान आरिन से भिड़ेंगी।

लक्ष्य का सामना जोकिम ओल्डोर्फ से

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन का सामना फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ से होगा जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त आयुष शेट्टी की भिड़ंत चीनी ताइपे के सु ली यांग से होगी। एचएस प्रणय को पहले दौर में कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। उनका मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लेनियर से होगा। किरण जॉर्ज का सामना मलेशिया के चियाम जून वेई से होगा जबकि थारुन मान्नेपल्ली की भिड़ंत फ्रांस के छठी वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव से होगी।

मिडफील्डर मनप्रीत टूर्नामेंट से बाहर, सागर को मौका

आज से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी

जालंधर। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 से ठीक पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम को झटका लगा है। अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह ट्रेनिंग के दौरान पिंडली में चोट लगने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर विवेक सागर प्रसाद को टीम में शामिल किया गया है। एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 की शुरुआत मंगलवार से होगी, जिसमें भारत अपने खिताब का बचाव करने की तैयारी कर रहा है। खिताब के लिए भारत के अलावा मलेशिया, जापान, चीन, साउथ कोरिया और बांग्लादेश की टीमें भी हिस्सा लेंगी।

भारत का पहला मैच बांग्लादेश से

भारत अपना पहला लीग मैच 27 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद भारत का मुकाबला चीन (29 अक्टूबर), जापान (30 अक्टूबर), मलेशिया (1 नवंबर) और साउथ कोरिया (2 नवंबर) से होगा। जालंधर में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक चलने वाले लीग चरण के बाद, टूर्नामेंट मोहाली के 'ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम' में शिफ्ट हो जाएगा। यहां 4 और 5 नवंबर को सेमीफाइनल और मेडल के लिए मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के इस नौवें संस्करण में हिस्सा लेने वाली टीमों में से, भारत (जिसने रिकॉर्ड पांच बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीती है) के अलावा केवल साउथ कोरिया ने यह ट्रॉफी अपने नाम की है।

एमपीटी न्यू थिंक ने जीता एमपी टूरिज्म कर्मचारी एकता क्रिकेट टूर्नामेंट 2026

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

मप्र राज्य पर्यटन अधिकारी एवं कर्मचारी महासंघ के तत्वावधान में आयोजित एमपी टूरिज्म कर्मचारी एकता क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का समापन 26 अक्टूबर को पुलिस ग्राउंड, नेहरू नगर में हुआ। प्रतियोगिता में मप्र पर्यटन विभाग की 8 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में एमपीटी न्यू थिंक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एमपीटी फाइनेंस को 24 रन से पराजित कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में एमपीटी फाइनेंस, एमपीटी बिजनेस, एमपीटी इन्वेस्टमेंट प्रमोशन, एमपीटी मार्केटिंग, एमपीटी न्यू थिंक, एमपीटी इंजीनियर, एमपीटी इवेंट्स एवं एमपीटी एचआर की टीमों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के अंतिम दिन सेमीफाइनल मुकाबलों में एमपीटी बिजनेस, एमपीटी फाइनेंस, एमपीटी इन्वेस्टमेंट प्रमोशन एवं एमपीटी न्यू थिंक की टीमों ने भाग लिया। इन मुकाबलों के बाद एमपीटी न्यू थिंक और एमपीटी फाइनेंस ने फाइनल में जगह बनाई।



एमपीटी फाइनेंस की 24 रन से हार

फाइनल मुकाबले में एमपीटी न्यू थिंक ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 120 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमपीटी फाइनेंस की टीम 94 रन ही बना सकी। इस प्रकार एमपीटी न्यू थिंक ने 24 रन से जीत दर्ज करते हुए प्रतियोगिता की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर महासंघ के अध्यक्ष, महाप्रबंधक एवं उप महाप्रबंधक द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

रोमांचक मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से चटाई धूल

एमबाप्पे ने मैड्रिड के लिए पूरे किए 100 गोल

एजेंसी ▸▸| मैड्रिड

ला लीगा के मुकाबले में रियल मैड्रिड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-1 से शिकस्त दी। मैड्रिड के जीत के नायक किलियन एमबाप्पे रहे, जिन्होंने इस मुकाबले में 2 गोल दागते हुए क्लब की ओर से अपने 100 गोल भी पूरे किए।

मैच की शुरुआत जूड बेलिंगहम के शानदार खेल से हुई। उन्होंने बेहतरीन तरीके से गेंद को घुमाते हुए अर्दा गुलेर को पास दिया, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। इसके बाद किलियन एमबाप्पे ने चतुराई दिखाते हुए गेंद को पाउ कुबारसी के पास से निकाल दिया, जिससे मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी।



पहले हाफ में रियल मैड्रिड का दबदबा

पहले हाफ में रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को ज्यादा मौके नहीं दिए और उसके हमलों को अच्छी तरह रोके रखा। मैड्रिड के 1-0 की बढ़त लेने से पहले अर्दा गुलेर को भी दो अच्छे मौके मिले थे। मैच के सिर्फ चार मिनट बाद उनका पहला शॉट गोल पोस्ट से कुछ सेंटीमीटर दूर निकल गया। 14 मिनट बाद उन्हें दूसरा मौका मिला, जिसे जोन गार्सिया ने बचा लिया। 41वें मिनट में मैड्रिड की टीम ने शानदार तालमेल दिखाते हुए गोल का सूखा खत्म किया। यान डायोमांडे ने एक बेहतरीन क्रॉस दिया। हालांकि, गेंद को क्लियर करने की कोशिश में जेरार्ड मार्टिन से टकराकर गेंद एमबाप्पे के पास चली गई, जिन्होंने अपनी दाएं पैर से उसे गोल में पहुंचा दिया।

मोरिन्हो की टीम ने किया 'एल क्लासिको' अपने नाम

88वें मिनट में जोस मोरिन्हो की टीम ने एक शानदार मूव के जरिए 'एल क्लासिको' अपने नाम कर लिया। इसकी शुरुआत जूड बेलिंगहम के बेहतरीन रूलेट मूव से हुई। उन्होंने गेंद अर्दा गुलेर को दी, जिन्होंने आगे एडुआर्डो कामाविंगा के लिए मौका बनाया। कामाविंगा ने पाउ कुबार्सी को चकमा देते हुए गेंद किलियन एमबाप्पे तक पहुंचाई। एमबाप्पे ने बिना गलती किए गेंद को गोल में डाल दिया और रियल मैड्रिड के लिए अपने 100 गोल पूरे कर लिए। इस गोल के बाद मैच के अंतिम क्षणों तक मैड्रिड ने अपनी बढ़त बनाए रखी। आखिरकार टीम ने कैंप नोउ में 2-1 की जीत दर्ज करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए।

रावतपुरा सरकार के सानिध्य में लाल परेड मैदान में हुआ आयोजन

एक करोड़ कुंकुमार्चन महाअनुष्ठान, हजारों श्रद्धालुओं ने की मां राजराजेश्वरी की आराधना

1100 आचार्यों के वैदिक मंत्रों से गूंजा परिसर, मंत्री-विधायकों सहित श्रद्धालुओं ने किया अर्चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





राजधानी भोपाल के लाल परैड मैदान पर सोमवार को शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सबसे बड़ा धार्मिक अनुष्ठान हुआ। राजराजेश्वरी कोटि हरिद्रा कुमकुम अर्चन के आयोजन में श्री रविशंकर जी महाराज(रावतपुरा सरकार) ने मंत्रों का उच्चारण कराकर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया। एक करोड़ पूजन अर्चन हुए। इसमें नेपाल के रुद्राक्ष,केरल के 1100 चांदी के सिक्के समेत 238 तरह की सामग्री लगी।

31 क्विंटल रुद्राक्ष,100 क्विंटल पिसी हुई हल्दी,11 क्विंटल कुमकुम,11000 सूरत की साड़ियां के अलावा देश के जिन शहरों में जो प्रसिद्ध है,वहां के फल,मेवा-मिष्ठान,मिठाइयां सहित पूजन सामग्री देश के अलग-अलग राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने मां राजराजेश्वरी को अर्पित कर भोपाल,मप्र व देश में सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, मंत्री प्रहलाद पटेल,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी,गोविंद सिंह,विश्वास सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

दीपकों व विद्युत साज-सज्जा से जगमग हुआ मैदान

लाल परैड मैदान पर दोपहर दो बजे से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था, शाम 7 बजे रावतपुरा सरकार ने अर्चन शुरू कराया । इस कार्यक्रम में भोपाल,मप्र,छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग राज्यों से आए हजारों श्रद्धालु उमड़े। इसके लिए मैदान पर झांसी से मंगवाए गए 1 लाख कलश,दीपक मंगवाए गए थे। 20 हजार कलशों के ऊपर रखे दीपकों को जलाया गया। इससे मैदान दीपों की रोशनी से जगमग हो गया। वहीं मैदान की की गई विद्युत साज-सज्जा देखते ही बनी।

कालसर्प दोष, पितृदोष, सर्व बाधा हरने की मनोकामना

सुख, शांति, समृद्धि, लक्ष्मी-प्राप्ति सहित कालसर्प दोष, पितृदोष, सर्व बाधा हरने वाला एवं मनोकामना पूर्ण करने वाला कलयुग का सबसे प्रभावी अनुष्ठान रावतपुरा सरकार ने संपन्न कराया। विराट स्वरूप में होने वाले इस दिव्य और भव्य अर्चन की तैयारियां भोपाल भक्त मण्डल ने एक माह पूर्व से ही शुरू कर दी थीं। श्री ललिता सहस्त्रनामावली में उल्लेखित मां के एक हजार नाम रूपी वैदिक मंत्रो का उच्चारण कर श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट, वाराणसी, प्रयाग, वृन्दावन, उज्जैन के आचार्यों इस अनुष्ठान को सम्पन्न कराया।

ढोल-नगाड़ों और शंखध्वनि से हुआ स्वागत





महाराज श्री रावतपुरा सरकार के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के दौरान उज्जैन से आए 51 पंडितों ने ढोल-नगाड़ों, डमरू, शंख और झालरों की ध्वनि के बीच उनका स्वागत किया। सायं सात बजे शुरू हुआ यह दिव्य अनुष्ठान मां राजराजेश्वरी के एक करोड़ अर्चन के संकल्प की पूर्ति के बाद मंगल आरती के साथ संपन्न हुआ।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोशल मीडिया विभाग की कार्यशाला

सोशल मीडिया के जरिए संगठन-सरकार के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं : डॉ. मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कांग्रेस हमेशा से लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करती रही है। पार्टी कार्यकर्ता सोशल मीडिया के माध्यम से तथ्यों के साथ कांग्रेस की असलियत जनता को बताएं। भाजपा कायकर्ता लोकतंत्र के सच्चे सिपाही हैं और लोकतंत्र को बचाने के लिए काय कर रहे हैं। कायकर्ता डिजिटल माध्यमों से सरकार और पाटी के कार्यों व विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काय करें। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के, सह संयोजक शिवानंद द्विवेदी ने संबोधित किया।



- मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी, प्रदेश संगठन महामंत्री हुए शामिल

आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्रांति का युग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल क्रांति का युग है। सोशल मीडिया के माध्यम से हम अपने विचारों, संस्कारों और सकारात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचा सकते हैं। सोशल मीडिया कुछ ही मिनटों में किसी विषय को व्यापक चर्चा का केंद्र बना सकता है, इसलिए हमें तथ्यों के साथ संगठन की बात व सरकार के कार्यों को सोशल मीडिया के सहारे जनता तक पहुंचाएं। कांग्रेस देश में अराजकता फैलाकर सत्ता में आना चाह रही है। कांग्रेस पहले भी देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र का गला घोंट चुकी है। सत्ता के बिना बेचैन कांग्रेस एक बार फिर देश के लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं को कठघरे में खड़ा कर रही है। कांग्रेस जब-जब सत्ता से बाहर होती है, संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल उठाती है।

भाजपा राष्ट्रनीति और विचारधारा के लिए कार्य करती है : चंद्रशेखर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि हमारी पार्टी राजनीति नहीं राष्ट्रनीति के लिए कार्य करती हैं। भाजपा कार्यकता व्यक्ति नहीं विचारधारा के लिए कार्य करते हैं। कांग्रेस पार्टी भारत में वंशवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं का भारतीय संस्कृति और परंपराओं से कोई लेना-देना नहीं है।

सोशल मीडिया राजनीति का अभिन्न अंग बन चुका है : दीपक म्हस्के

भाजपा सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक दीपक म्हस्के ने कहा कि मप्र संगठन की दृष्टि से देश के सशक्त राज्यों में शामिल है। प्रदेश में सोशल मीडिया के क्षेत्र में भी नए प्रयोग हुए हैं और दूसरे राज्यों ने यहां के अनुभवों से सीख ली है।

स्थानीय मुद्दों के जरिए प्रभावी नैरेटिव गढ़ें सोशल मीडिया कार्यकर्ता : शिवानंद द्विवेदी

भाजपा सोशल मीडिया के राष्ट्रीय सह-संयोजक शिवानंद द्विवेदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर नैरेटिव की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे तथ्यों को समझकर भ्रामक नैरेटिव का तथ्यात्मक जवाब दें।

सोशल मीडिया कार्यकर्ता प्रभावी नैरेटिव निर्माण में निभाएं भूमिका: निशांत खरे

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे ने कहा कि प्रदेशभर में निकलने वाली पदयात्राओं और अभियानों में हम प्रत्यक्ष सहभागी होते हैं, लेकिन सोशल मीडिया से इन अभियानों की पहुंच लाखों लोगों तक बनाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है।

विपक्ष के भ्रामक प्रचार का तथ्यों और तर्कों से जवाब दें कार्यकर्ता : खण्डेलवाल



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि आज सोशल मीडिया जनसंवाद और जनमत निर्माण का प्रभावी माध्यम है। विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर भ्रम फैलाकर गलत नैरेटिव स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे तथ्यों, तर्कों और प्रमाणिक जानकारी के साथ विपक्ष के आरोपों का जवाब दें तथा केंद्र और प्रदेश सरकार के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से जनता के सामने रखें।

कांग्रेस का असली मकसद देश के टुकड़े टुकड़े करना है : बिप्लब कुमार देब



भाजपा राष्ट्रीय महासचिव बिप्लब कुमार देब ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का असली मकसद देश के टुकड़े-टुकड़े करना है। मंदिरों के खिलाफ बोलने वाले, कांग्रेस पार्टी के एक नेता आज यात्रा निकाल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी में न नेता बचे हैं और न ही संगठन। कांग्रेस पार्टी में सभी नेताओं की अपनी-अपनी राय होती है, उस पार्टी की अपनी कोइ विचारधारा नहीं है। सोशल मीडिया के सभी कार्यकर्ताओं को तथ्यों और तर्कों के साथ सरकार और संगठन के कार्यों को जनता तक पहुंचाना है और जनता को कांग्रेस की सच्चाई से भी अवगत कराना है।

स्थापना दिवस पर 102 मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी श्रीकृष्ण छात्रवृत्ति



भोपाल। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के 102 मेधावी छात्र-छात्राओं को भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति से सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एक नवंबर को चयनित विद्यार्थियों को एक-एक लाख रुपए की छात्रवृत्ति और प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। संस्कृति विभाग के अंतर्गत श्रीकृष्ण पाथेय न्यास की ओर से संचालित इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, भारतीय ज्ञान परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा, परिश्रम और ज्ञान के प्रति समर्पण विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेकर जीवन में नई ऊंचाइयां प्राप्त करने और मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया।

ऑनलाइन प्रतियोगिता में 63 हजार से अधिक पंजीयन

श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी के अनुसार, छात्रवृत्ति योजना के तहत ऑनलाइन प्रतियोगिता 11 अगस्त से 30 सितंबर तक आयोजित की गई। इसमें प्रदेशभर से 63,736 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जबकि 58,099 प्रतिभागियों ने प्रश्नपत्र हल किया। प्रतियोगिता से संबंधित वेबसाइट पर 7,94,700 से अधिक अद्वितीय विजिट दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि मेरिट सूची के बाद लॉटरी से विद्यार्थियों का चयन होगा।

सबसे ज्यादा प्रकरण कर्नाटक के 11 पाए गए

सोनभद्र में ट्रस्ट, रीवा के एक कमरे में अड्डा

नौ महीने में आठ राज्यों में 11 करोड़ रु. की ठगी

मप्र की धार्मिक संस्था सत्य सनातन को साझेदार बनाकर चल रहा था ठगी का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रीवा



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

सत्य सनातन ट्रस्ट की आड़ में नौ महीने में आठ राज्यों में 11 करोड़ की ठगी की गई। इनमें कर्नाटक में की सबसे ज्यादा वारदात हुई। यह खेल मप्र की एक संस्था का साझीदार बनाकर किया जा रहा था। 2.37 करोड़ सत्य सनातन के खाते में, शेष रकम दूसरे खातों में भिजवाई गई। इस दरम्यान साइबर पोर्टल पर जो 35 मामले दर्ज हुए उसमें सबसे ज्यादा प्रकरण कर्नाटक के 11 पाए गए। सोनभद्र के पते पर खोली गई संस्था के जरिए की जा रही ठगी का पता न चलने पाए इसके लिए रीवा में एक कमरे से ठगी का कारोबार शुरू किया गया और वहीं से बैठकर ओटीपी के जरिए साइबर ठगी का धंधा चलाया जाता रहा।

दो साल से ठगी का खेल

पुलिस गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों ने ठगी का यह खेल दो साल पहले शुरू किया था। पटना के किसी फाउंडेशन से जुड़कर ठगी का गुर सीखा। सोनभद्र एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि जांच में धार्मिक नाम पर ट्रस्ट बनाकर यूपी, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, असम, मप्र, यूपी, पश्चिम बंगाल और राजस्थान के लोगों से ठगी किए जाने की जानकारी मिली है। अभी ऐसे 35 मामले सामने आए हैं। ठगी के इस खेल में कई दूसरी संस्थाओं के भी शामिल होने की बात पता चली है। उनके बारे में भी जरूरी मालूमात हासिल किए जा रहे हैं।





हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930